

सुबह हो या शाम
रोज कीजिए योग
निकट नहीं आएगा
कोई रोग

01
अर्ध चन्द्रासन

# दैनिक सत्ता सुधार

जनता के साथ जनता की आवाज

दतिया ■ गुरुवार 13 जून 2024 ■ वर्ष -19 ■ अंक-226 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य- ₹03


**सुविचार**

मन एक भीरु शत्रु है जो सदैव पीठ के पीछे से वार करता है।
- मुंशी प्रेमचंद



## कुवैत के अपार्टमेंट में लगी भीषण आग, कई भारतीयों की मौत

### पीएम मोदी ने लिया एक्शन, सहायता के लिए मंत्री को भेजा विदेश

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

कुवैत में एक इमारत में भीषण आग में कई लोगों की मौत हो गई है। खबर है कि इनमें से कई भारतीय भी शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार सुबह कुवैत के दक्षिणी अहमदी प्रांत के मंगफ इलाके में छह मंजिला इमारत की रसोई में आग लग गई थी। जिस इमारत में यह भीषण आग लगी, उसमें 160 लोग मौजूद थे और सभी एक ही संस्थान में काम करते हैं। बताया गया है कि इन मजदूरों में कई भारत के रहने वाले थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुवैत अग्निकांड पर त्वरित कार्यवाही करते हुए विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह को कुवैत जाने का निर्देश दिया है। कुवैत में एक आवासीय इमारत में आग लगने के कारण बड़ी संख्या में भारतीयों की मौत और हताहतों की संख्या को देखते हुए पीएम मोदी ने राहत कार्यों की निगरानी एवं कुवैत सरकार के साथ समन्वय के लिए विदेश राज्य मंत्री को वहां भेजने का निर्देश दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर अपनी पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निर्देश दिया है, विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह आग त्रासदी में घायल हुए लोगों की सहायता की निगरानी करने और इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में मारे गए लोगों के शवों को शीघ्र स्वदेश वापस लाने के मकसद से स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय करने के लिए तत्काल कुवैत रवाना हो रहे हैं। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा 'कुवैत में आग की घटना से आहत हूं। इस घटना में 40 लोगों की मौत और 50 लोगों के अस्पताल में भर्ती होने की खबर है। हमारे राजदूत ने घटनास्थल पर गए थे। विदेश मंत्री ने इस हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने आशा जताई है कि जो लोग घायल हुए हैं वे जल्द ही पूर्ण स्वस्थ होंगे। बता दें कि कुवैत में करीब 10 लाख भारतीय रहते हैं, जिनमें से करीब 9 लाख भारतीय वहां काम करते हैं।

#### हेल्पलाइन नंबर जारी

कुवैत स्थित भारतीय दूतावास ने इसे लेकर हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। दूतावास का कहना है कि इस अग्निकांड में भारतीयों की मौत के संबंध में जानकारी हासिल करने के लिए +965-65505246 हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। दूतावास की तरफ से हर संभव मदद का एलान किया गया है।

### ब्रीफ न्यूज

#### मप्र लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी बने नए सेना प्रमुख

**नई दिल्ली।** लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी को देश के नए सेना प्रमुख नियुक्त किया। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी को 30 जून को पदभार संभालने वाले है। द्विवेदी वर्तमान में उप सेनाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। वर्तमान सेनाध्यक्ष जनरल मनोज सी पांडे 30 जून को पदमुक्त हो रहे हैं। दरअसल, मौजूदा सेना प्रमुख जनरल पांडे का कार्यकाल 31 मई को पूरा हो रहा था लेकिन 30 जून तक का एक्सटेंशन दे दिया गया था।



#### इटली में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा तोड़ी

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी के इटली दौरे से पहले एक शर्मनाक घटना सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बुधवार को खालिस्तानी चरमपंथियों ने उद्घाटन के कुछ ही देर बाद ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा तोड़ी गई। इस मामले को विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने इटली के अधिकारियों के सामने उठाया है। गांधी जी की प्रतिमा को ठीक कर दिया गया है। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के निमंत्रण पर जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रवाना होंगे।

#### गैंगस्टर जयेश ने लगाए पाकिस्तान समर्थक नारे वकीलों ने की पिटाई

**बंगलूरू।** कर्नाटक की जेल में बंद गैंगस्टर जयेश पुजारी ने कोर्ट के बाहर पाकिस्तानी समर्थक नारे लगाए। पुलिस ने बताया कि पाकिस्तानी समर्थक नारे लगाने के बाद वहां मौजूद लोगों और वकील ने की पिटाई कर दी। एक अधिकारी ने कहा कि हमें नहीं मालूम की उसने ऐसा नारा क्यों लगाया। इसकी जांच कर रहे हैं। 2018 में एक मामले की सुनवाई के लिए पुजारी को अदालत में लाया गया था। पुलिस ने बताया कि उस पर तत्कालीन अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक को धमकाने का आरोप है। उन्होंने बताया कि पुजारी एक डबल मर्डर केस का भी आरोपी है।

## चंद्रबाबू नायडू ने ली सीएम पद की शपथ, पीएम मोदी हुए शामिल

### नायडू और पवन ने प्रधानमंत्री को भगवान की प्रतिमा भेंट कर किया सम्मानित

**एजेंसी ■ विजयवाड़ा**

तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) के अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को आंध्र प्रदेश के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है। नायडू ने चौथी बार आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। शपथ लेने के बाद पीएम मोदी ने चंद्रबाबू नायडू को फूलों का गुलदस्ता देकर बधाई दी और हाथ मिलाया। चंद्रबाबू नायडू को भावुक देख पीएम ने उन्हें देर तक गले लगाया और पीठ थपथपाकर उनका हौंसला बढ़ाया।

शपथ ग्रहण में चंद्रबाबू नायडू के अलावा, पवन कल्याण, नायडू के बेटे नारा लोकेश और कई मंत्रियों को राज्यपाल एस अब्दुल नजीर ने शपथ दिलाई। नायडू के शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी, जेपी नड्डा भी शामिल हुए। उनके अलावा कई फिल्मी सितारे भी समारोह में शामिल हुए। आंध्र विधानसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन करने वाले जनसेना पार्टी के चीफ और साउथ एक्टर पवन कल्याण भी वहां पहुंचे। इस दौरान पीएम मोदी ने उनसे गर्मजोशी से मुलाकात की। बुधवार 12 जून को विजयवाड़ा में सीएम चंद्रबाबू नायडू का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। इसमें पीएम मोदी सहित कई राजनीतिक हस्तियां शामिल हुईं। वहीं फिल्मी सितारे भी आए। साउथ सुपरस्टार रजनीकांत भी शामिल हुए। उनके अलावा अभिनेता व पवन कल्याण के भाई चिरंजीवी भी नजर आए। समारोह के दौरान सीएम नायडू और पवन कल्याण ने पीएम मोदी को भगवान की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनावों में पवन कल्याण की पार्टी ने शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने पीथापुरम सीट से चुनाव जीता है। उनकी इस ऐतिहासिक जीत की पीएम मोदी तारीफ कर चुके हैं। बीते दिनों एनडीए की बैठक में पीएम मोदी ने पवन कल्याण की तारीफ करते हुए कहा था, ये पवन, पवन नहीं आंधी हैं। आज शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी ने पवन कल्याण से मुलाकात के दौरान उनकी पीठ थपथपाई। शपथ ग्रहण समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी ने सीएम नायडू और पवन कल्याण को राज्य में उनकी नई भूमिकाओं के लिए बधाई दी। बता दें कि हाल के विधानसभा चुनाव में नायडू की तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) ने बहुमत हासिल किया है। यह चुनाव उन्होंने एनडीए के साथ मिलकर लड़ा था जिसमें उन्हें जबरदस्त सफलता मिली है। पांच साल बाद राज्य की सत्ता में वापसी करते हुए चंद्रबाबू नायडू एक बार फिर मुख्यमंत्री बन गए हैं।



#### सीएम यादव, मांझी के शपथ समारोह में हुए शामिल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवा को भुवनेश्वर में ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी के शपथग्रहण समारोह में शामिल हुए। पीएम नरेद्र मोदी भी इस समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री से सौजन्य भेंट कर उनका अभिवादन किया। डॉ. यादव ने ओडिशा के मुख्यमंत्री मांझी से भेंट कर बधाई और मंगलकामनाएं दीं। सीएम डॉ. यादव ने भुवनेश्वर प्रवास में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. मानिक शाह से भी भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंट का मुख्यमंत्री द्वय का अभिनंदन किया। डॉ. यादव ने भुवनेश्वर में अन्य प्रांतों से आए प्रमुख जन से भेंट एवं चर्चा की।



#### ओडिशा में मोहन माझी ने बीजेपी के पहले मुख्यमंत्री के रूप में ली शपथ

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में पहली बार भाजपा की सरकार बनी। क्योंझर से विधायक मोहन चरण माझी ने बुधवार भाजपा के पहले मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। उनके साथ केवी सिंह देव और प्रभाती परिदा ने राज्य के उप मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इसी के साथ ओडिशा में पहली बार एक सीएम, दो डिप्टी सीएम और 13 मंत्रियों की सरकार बनी। शपथ ग्रहण समारोह शाम 5 बजे शुरू हुआ। इस कार्यक्रम को भुवनेश्वर के जनता मैदान में आयोजित किया गया। ओडिशा के मुख्यमंत्री के तौर पर मोहन चरण मांझी के शपथ समारोह में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भुवनेश्वर पहुंचे। एयरपोर्ट पर ओडिशा के राज्यपाल रघुबर दास और स्वयं मोहन चरण मांझी ने पीएम मोदी का स्वागत किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ और गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल भी शपथ समारोह में मौजूद रहें। पूर्व सीएम नवीन पटनायक भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।



#### रजनीकांत-चिरंजीवी से मिले नड्डा

समारोह में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा भी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सुपरस्टार रजनीकांत और चिरंजीवी से मुलाकात की। इस दौरान केरल में पहली बार कमल खिलाने वाले अभिनेता सुरेश गोपी भी नजर आए। सुरेश गोपी ने केरल से भाजपा के टिकट पर लोकसभा चुनाव जीता है।

## मुस्लिम आरक्षण पर बीजेपी से अलग एनडीए सहयोगी



**एजेंसी ■ मुंबई**

अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने बुधवार को कहा कि वह मुसलमानों को शिक्षा में आरक्षण दिए जाने के मुद्दे पर अडिग है। तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) के बाद ऐसा कहने वाली एनसीपी दूसरी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सहयोगी है। गौरतलब है कि राज्य में भाजपा के साथ गठबंधन में होने के बावजूद मुस्लिम आरक्षण जैसे मुद्दे पर चंद्रबाबू नायडू ने अपना अलग रुख रखा और मुस्लिम आरक्षण की पैरवी की। उन्होंने खुलकर कहा कि हम शुरू से ही मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण का समर्थन कर रहे हैं और यह जारी रहेगा। अब एनसीपी ने भी इसकी खुलकर मांग की है। एनसीपी के मुख्य प्रवक्ता उमेश पाटिल ने कहा कि प्रगतिशील विचारधारा केवल आरक्षण देने के लिए नीतियां बनाने तक सीमित नहीं है। यह समानता का विचार है। मुसलमानों को 5 प्रतिशत आरक्षण देने के हमारे फैसले को उच्च न्यायालय ने स्वीकार कर लिया था। हालांकि, बाद में इस मुद्दे को टाल दिया गया। हम अपनी इस स्थिति पर अडिग हैं कि मुस्लिम समुदाय को आरक्षण मिलना चाहिए। इससे पहले अजित गुट के वरिष्ठ नेता सलीम सारंग ने भी राज्य में मुलसमानों के लिए नौकरियों और शिक्षा के अलावा राजनीतिक आरक्षण की मांग की। सारंग दशकों से मुस्लिम आरक्षण की मांग कर रहे है।

**चंद्रबाबू नायडू के बाद अजित पवार की एनसीपी ने किया समर्थन**

## अयोध्या में बीजेपी की हार वोटरों की समझदारीः शरद पवार

### मुझे लग रहा था कि राम मंदिर चुनावी एजेंडा होगा

#### इस बार भाजपा की सीट संख्या घटकर 240 रह गई

**एजेंसी ■ बारामती**

यूपी की फैजाबाद लोकसभा सीट से भाजपा की हार के अब तक के चर्चे हैं। इसकी वजह यह है कि इसी लोकसभा सीट के तहत अयोध्या भी आता है, जहां राम मंदिर बना है। राम मंदिर का जिक्र भाजपा के नेता लगातार अपने भाषणों में कर रहे थे और उसकी चर्चा थी। ऐसे में अयोध्या की हार ने भाजपा समेत सभी को हैरान किया है। अब एनसीपी के नेता शरद पवार ने भी इस पर टिप्पणी की है और इस नतीजे को



अयोध्या के वोटरों की समझदारी करार दिया है। उन्होंने कहा कि अयोध्या के लोगों ने भाजपा के उम्मीदवार को हराकर दिखाया है कि मंदिर की राजनीति को कैसे ठीक किया जाए।

पवार ने बारामती में एक बैठक में कहा कि भाजपा ने पांच साल पहले 300 से अधिक सीट हासिल की थी, लेकिन इस बार उसकी सीट संख्या घटकर 240 रह गई जो बहुमत से काफी कम है। उन्होंने कहा, 'मुझे लग रहा था कि राम मंदिर चुनावी एजेंडा होगा और सत्तारूढ़ दल को वोट मिलेंगे, लेकिन हमारे देश के लोग काफी समझदार हैं।' पवार ने कहा कि जब लोगों को एहसास हुआ कि मंदिर के नाम पर वोट मांगे जा रहे हैं तो उन्होंने अलग रुख अपनाने का फैसला किया और भाजपा को हार का सामना करना पड़ा।

## मोदी 3.0 सरकार का पहला पूर्ण बजट जुलाई में आएगा!

### महिलाओं-किसानों और युवाओं के लिए सरकार खोल सकती है खजाना

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

मोदी 3.0 सरकार का पहला पूर्ण बजट जुलाई के पहले या तीसरे सप्ताह में आ सकता है। पहले पूर्ण बजट में महिलाओं-किसानों और युवाओं के लिए सरकार खजाना खोल सकती है। युवाओं के लिए रोजगार बढ़ाने के नए उपाय बजट में दिखाई दे सकते हैं, तो महिलाओं को लखपति बनाने की भाजपा की योजना को आगे बढ़ाने के लिए सरकार भारी निवेश की घोषणा कर सकती है। केंद्र सरकार ने 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के इलाज के लिए बड़ी घोषणा भी कर सकती है। इसके लिए एक माह का सत्र बुलाया जा सकता है। चुनावी वर्ष होने के कारण फरवरी माह में सरकार ने अंतरिम बजट पेश किया था जिसमें किसी बड़ी घोषणा से दूरी बरती गई थी। युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार एक बार फिर सड़क परिवहन, बंदरगाह, रेल, विभिन्न शहरों में मेट्रो, मोनोरेल और हवाई अड्डों के विकास को अपनी प्राथमिकता में रख सकती है। स्टार्टअप और स्किल इंडिया के विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए विकास देना सरकार की प्राथमिकता रह सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, आयकर छूट की सीमा पहले ही काफी अधिक है, लिहाजा इसे और ज्यादा बढ़ने की संभावना नहीं है।



#### ग्रीन बजट पर रहेगा जोर

प्रधानमंत्री ने देश के एक करोड़ घरों पर सोलर पैनल लगाकर सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य रखा है। इससे सौर ऊर्जा सेक्टर में तेजी आ सकती है, तो लोगों को स्वच्छ हरित ऊर्जा प्राप्त करने में भी मदद मिल सकती है।

**वेलकम** — वायनाड पहुंचे राहुल गांधी का भव्य स्वागत, चुनाव नतीजों को लेकर कहा-

## भारत की जनता ने बता दिया संविधान हमारी आवाज है, इसे न छुएं

**एजेंसी ■ तिरुवनंतपुरम**

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को वायनाड क्षेत्र से भारी अंतर से जीत मिली। इस जीत के बाद उन्होंने उत्तरी केरल में बुधवार को एक रोड शो किया। लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद राहुल का केरल में पहला दौरा है। राहुल के रोड शो में शामिल होने के लिए हजारों की संख्या में यूडीएफ के कार्यकर्ता और समर्थक एडवन्ना में एकत्रित हुए। इससे पहले कोझिकोड एयरपोर्ट पर उनका शानदार स्वागत किया गया।




रोड शो में एक रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने लोकसभा के नतीजों को लेकर पीएम मोदी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केरल, उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यह दिखा दिया कि वे भारत के नागरिकों को यह निर्देश नहीं दे सकते कि उन्हें क्या करना चाहिए। भारत की जनता भी पीएम मोदी से कहती है कि संविधान हमारी आवाज है, इसे न छुएं। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि इस देश का इतिहास और परंपरा हमारे संविधान द्वारा संरक्षित है। राहुल गांधी ने भाजपा के नेताओं को भी घेरा। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले, आपने भाजपा के नेताओं को यह कहते हुए देखा होगा कि वे संविधान को फाड़ देंगे। चुनाव के बाद आपने प्रधानमंत्री को संविधान को अपने माथे से लगाते हुए देखा। उन्होंने आगे कहा कि सच तो यह है कि प्रधानमंत्री वाराणसी में जैसे-तैसे बच गए। वाराणसी में तो वे खुद ही हार गए होते। आयोध्या में भाजपा की हार हुई। यहां के लोगों ने संदेश दिया कि वे नफरत और हिंसा के साथ नहीं हैं।

#### यह लोकसभा चुनाव संविधान को बचाने लड़ा गया

बता दें कि लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी वायनाड के साथ रायबरेली से भी चुनाव लड़ रहे थे। उन्हें दोनों सीटों पर जीत मिलीं। राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्हें भगवान से कोई संदेश नहीं मिलता है। पीएम मोदी पर तंज कसते हुए उन्होंने आगे कहा, भगवान ने पीएम मोदी को देश के सभी प्रमुख एयरपोर्ट और पावर प्लांट अदाणी को देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेरे सामने दुविधा है कि मैं वायनाड का सांसद बनूं या रायबरेली का। मैं आपसे वादा करूंगा कि वायनाड और रायबरेली दोनों ही मेरे फैसले से खुश होंगे। उन्होंने आगे कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 संविधान को बचाने के लिए लड़ा गया।

## 300 करोड़ की संपत्ति के लिए बहू ने दी ससुर की सुपारी

### खुलासाः हत्या को दुर्घटना दिखाने की रची साजिश कार से कुचलवाया



**एजेंसी ■ नागपुर**

करोड़ों की संपत्ति एक बुजुर्ग के लिए मौत की वजह बन गई है। बहू ने संपत्ति हड़पने के लिए साजिश रचकर अपने ससुर की हत्या करवा दी। यह सनसनीखेज घटना नागपुर में घटी है, जहां 82 वर्षीय व्यक्ति की हिट-एंड-रन में हुई मौत हो गई। जब जांच हुई तो जघन्य हत्या की साजिश का खुलासा हुआ है। पुलिस ने बताया कि बुजुर्ग की बहू ने 300 करोड़ की संपत्ति हासिल करने के लिए इस हत्या की साजिश रची गई थी। पुलिस ने बहू अर्चना पुत्तेवार को गिरफ्तार किया गया था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि अर्चना पुत्तेवार ने इस हत्या के लिए लोगों को काम पर रखा था और करीब 1 करोड़ रुपये की सुपारी दी। ससुर की हत्या करने के लिए कार खरीदने के लिए पैसे भी दिए थे। उसने इस हत्या को दुर्घटना में बदलने की साजिश रची थी।

## ब्रीफ न्यूज

### सीएम ने सीआरपीएफ जवान के शहीद होने पर जताया दुख

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छिंदवाड़ा जिले के सीआरपीएफ जवान कबीर उइके के जम्मू कश्मीर में आतंकी मुठभेड़ में शहीद होने पर खेद व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने बाबा महाकाल से शहीद जवान की पुण्य आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने और परिजनों को यह गहन दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। उल्लेखनीय है कि छिंदवाड़ा जिले के ग्राम पुलपुलडोह थाना बिछुआ के कबीर उईके जम्मू कश्मीर में सीआरपीएफ में तैनात थे। मंगलवार रात कठुआ में आतंकी मुठभेड़ में गोली लगने से वे घायल हो गए, उन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया परंतु उन्हें बचाया नहीं जा सका।

### उपचुनाव के लिए कल से होगी नामांकन प्रक्रिया शुरू

**भोपाल।** छिंदवाड़ा जिले की अमरवाड़ा विधानसभा में उपचुनाव के लिए नामांकन पत्र भरे जाने की प्रक्रिया 14 जून से शुरू होगी। 21 जून नाम निर्देशन पत्र भरे जाने की अंतिम तारीख रहेगी। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 24 जून को की जायेगी। 26 जून नाम वापसी की अंतिम तारीख रहेगी। मतदान 10 जुलाई को होगा। मतगणना 13 जुलाई को होगी। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय चुनाव आयोग ने छिंदवाड़ा जिले की अमरवाड़ा विधानसभा में होने वाले उप चुनाव के लिए 10 जून को तारीख की घोषणा कर दी है। उप चुनाव के तारीखों की घोषणा के साथ ही अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है।

### अक्षय बम के कॉलेज पर पांच लाख रुपए का जुर्माना


**भोपाल।** इंदौर में हुए एमबीए पेपर लीक मामले में दो प्राइवेट कॉलेजों पर कार्रवाई की गई है। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के एमबीए फर्स्ट सेमेस्टर के पेपर के लीक होने पर विश्वविद्यालय कार्यपरिषद ने भाजपा नेता अक्षय बम के आयडलिक कॉलेज पर पांच लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। इसके साथ कॉलेज को तीन साल तक एग्जाम सेंटर नहीं बनाया जाएगा। संघवी कॉलेज में भी गड़बड़ी मिली है और अब इसे भी आगे एग्जाम सेंटर नहीं बनाया जाएगा। पुलिस ने इस मामले में कम्प्यूटर आपरेटर और दो छात्रों को गिरफ्तार किया था। पेपर प्रिंसिपल के ऑपरेटर दीपक सोलंकी ने प्रिंसिपल रूम से बंडल की सील को तोड़कर पेपर निकाले फिर फोटो खींचकर छात्र गौरव को दो हजार में बेच दिए थे। गौरव ने पेपर धीरेंद्र को भेजा तो यह वायरल हो गया।

### हवाई सेवा से जुड़ेंगे मध्य प्रदेश के आठ शहर

**भोपाल।** प्रदेश के 8 शहरों को हवाई सेवा से जोड़ने के लिए पीएमश्री पर्यटन वायुसेवा का शुभारंभ भोपाल से गुरुवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। इन शहरों में भोपाल, इंदौर, जबलपुर, रीवा, उज्जैन, ग्वालियर, सिंगरौली एवं खजुराहो शामिल हैं। 6 सीटर वाले दो एयरक्राफ्ट इन शहरों के बीच उड़ान भरेंगे। पहली फ्लाइट भोपाल-जबलपुर-रीवा-सिंगरौली की होगी। मालूम हो कि गत 14 मार्च को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के स्टेट हैंगर से पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा का शुभारंभ किया था।

### मानस यात्रा के आठवें दिन चार नदियों के उद्गम स्थल पहुंचे मंत्री पटेल

# सफल जीवन के लिए प्राकृतिक संसाधनों को बनाएं जीवंत



सत्ता सुधार ■ भोपाल

प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण के कार्यों का सिलसिला लगातार जारी है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल अभियान के अंतर्गत मानस यात्रा के आठवें दिन चार नदियों के उद्गम स्थल पहुँचे। उनकी यात्रा का पड़ाव सीहोर जिले स्थित सिद्धिकगंज में पार्वती नदी, से होते हुए देवास जिले स्थित बागली में खारी एवं काली सिंध नदी और इंदौर जिले में स्थित चंबल, चोरल, मोरल, नखेरी, कारम, अजनार एवं गंभीर नदियों के उद्गम स्थल पर पहुंचा। नदियों के उद्गम स्थल पर पहुंच कर मंत्रीपटेल ने पूजन, वृक्षारोपण, स्वच्छता और जनसंवाद भी किया।

पटेल ने कहा कि जीवन में जो भी बहुमूल्य होता है, हम उसकी कीमत समझ नहीं पाते है। ये नदियां और इनके उद्गम बहुमूल्य होने के साथ जीवनदायी भी हैं। हमें भी इनके जीवन की रक्षा करनी होगी। प्रकृति ने जीवन यापन के लिए हर संभव उपाय दिये हैं। ये अजीब विडंबना है कि जिन प्राकृतिक संसाधनों को मनुष्य को पुष्पित और पल्लवित करना चाहिए उसने उन संसाधनों का दोहन कर उन्हें नष्ट किया है। हमें अपने जीवन के लिए इन प्राकृतिक संसाधनों को जीवंत बनाना होगा।

मंत्री पटेल ने कहा कि नदियां हमारे जीवन को उज्जवल और उन्नत करने में सहायक होती है। ग्रामीण क्षेत्र हो या शहरी क्षेत्र हर व्यक्ति को विशेष अवसर पर अपने परिजनों एवं विशेष व्यक्तियों की याद में एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देख रेख भी नियमित रूप से करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि जल स्त्रोतों के पास कौन से पौधे लगाये जायें, जो जल के स्त्रोत को प्रवाहमान बनाये रख सकें इसके लिए हमें उन पौधों की जानकारी भी हो। ऐसी सूची बनाकर लोगों तक पहुंचाएं। मंत्री पटेल ने जानकारी देते हुए कहा कि जल स्त्रोतों के पास बहेड़ा, हर, आम, महुआ, नीम, खिन्नी, सेमर, बांस, बेल, केत आदि प्रकार के पेड़ लगाये जाना चाहिए।

# उपचुनाव का बिगुल बजते ही शुरू हुआ दांव-पेंच का दौर

## दावेदारों ने भोपाल से लेकर दिल्ली तक शुरू की लॉबिंग

सत्ता सुधार ■ भोपाल

लोकसभा चुनाव संपन्न होते ही अब विधानसभा उपचुनाव का बिगुल बज गया है। चुनाव आयोग ने अमरवाड़ा विधानसभा सीट पर उपचुनाव की तारीख तय कर दी है। इस सीट पर 10 जुलाई को मतदान और 13 जुलाई को मतगणना होगी। इसके साथ ही प्रदेश में एक राज्यसभा और तीन विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की संभावना है। उपचुनाव को देखते हुए दावेदारों ने सक्रियता बढ़ा दी है। दावा तो यह भी किया जा रहा है कि अभी सीटें भले ही खाली नहीं हुई हैं, लेकिन दावेदारों ने भोपाल से लेकर दिल्ली तब लॉबिंग शुरू कर दी है।

गौरतलब है कि भाजपा से राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया लोकसभा चुनाव जीत कर संसद पहुंच गए हैं। अब उनकी जगह राज्यसभा की सीट खाली होगी। उनकी जगह पार्टी किसी अन्य नेता को राज्यसभा भेजेगी। 22 जून 2020 को सिंधिया राज्यसभा के लिए चुने गए थे उनका कार्यकाल 21 जून 2026 तक था। लेकिन लोकसभा सांसद बनने के बाद अब वह राज्यसभा से इस्तीफा देंगे। ऐसे में मध्यप्रदेश से एक राज्यसभा सीट रिक्त होगी। वहीं, बुधनी से विधायक शिवराज सिंह चौहान विदिशा से सांसद चुने गए हैं और केंद्र में मंत्री बन चुके हैं। वे अपनी विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देंगे। ऐसे में बुधनी विधानसभा सीट खाली होगी। इन दोनों ही सीटों पर उपचुनाव होंगे। सिंधिया की जगह पार्टी जिस नेता को राज्यसभा में भेजेगी वह दो साल तक ही सांसद रह पाएगा। राज्यसभा चुनाव के लिए प्रदेश संगठन के कुछ नेताओं ने अपनी दावेदारी पेश की है। इस संबंध में वे संगठन के शीर्ष नेताओं को अपना बायोडाटा भी भेज चुके हैं। इसके अलावा दो कांग्रेस विधायक विजयपुर से रामनिवास रावत और बीना से विधायक निर्मला सप्रे ने भी भाजपा की सदस्यता ले ली है। हालांकि, अभी दोनों ने अपने पद से इस्तीफा नहीं दिया है।



### अमरवाड़ा से बीजेपी के प्रत्याशी शाह

अमरवाड़ा विधानसभा सीट पर चुनाव की अधिसूचना 14 जून को जारी की जाएगी। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तारीख 21 जून और नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तारीख 26 जून है। बीजेपी अमरवाड़ा सीट से कमलेश शाह को प्रत्याशी बना सकती है। छिंदवाड़ा की अमरवाड़ा सीट बीजेपी ने 1972 से अब तक सिर्फ दो बार 1990 और 2008 में जीती थी। आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित सीट पर गोंडवाड़ा गणतंत्र पार्टी ने 2003 में एक बार जीत दर्ज की थी। 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस से चुनाव लड़े कमलेश शाह ने जीती थी।

### बुधनी विधानसभा से आधा दर्जन दावेदार

शिवराज सिंह चौहान के विदिशा लोकसभा सीट से चुनें जाने के बाद अब वह बुधनी विधानसभा सीट से कौन चुनाव लड़ेगा इसको लेकर चर्चा तेज हो गई है। हालांकि, इसका फैसला पार्टी का शीर्ष नेतृत्व करेंगे। अभी बुधनी से दोनों नामों की चर्चा सबसे ज्यादा है। पहला नाम पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान के बड़े बेटे कार्तिकेय चौहान का है। वह बुधनी सीट पर काफी सक्रिय हैं। वहीं, दूसरे दावेदार विदिशा से पूर्व सांसद रमाकांत भार्गव हैं। भार्गव को शिवराज का करीबी माना जाता है। उनका लोकसभा टिकट काट कर ही शिवराज को प्रत्याशी बनाया गया था। ऐसे में अब संभावना है कि बुधनी विधानसभा सीट से रमाकांत भार्गव को चुनाव लड़ाया जा सकता है। शिवराज सिंह चौहान द्वारा विधायकी से इस्तीफा देने के साथ ही रामनिवास रावत के विजयपुर और निर्मला सप्रे द्वारा बीना विधानसभा सीट से इस्तीफा दे सकते है और इन तीनों सीट पर एक साथ उपचुनाव हो सकता है।

### संगठन चुनाव की प्रक्रिया भी जल्द

केन्द्रीय मंत्रिमंडल में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को शामिल किए जाने के बाद यह तय हो गया है कि भाजपा संगठन में चुनाव की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। नड्डा का कार्यकाल एक साल पहले पूरा हो गया था। उस समय चुनाव प्रक्रिया शुरू करने पर विचार हुआ था पर लोकसभा चुनावों को देखते हुए इन्हें एक साल के लिए टाल दिया गया। नड्डा के मंत्री बनने के बाद उनका इस्तीफा तय है। भाजपा सूत्रों की माने तो इसी हफ्ते होने वाली संगठन नेताओं की बैठक में चुनाव प्रक्रिया शुरू करने पर विचार होगा और इसके लिए संगठन अपने केन्द्रीय चुनाव अधिकारी की नियुक्ति करेगा।

## आपकी सरकार वादे पूरे करने से बच रही है, चुनाव झूठ के दम पर जीती

सत्ता सुधार ■ भोपाल

लाड़ली बहना योजना की राशि लंबे समय से नहीं बढ़ने के चलते पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने सीएम मोहन से मांग की है। उन्होंने कहा कि लाड़ली बहनों के खाते में जल्द से जल्द बढ़ी हुई राशि डाली जाए। इसी के साथ उन्होंने किसानों के हित में गेहूं और धान के समर्थन मूल्य में वृद्धि करने की भी मांग की। पटवारी ने अपने एक्स पर लिखा है कि मुख्यमंत्री जी आप वीडियो जारी करके लाडली बहनों पर जो उपकार कर रहे हैं, उसका कोई मतलब नहीं है, क्योंकि वोट झपटने के लिए चुनाव में जो अपने वादा किया वो अभी तक अधूरा है। बीजेपी का भरोसा, शिवराज का साथ, मोदी की गारंटी जैसे कई चुनावी नारे लगाकर बहनों को इस भ्रम में रखा गया कि सत्ता मिलते ही उन्हें तीन हजार प्रतिमाह दिया जाएगा। जीतू पटवारी ने आगे कहा कि आपकी सरकार छह माह बाद भी सिर्फ झूठ ही बोल रही है और वादे को पूरा करने से बच रही है। लाखों लाड़ली बहनों का यह अपमान क्यों किया जा रहा है? बिलकुल भी सही नहीं है। पटवारी ने आगे लिखा कि आप जो राशि दे रहे हैं वह अहसान नहीं, लाड़ली बहनों का अधिकार है, क्योंकि इसी झूठ के दम पर ही भाजपा ने अपनी लुटी हुई सत्ता को बचाया था। बेहतर यही होगा कि लाड़ली बहनों को तत्काल 3000 प्रतिमाह की राशि का भुगतान शुरू किया जाए और पिछले 6 महीने का बकाया भी उनके खातों में जमा किया जाए।



लाड़ली बहनों की राशि बढ़ाने कांग्रेस ने सीएम से की मांग

# त्रुटिपूर्ण बिजली बिल सुधारने की प्रक्रिया को समय-सीमा में पूरी करें : मंत्री तोमर

## जिन घरों में बंटवारा हो गया है, वहां अलग-अलग मीटर लगवायें

सत्ता सुधार ■ भोपाल

त्रुटिपूर्ण बिजली बिल सुधारने की प्रक्रिया समय-सीमा में पूरी की जाये। बिजली उपभोक्ता को इधर-उधर भटकना नहीं पड़े। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह निर्देश मंत्रालय विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान दिये। उन्होंने कहा कि बिजली चोरी का प्रकरण दर्ज करने के बाद उसे नोटिस और सुनवाई का अवसर देना चाहिए। मेंटीनेंस की टीम बढ़ाई जाये और मेंटीनेंस नियमित रूप से करवायें जिससे ट्रिपिंग में कमी आये।

मंत्री तोमर ने कहा कि विद्युत वितरण केन्द्रवार विद्युत हानि की जानकारी लें। इसके बाद विद्युत हानि रोकने की सुनियोजित कार्य योजना बनायें। उन्होंने कहा कि प्राप्त बजट का पूरा उपयोग सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन घरों में बंटवारा हो गया है, वहां नियमानुसार अलग-अलग बिजली के मीटर लगवायें। इसकी प्रक्रिया भी सरल करें। उन्होंने कहा कि ऐसा करने से उपभोक्ताओं को अटल ज्योति योजना का लाभ मिल सकेगा। अपर मुख्य सचिव ऊर्जा मनु श्रीवास्तव ने पीएम कृषक मित्र सूर्य योजना और पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में सचिव ऊर्जा एवं एमडी मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी रघुराज राजेन्द्रन, एमडी ट्रांसको सुनील तिवारी, ओएसडी विजय गौर एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



### बिजली चोरी की जांच में 52 करोड़ की बिलिंग

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग अंतर्गत आने वाले 16 जिलों में बिजली चोरी की रोकथाम में चालू वर्ष के अप्रैल-मई माह में कारगर कदम उठाए गए हैं। कंपनी द्वारा कार्यक्षेत्र में 21 हजार 850 परिसरों की जांच की गई तथा कनेक्शनों में अनियमितता पाए जाने पर 29 करोड़ की बिलिंग कर 15 करोड़ की राशि वसूल की है। इसी प्रकार सीधे बिजली चोरी के 12 हजार 324 प्रकरण पकड़े गए हैं जिनमें 23 करोड़ से अधिक की बिलिंग कर 11 करोड़ की राशि वसूल की गई है। इस प्रकार कंपनी के जांच दलों द्वारा 52 करोड़ से अधिक की बिलिंग की गई है।

# जनजातीय समुदाय को केन्द्र व ध्येय में रखकर करें कार्यः मंत्री शाह

## रिक्त पदों पर भर्ती के लिए रोडमैप तैयार करने के दिए निर्देश

सत्ता सुधार ■ भोपाल

जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने बुधवार को वल्लभ भवन में विभाग की समीक्षा बैठक ली। इसमें उन्होंने विभाग की विभिन्न योजनाओं, निर्माण, नियुक्तियों और नीति निर्धारण संबंधी विषयों पर विभाग के प्रजेंटेशन का अवलोकन किया। बैठक में मंत्री ने विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. ई. रमेश कुमार, अपर आयुक्त वंदना वैद्य, उपसचिव मीनाक्षी सिंह एवं अन्य विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों से विभिन्न विषयों पर अपनी राय रखी एवं महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

चर्चा के विषयों की प्रगति के लिए उन्होंने समय-सीमा के निर्धारण पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि हम विभाग में जो भी कार्य करें, जनजातीय समुदाय को केन्द्र में रखकर विचार करें। साथ ही जनजातीय वर्ग का जीवन बेहतर बनाना और शासकीय सुविधाओं व योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाने के लिए सफल क्रियान्वयन ही हमारा मुख्य ध्येय होना चाहिए।

उन्होंने विभागीय विद्यालयों में रिक्त शिक्षक पदों और छात्रावास अधीक्षकों की भर्ती संबंधी प्रक्रिया का रोडमैप तैयार करने के निर्देश भी दिए। बैठक में मंत्री के विशेष ओएसडी केके खरे, वित्त सलाहकार राजेश सिंह कौरव, संयुक्त निदेशक (वित्त) नरेन्द्र धुर्वे, अपर संचालक सीमा सोनी, वरिष्ठ लेखा अधिकारी अभिषेक चौहान और कार्यपालन यंत्री प्रशांत श्रीवास्तव सहित अन्य विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



**मंथन** कांग्रेस 29 लोकसभा सीटों पर प्रभारी बनाकर ब्लाक स्तर तक भेजेगी बड़े नेताओं को

# 36 दिन तक परखे जाएंगे कांग्रेस पदाधिकारी, फिर होगी कार्रवाई

सत्ता सुधार ■ भोपाल

प्रदेश में सफाया होने के बाद अब कांग्रेस मंथन के जरिए अपना संगठन मजबूत करने की पहली सीढ़ी चढ़ने जा रही है। 15 जून से शुरू हो रहे मंथन कार्यक्रम के तहत सभी 29 लोकसभा सीटों पर वरिष्ठ नेताओं को प्रभारी बनाकर भेजा जाएगा, जो ब्लाक स्तर पर कांग्रेस की स्थिति पर बात करेंगे और स्थानीय नेताओं तथा नीचे के पदाधिकारियों से चर्चा कर अपनी रिपोर्ट प्रदेश अध्यक्ष और प्रभारी को देंगे। 36 दिनों का यह कार्यक्रम तैयार किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी को आलाकमान से फ्री हैंड मिलने के बाद अब प्रदेश में कांग्रेस संगठन को पूरी तरह से बदलने की कवायद शुरू की गई है। फिलहाल पटवारी मोर्चा-संगठनों की बैठकें लेकर उनके द्वारा लोकसभा चुनाव में क्या काम किया है, उसको लेकर जानकारी ले रहे हैं। महिला कांग्रेस की समीक्षा बैठक रखी गई थी। इसके साथ ही प्रदेश की सभी 29 लोकसभा सीटों पर 29 नेताओं को प्रभारी बनाए जाने की तैयारी चल रही है। पार्टी ने लोकसभा चुनाव के पहले ही मंथन कार्यक्रम चलाने की घोषणा की थी, जिसमें संगठन की मजबूती को लेकर वरिष्ठ नेताओं से जानकारी भी ली जाएगी। 29 वरिष्ठ नेताओं की सूची बनाने का काम अंतिम दौर में है। सभी वरिष्ठ नेता 36 दिनों के बाद उनके प्रभार वाले लोकसभा क्षेत्रों की जानकारी प्रदेश अध्यक्ष को सौंपेंगे और फिर उसी रिपोर्ट के आधार पर तय होगा कि किसका डिमोशन किया जाए और किसका प्रमोशन। इसके बाद पूरी कार्यकारिणी भंग करने की भी संभावना है। मंथन कार्यक्रम में जिन्हें प्रभारी बनाया जाएगा वे 15 जून से अपने-अपने प्रभार वाले क्षेत्र में जाएंगे और वहां ब्लाक स्तर पर बैठक लेंगे। संगठन को कैसे मजबूत किया जाए, इसको लेकर वहां के स्थानीय नेताओं से भी चर्चा करेंगे। एक तरह से यह कांग्रेस संगठन का रिव्यू होगा। चुनाव में कांग्रेस नेताओं की भूमिका कैसी रही, इसको लेकर भी चर्चा होगी। कांग्रेस के युवा नेता क्या चाहते हैं, ये भी जानकारी प्रभारी इकट्ठा करेंगे। पटवारी ने इशारा किया है कि तब तक प्रदेश कांग्रेस में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा।




### सभी मोर्चा-संगठनों की भी समीक्षा

कांग्रेस का छात्रों का संगठन भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन, युवाओं के लिए युवक कांग्रेस, महिलाओं के लिए महिला कांग्रेस, अजा और अजजा के अलग-अलग संगठन तथा पिछड़ा वर्ग के साथ-साथ कुछ मोर्चा-संगठन भी बनाए गए हैं। इनकी संख्या तीन दर्जन से अधिक है। प्रदेश संगठन को शिकायत मिली है कि इनमें से अधिकांश पोस्ट लेकर घर बैठे हुए हैं और कांग्रेस के लिए काम नहीं करते हैं।

### मंथन से क्या निकलेगा अमृत या विष?

कांग्रेस पहली बार अपने संगठन का मंथन कर रही है। समुद्र-मंथन में अमृत और विष निकला था और कांग्रेस के इस मंथन में अमृत कम विष जरूर निकलेगा, क्योंकि कांग्रेस का जनाधार खिस रहा है, उसमें मठाधीशों द्वारा अपनी चलाना, संगठन पर ध्यान नहीं देना, युवाओं को आगे नहीं लाना, निष्क्रिय रहना जैसी शिकायतें आएंगी।



**भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उड़ीसा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी के शपथ ग्रहण समारोह में विभिन्न राज्यों से पहुंचे मुख्यमंत्री गण और अन्य जन प्रतिनिधियों के साथ।**

### सरकार का फैसला: मेडिकल छात्रों से अब नहीं भरवाए जाएंगे बांड

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मेडिकल छात्रों के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। स्टूडेंट्स के हित में सरकार की तरफ से एक बड़ा फैसला लिया गया है। सरकारी व निजी मेडिकल कॉलेजों में कोई छात्र एमबीबीएस व बीडीएस की पढ़ाई किसी कारण से बीच में छोड़ता है तो इसके एवज में उसे 30 लाख रुपए का बॉन्ड जमा नहीं करना होगा। आगामी सत्र की काउंसलिंग में शामिल होने वाले विद्यार्थियों से सीट लिविंग बॉन्ड नहीं लिया जाएगा। ऐसा करने वाला एमपी देश का पहला राज्य है।

## ब्रीफ न्यूज

### प्राइवेट स्कूल एसोसियशन ने किया पीएससी में सेलेक्ट डिप्टी कलेक्टर का सम्मान



**दतिया।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग परीक्षा 2021 में डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित दतिया के होनहार युवा सृजन श्रीवास्तव सुपुत्र आनंद श्रीवास्तव का प्राइवेट स्कूल्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सम्मान किया। एसोसिएशन के प्रदेश प्रतिनिधि राशिद खान और जिलाध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव ने सृजन श्रीवास्तव के चयन को दतिया के लिए गौरव का क्षण बताते हुए इसे युवाओ के लिए प्रेरणा स्त्रोत बताया और उनके निवास पर जाकर सृजन और उनके पिता आनंद श्रीवास्तव का हार माला पहनाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों में अशोक यादव, प्रेम नारायण कुशवाह, नंद किशोर कुशवाह, रामकुमार कुशवाह, अरविंद यादव उनाव, अखिलेश शर्मा, सुलभ यादव आदि स्कूल संचालक उपस्थित रहे।

### नगदी सहित हजारों रूपए कीमत के सोने व चांदी के जेवरात चोरी

**दतिया।** थाना बडौनी क्षेत्र के ग्राम उडीना बीती 8-9 जून की रात अज्ञात चोर एक घर में घुसकर नगदी सहित हजारों रूपए कीमत के सोन व चांदी के जेवरात चोरी कर ले गया। मंगलवार को पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम उडीना निवासी प्रताप पुत्र घनश्याम अहिरवार ने पुलिस ने पुलिस को बताया कि गत 8 जून की रात 11 बजे से 9 जून को सुबह साढे 5 बजे की बीच अज्ञात चोर उसके घर में घुस आया और कमरे में रखी अलमारी का ताला तोडकर उसमें रखे 40 हजार रूपए कीमत के सोने व चांदी के जेवरात तथा 30 हजार रूपए नगद कुल 70 हजार रूपए कीमत का सामान चोरी कर ले गया। वहीं थाना लांच क्षेत्र के ग्राम पडौल में भी अज्ञात चोर एक मकान में घुसकर हजारों रूपए कीमत के सोने व चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। पडौल निवासी रामनिवास पुत्र गुलाब पटवा ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर उसके घर मे घुसकर मंगलसूत्र, झुमकी, बीजासेन, सोने के टोक्स, चांदी की करधौनी, दो तोडिया, कडे आदि कुल 70 हजार का माल चोरी कर ले गया। पुलिस ने दोनों घटनाओं दर्ज चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### बिना बताए घर से चली गई विवाहिता

**दतिया।** कस्बा सेंवढा के एक वार्ड मे रहनेवाली 20 साल की विवाहित महिला घर पर किसी को बताए बिना कहीं चली गई। तलाशने के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कस्बा सेंवढा निवासी 38 वर्षीय व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नि उम्र 20 साल सोमवार की रात साढे 10 बजे बिना बताए घर से चली गई। उसे आसपास व नाते रिश्तेदारी आदि सभी जगह तलाश किया गया लेकिन उसका पता नहीं चला। पुलिस ने उसकी रिपोर्ट पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर विवाहिता की तलाश शुरू कर दी है।

### मुख्यंत्री स्वेच्छानुदान मद से 30 हजार रूपये की राशि स्वीकृत

**दतिया।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी स्वेच्छानुदान मद से वित्तीय वर्ष 2023-24 में भदौरिया की खिड़की दतिया निवासी ऋषि मिश्रा पिता ओम प्रकाश को 30 हजार रूपये की राशि स्वीकृत की है।

# दवा व्यवसायी हत्याकांड के तीन और आरोपी गिरफ्तार

## शॉर्ट एनकाउंटर में मुख्य आरोपी बंटी कुशवाहा को लगी गोली, आरोपियों में एक बाल अपचारी



सत्ता सुधार ■ दतिया

गत नौ जून को दवा व्यवासायी हत्याकांड के सभी आरोपियों को पुलिस ने गिरफतार कर लिया है। बुधवार को रतनगढ के जंगल मे शॉर्ट एनकाउंटर के बाद मुख्य आरोपी बंटी कुशवाहा तथा एक बाल अपचारी को पुलिस ने गिरफतार किया है। एनकांउटर में बंटी कुशवाहा के पैर गोली लगी है जिसका अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। हत्याकांड में शामिल मुख्य आरापियों ब्रजेश प्रजापति और दीपक कुशवाहा को पुलिस पहले ही गिरफतार कर चुकी है। मालूम हो कि दतिया दवा व्यवसायी घनश्याम दास अग्रवाल नौ जून को इंदरगढ तकादा करने के लिए गए थे। उनके साथ उनका डाइवर और कर्मचारी भी साथ था। जब वह मंदिर से दर्शन कर लौट रहे थे तभी लूट के इरादे से उनमें गोली मार दी थी जिससे उनकी मौत हो गई थी। घटना के 36 घंटे के अंदर पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए व्यवसायी के दो कर्मचारियों ब्रजेश प्रजापति और दीपक कुशवाहा को गिरफतार कर लिया था। दोनों कर्मचारियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया था। शेष आरोपियों की तलाश पुलिस सरगर्मी से कर रही थी। तभी बुधवार को पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि आरोपी बंटी कुशवाहा व एक अन्य आरोपी रतनगढ क्षेत्र में देखे गए हैं। इस पर पुलिस ने बेहट पार्किंग रोड पर चैकिंग लगाई। इस दौरान एक बाइक पर सवार दो लोग आते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया लेकिन बाइक पर पीछे बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग कर दी और वहां से भाग निकले। पुलिस ने बदमाशो का पीछा किया तभी जंगल के उबड खाबड रास्ते बदमाशो बाइक फिसल कर गिर गई। पुलिस ने बचने के लिए बदमाशों ने फिर फायर किए। पुलिस की जबावी फायरिंग में बदमाश बंटी कुशवाहा के पैर में गोली लगी जिससे वह वहीं गिर पडा। पुलिस ने बंटी कुशवाहा व एक बाल अपचारी को गिरफतार कर लिया। गोली लगने से घायल बंटी का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। वहीं घटना के एक और आरोपी नंदू कुशवाहा को भी पुलिस ने झांसी रोड पर रतन मेगा मॉल के पास झाडियों से गिरफतार कर लिया है।

# समाज में बाल श्रम के प्रति जागरूकता होना जरूरी : सुदीप तिवारी



सत्ता सुधार ■ दतिया

बाल प्रगति शिक्षण संस्थान के तत्वाधान एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद दतिया के निर्देशन में विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन दिनारा रोड स्थित आदिवासी बस्ती आजादपुरा में किया गया। कार्यक्रम में आदिवासी समुदाय के लोगों ने सहभागिता की। इस दौरान संस्थान के संचालक सुदीप तिवारी ने बताया कि बाल श्रम की समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करना और इसके उन्मूलन एवं इसके खिलाफ लड़ाई के तरीके खोजने ही इस दिवस का उद्देश्य है। इस दिन का उपयोग दुनिया भर में बाल श्रम के लिए मजबूर बच्चों को होने वाली हानिकारक मानसिक एवं शारीरिक समस्याओं के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए किया जाता है। उन्होंने कहा कि भारत में बाल श्रम की समस्या दशकों से व्याप्त है भारत सरकार ने बाल श्रम की समस्या समाप्त करने के लिए कदम उठाए हैं एवं बाल श्रम उन्मूलन के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इससे लोगों में जागरूकता पैदा हो और लोग नाबालिग बच्चे से बाल श्रम कराना बंद करें। कार्यक्रम के अंत में जनजाति कल्याण से संबंधित शासकीय कल्याणकारी योजनाओं के विषय में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में संस्था सहयोगी दल से करण ज्ञाननी एवं चंद्रकांत तिवारी मौजूद रहे। इस अवसर पर विनोद आदिवासी, राजू आदिवासी, जयपाल आदिवासी, दिनेश आदिवासी, मंगल आदिवासी, विमल आदिवासी, सरिता आदिवासी आदि लोग उपस्थित रहे।

# जिलेभर में जारी है जल गंगा संवर्धन अभियान

## विभिन्न ग्रामो में तालाब मरम्मतीकरण एवं गहरीकरण के हो रहे कार्य



सत्ता सुधार ■ श्योपुर

राज्य शासन के निर्देशानुसार गत 5 जून से 16 जून तक चलाये जा रहे ''जल गंगा संवर्धन'' अभियान के तहत जिलेभर में जल संरचनाओ के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु कार्य किया जा रहा है। जन सहयोग के लिए बढ़ रहे हाथों और सरकारी योजनाओं के संयोजन से जिले में जल संरचनाओ को संवारने का कार्य जारी है। प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में पुरानी जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार के अंतर्गत 427 जल संरचनाओ को नवीनीकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में आदिवासी विकासखण्ड कराहल के ग्राम गोरस में अमृत सरोवर में ग्रामीण जनों एवं ग्रामीण विकास विभाग के मैदानी कर्मचारियों द्वारा जनभागीदारी से गहरीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसी तरह ग्राम आवदा, पनवाडा, डोब, भेला, कराहल के बडा तालाब, बडौदा के चन्द्रसागर तालाब, भोगिका तिराहा, लाडपुरा में वर्षा जल सहेजने के लिये तालाबों का न केवल गहरीकरण किया जा रहा है, बल्कि तालाबो के कैचमेंट एरिया के प्राकृतिक जल मार्गो में अवरोधो को हटाने एवं उनकी सफाई का कार्य भी किया जा रहा है।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पाण्डोला के तालाब में महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) एवं जनभागीदारी से तालाब को गहरीकरण कर जल संग्रहण क्षमता बढ़ाने का काम किया जा रहा है। इसी प्रकार जिले के अन्य ग्रामों में जन सहयोग से जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने का काम इस अभियान के तहत किया जा रहा है।

# जल गंगा सर्वधन अभियान– सीप नदी पर श्रमदान जारी

## पंडित घाट सहित नदी की सफाई कर रहे श्रमदानी



सत्ता सुधार ■ श्योपुर

राज्य शासन के निर्देशानुसार गत 5 जून से 16 जून तक चलाये जा रहे ''जल गंगा संवर्धन'' अभियान के तहत जिलेभर में जल संरचनाओ के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में नगरपालिका श्योपुर के तत्वाधान में शहर की जीवन रेखा सीप नदी के पंडित घाट पर साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है। अभियान के छटवे दिन भी बडी संख्या में श्रमदानी श्रमदान के लिए जुटे और पंडित घाट पर साफ-सफाई के साथ ही नदी के पानी से कचरा, पन्नी, पालीथिन, जलकुभी आदि को साफ करने का कार्य किया गया। इस दौरान सीएमओ सतीश मटसेनिया, नेहरू युवा केन्द्र के उप संचालक विनोद चतुवेदी, सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश पाराशर, जय सिंह जादौन, आदित्य चौहान, सत्यभानू जाटव, शिवकुमार दौहरे, द्वारिका प्रसाद, जितेन्द्र राव, युवा वनवासी उत्थान समिति के शैलेन्द्र सिंह सोनारे, हेमंत वैष्णव, पेड पर्यावरण समिति के रामअवतार शर्मा, रोहित गौतम, टोनू गौतम, शकील अहमद सहित अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।

# बिजली कम्पनी के जीएम कार्यालय का किसानो ने किया घेराव

## भ्रष्टाचार के लगाये आरोप, समस्याओं के निराकरण की मांग की



सत्ता सुधार ■ श्योपुर

बिजली समस्या के समाधान करवाने व बिजली कंपनी में व्याप्त व्यापक भ्रष्टाचार के खिलाफ क्षेत्र के किसानों ने बुधवार को बिजली कंपनी के महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव करके बिजली कंपनी के महाप्रबंधक आर के सक्सेना को ज्ञापन सौंपा और शीघ्र समाधान की मांग की है। किसान नेता राधेश्याम मीणा मूंडला ने जानकारी देते हुए बताया कि ललितपुरा, मकड़वदा, बोरदादेव, कुहांजापुर, पाहाड़ली, अलापुरा, रतोदन, आवदा, भोगिका, जैनी सहित कई सबस्टेशन पर अतिरिक्त पीटीआर की लागाने ललितपुर सब स्टेशन पर कृषि पंप व ग्रामीण आबादी लाइन अलग-अलग करने। बडौदा डिवीजन के सबस्टेशन अलापुरा, पाहड़ली, ललितपुरा, मकड़ावदा, बोरदादेव, कुंहाजापर आदि सबस्टेशन पर मूंडला स्थित 132केवीए पावर स्टेशन से एक ही 33केवी की लाइन से विद्युत सप्लाई की जा रही है एक अतिरिक्त 33केवी की विद्युत लाइन लगाई जाए। विद्युत लाइने जर्जर है एवं खंबे टूटे हुए हैं समस्त क्षतिग्रस्त लाइनों को दुरुस्त किया जाए। बिजली कंपनी के द्वारा जिन किसानों बैंक खाते सीज करवा गए। उन खातों को तत्काल चालू करवाया जाए। बिजली कंपनी के अधिकारी व कर्मचारियों के द्वारा ट्रांसफार्मर स्टोर से ट्रांसफार्मर निजी लोगों को बेचकर भारी भ्रष्टाचार किया जा रहा है। उक्त मामले की जांच करवाकर लिप्त अधिकारी व कर्मचारियों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। किसानों को कृषि पंप हेतु 10 घंटे बिजली सप्लाई की जाए जिससे क्षेत्र का किसान फसलों की सिंचाई सुचारू रूप से कर सके। इस अवसर पर किसान नेता राधेश्याम मीणा मूंडला, हरिमोहन मीणा गोहेड़ा, हेमराज नागदा, नरेंद्र उंडायथा, लवकुश मीणा, देवकी ढोटी, रामअवतार गोहेड़ा, महावीर कनापुर, रामदयाल मीणा, बलवान धानोद, रामसिंह मठेपुरा, राधेश्याम बिचगांवड़ी, रामरूप ठिकरिया, सहित क्षेत्र के किसान उपस्थित रहे ।

# विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर 14 जून को

## रक्तदान से जुडी संस्थाओं का सम्मान भी होगा

**श्योपुर।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी श्योपुर एवं ब्लडबैंक जिला चिकित्सालय श्योपुर के संयुक्त तत्वावधान में विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर 14 जून को जिला चिकित्सालय श्योपुर में रक्त्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसके साथ ही रक्तदान शिविरो की आयोजक संस्थाओं का सम्मान समारोह भी होगा। सम्मान समारोह में 15 जून 2023 से 14 जून 2024 की अवधि में विभिन्न अवसरो पर रक्त्तदान शिविरो का आयोजन करने वाली आयोजक संस्थाओ का सम्मान किया जायेगा। सिविल सर्जन डॉ दिलीप सिंह सिकरवार में बताया कि विश्व रक्तदाता दिवस एक वैश्विक उत्सव है,जो स्वैच्छिक रक्त्तदान के माध्यम से जीवन बचाने के निस्वार्थ कार्य के लिए रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करने के लिये हर साल पूरे विश्व मे 14 जून को मनाया जाता है। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ आरबी गोयल ने रक्त्तदान जागरूकता अभियान की निरंतर गतिविधियों के क्रम में बताया कि ब्लड बैंक से 5000 से अधिक यूनिट रक्त की मांग की आपूर्ति वर्ष भर में की गई है, जिसमे रक्त्तदान शिविरो से 1400 यूनिट की आपूर्ति हुई है, जो कुल आपूर्ति का महज चौथाई से थोड़ा अधिक होने के बावजूद पूर्व की तुलना में बहुत बेहतर है, उन्होंने शिविर के माध्यम से रक्त के संग्रहण को और अधिक बढ़ाये जाने की आवश्यकता बताई। श्योपुर में रक्तदान जागरूकता अभियान के समन्वयक अरुण ओसवाल एवं महावीर गुप्ता ने बताया कि इस अभियान के उद्देश्य की प्राप्ति के लिए इस वर्ष अधिक से अधिक व्यक्तियों को नियमित स्वैच्छिक रक्त्तदान हेतु प्रोत्साहित किये जाने, समाजसेवी, सामाजिक संस्थाओ को स्वैच्छिक रक्त्तदान शिविरो के आयोजन हेतु प्रेरित किये जाने एवं पंचायत स्तर पर सभी शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओ के सहयोग से रक्त्तदान शिविरों के साथ रक्तदाताओं के अभिनंदन एवं नियमित रक्तदान हेतु शपथ ग्रहण की गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा।

# बाल श्रम की समस्या के निदान के लिए सामाजिक क्रांति जरूरी : हरदैनिया

सत्ता सुधार ■ श्योपुर



जिले के ग्राम प्रेमसर में बुधवार को विश्व बालश्रम निषेध दिवस पर विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जनजागरूकता शिविर एवं पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीणों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं एवं नालसा और सालसा की स्कीम के बारे में जागरूक किया गया। यह जानकारी देते हुए विधिक सहायता अधिकारी शिखा शर्मा ने बताया कि प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राकेश कुमार गुप्त के मार्गदर्शन में ग्राम प्रेमसर में ग्रामीण स्वाबलंबन समिति एवं जन साहस के समन्वय से बाल श्रम निषेध जन जागरूकता शिविर में ग्रामीणजन को नालसा की स्कीम बच्चों के महत्वपूर्ण विधिक सेवा एवं उनके संरक्षण हेतु सहायता योजना के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया, साथ ही बताया कि इस शिविर का उद्देश्य बाल श्रम की ओर ध्यान केंद्रित करना और बालश्रम को पूरी तरह खत्म करने के लिए एकजुट होकर प्रयास करना है, क्योंकि बालश्रम में बच्चो का शोषण किया जाता है। जब तक नागरिक शिक्षित नही होगे तब तक बाल श्रम समाप्त करना आसान नहीं है, इस अवसर पर उपस्थित जन समुदाय को बाल श्रम रोकने की शपथ दिलाई गई। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र पर पंच - ज अभियान अंतर्गत पर्यावरण संरक्षित करने हेतु वृक्षारोपण किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत सचिव देवीशंकर मीणा, ग्रामीण स्वाबलंबन समिति से जिला समन्वयक रामलखन प्रजापति, जनसाथी फे सिलेटर सुरेंद्र हरदेनिया, फील्ड ऑफिसर महावीर शर्मा, जनसाथी रामावतार बरोदिया, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारिका बाई, साहियका निर्मला बाई एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**ग्राम प्रेमसर में विश्व बाल श्रम निषेध जन जागरूकता शिविर आयोजित**

# आपराधिक रिकार्ड वाले 03 आरोपी थानो में हाजरी देने के लिए पाबंद

**श्योपुर।** जिला मजिस्टेऊट लोकेश कुमार जांगिड द्वारा मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3(1)(क) एवं धारा 3(1)(ग) के प्रावधानो के अंतर्गत वर्तमान परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए आपराधिक एवं असामाजिक गतिविधियो को नियंत्रित करने के उद्देश्य से लोक व्यवस्था एवं जन साधारण के हित में आपराधिक रिकार्ड वाले 03 आरोपियों को संबंधित थानो में हाजरी देने के लिए पाबंद किया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर यह कार्यवाही की गई है। जिसके तहत आपराधिक रिकार्ड वाले इन 03 आरोपियों को आदेश दिनांक से आगामी 02 माह तक सप्ताह में एक बार संबंधित थानो में अपनी हाजरी देनी होगी। जारी आदेश के अनुसार सुनील पुत्र रामू भोई निवासी बंजारा डेम के ऊपर हसनपुरा हवेली को थाना प्रभारी पुलिस थाना कोतवाली श्योपुर के समक्ष अपनी हाजरी दर्ज कराने के लिए पाबंद किया गया है। सुनील पर विभिन्न धाराओ के तहत 06 अपराध पंजीबद्ध है। मोहन सिंह उर्फ मोहिनी पुत्र राम सिंह यादव निवासी टपरिया को थाना प्रभारी पुलिस थाना सेंसईपुरा के समक्ष अपनी हाजरी दर्ज कराने के लिए पाबंद किया गया है। मोहन सिंह उर्फ मोहिनी पर विभिन्न धाराओ के तहत 18 अपराध पंजीबद्ध है।

# अंतराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय महाविद्यालय में सेमीनार का आयोजन

सत्ता सुधार ■ दतिया




दतिया जिले में बाल एवं कुमार श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन ) अधिनियम 1986 के अंतर्गत कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित टास्क फोर्स के द्वारा अंतराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय महाविद्यालय दतिया में सेमीनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री धनंजय मिश्र अध्यक्ष के रूप में तथा जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री अरविंद उपाध्याय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

श्रीमती ज्योति गोस्वामी, ब्लॉक को ऑर्डिनेटर,श्री वासुदेव जादौन प्रवक्ता शासकीय महाविद्यालय, श्री डी पी अहिरवार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। श्रम निरीक्षक एवं जिला बाल श्रम नोडल अधिकारी श्रीमती निशा जहां द्वारा बाल एवं कुमार श्रम ( प्रतिषेध एवं विनियमन )अधिनियम 1986 के वैधानिक प्रावधानों की जानकारी दी ,तथा बाल श्रमिक नियोजित करने वाले संस्थानों पर 02 वर्ष तक की जेल तथा 50000 ते के आर्थिक दंड का प्रावधान है,तथा सभी व्यावसायिक संस्थानों पर बाल श्रम निषेध संबंधी धारा 3 एवं 12 का प्रदर्शन किए जाने हेतु निर्देशित किया। श्री अरविंद उपाध्याय जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी के द्वारा बालकों के विकास के लिए संचालित मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना की जानकारी दी गई ,ताकि किस तरह बाल श्रमिक की विमुक्ति पश्चात आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जावे। श्री धनंजय मिश्र द्वारा शासन द्वारा संचालित आर्थिक सहायता योजनाओं की जानकारी दी गई। ताकि परिवार को संबल मिल सके।

प्रोफेसर श्री वासुदेव जादौन के द्वारा बताया गया की बाल श्रम और गरीबी का कुचक्र चलता रहता है ,बाल श्रम से आर्थिक विपन्नता काम नहीं होती,अपितु उससे बच्चे का शारीरिक और मानसिक विकास अवरूद्ध हो जाता है। उक्त सेमिनार में शहर के विभिन्न व्यवसायिक संस्थानों के संस्थापक, सामुदायिक नेतृत्व क्षमता के बीएसडब्ल्यू,डैं के विद्यार्थी,जन अभियान पार्षद के मेंटर तथा महाविद्यालय के छात्र, छात्राएं उपस्थित रही।

सेमीनार के पश्चात शासकीय महाविद्यालय दतिया से जिला चिकित्सालय तक जनजागरूक्ता रैली भी निकाली गई तथा चिकित्सालय के पास स्थित सभी दुकानों पर बालश्रम नियोजित नहीं करने संबंधी पोस्टर लगाए गए तथा बाल श्रम नियोजित नहीं करेंगे और न ही किसी को करने देंगे शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में जिला टास्क फोर्स के सभी सदस्य, एसजेपीयू,जिला बाल संरक्षण अधिकारी, श्री सोमेश सिंह ,श्री सुदीप तिवारी ,श्रीमती अदिति तिवारी श्रम विभाग समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित

इनके अलावा भी है जाम के जिम्मेदार ..

# प्रशासन की गाइडलाइन लागू होने से पहले ही ई रिक्शा चालकों ने किया हंगामा

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए प्रशासन ने कवायद तेज कर दी है, इसी के तहत बुधवार को ई रिक्शा काउंटिंग की दृष्टि से यातायात पुलिस और परिवहन विभाग द्वारा मिलकर ट्रायल किया। जिसकी हकीकत को बिना जाने समझे ई रिक्शा चालकों ने फूलबाग पर इकट्ठा होकर हंगामा शुरू कर दिया बाद में ट्रेफिक डीएसपी अजीत सिंह चौहान द्वारा उन्हें समझाने के बाद मामला शांत हुआ।बता दें कि ग्वालियर शहर में सवारी वाहनों की भरमार के बीच बेतरतीब तरीके से चल रहे ई रिक्शा के कारण लोगों की परेशानी को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर रुचिका चौहान ने ई रिक्शा संचालन को तीन जोन में विभाजित किये जाने को लेकर प्लान तैयार किया गया है। इसके लिए सबसे पहले रिक्शा चालकों को उनकी सुविधा अनुसार



निर्धारित स्थानों पर अपने ई रिक्शा का पंजीकरण कराना होगा, जो निशुल्क रहेगा। इस तरह के पंजीकरण के पीछे प्रशासन की मंशा है कि शहर में चलाए जा रहे ई रिक्शा की सही जानकारी एकत्रित करना इसके साथ ही जो ई रिक्शा अवैध रूप से शहर के अंदर संचालित हो रहे हैं, उन्हें बाहरी क्षेत्रों में वापस भेजना। इसी बीच बुधवार को फूलबाग चौराहे पर भारी संख्या में ई रिक्शा चालकों ने एकत्रित होकर जमकर हंगामा बरपाया। बताया जाता है कि ई रिक्शा संचालन के समय को लेकर उन्हें गलतफहमी होने से यह बवाल खड़ा हुआ था । जानकारी के

### इन पर मेहरबानी क्यों ?

पुलिस प्रशासन द्वारा शहर के प्रमुख चौक चौराहों पर लगने वाले जाम और दबाव को कम करने के लिए बढ़ती ई रिक्शा की संख्या को जिम्मेदार मानकर उनके संचालन को लेकर रोडमैप तैयार करना उचित है , लेकिन क्या अवैध टेंपो संचालन और ठेले रेहड़ी वालों की रोकथाम के लिए कोई ठोस कदम उठाया जाना जरुरी नहीं है । इसके अलावा सड़कों पर अस्थायी रूप से अतिक्रमण कर व्यापार कर रहे व्यापारियों पर ईमानदारी से कार्रवाई कब होगी ।



अनुसार बुधवार शाम तक पंजियन फार्म जमा करने और ई रिक्शा संचालन को दो पालियों में विभाजित करने को लेकर रिक्शा चालकों ने फूलबाग चौराहे पर आंदोलन छेड़ दिया, इसी के चलते उन्होंने कड़ी धूप में रिक्शों में बैठी सवारियों को कड़ी धूप में जबरन उतरवा दिया। प्रशासन की मंशा है कि शहर में बढ़ रहे ट्रेफिक दबाव को कम करने के लिए शहर के तीन अलग-अलग जोन में ई-रिक्शा संचालन की प्रक्रिया तय कर दी जाए तथा उन्हें अपने घर के नजदीकी इलाके में चलाया जाए। वहीं रिक्शा संचालकों का कहना है कि ये सरासर गलत है, पुलिस प्रशासन अपने फैसले में बदलाव नहीं करता है। तो मजबूरन ई रिक्शा चालकों को बड़ा प्रदर्शन करना होगा। ऐसे में देखना होगा कि एक ओर यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए प्रशासन ने यह पहल की है। तो वहीं दूसरी ओर ई रिक्शा चालकों के विरोध को देखते हुए आगे क्या निर्णय लिया जाता ये देखना होगा।

### ई रिक्शा चालकों की दलील

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हमें रोजगार दिया था, घर की महिलाओं के जेवर गिरवी रखकर समूह लोन की मदद से ई-रिक्शा खरीद कर रोजगार शुरू किया था। लेकिन अचानक जिला प्रशासन ने तुगलकी की फरमान जारी कर दिया है, कि आज यानि बुधवार को ही सभी ई रिक्शा चालकों को शहर के पांच जनमित्र केंद्रों पर शाम 5:00 बजे तक फॉर्म भरकर अपनी जानकारी देना अनिवार्य है जिसको लेकर बवाल खड़ा हो गया था।

# प्रभा देवी की स्मृति में अंडर 15 क्रिकेट टूर्नामिंट कल से



सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

तानसेन क्रिकेट अकादमी द्वारा मां प्रभा देवी गौर की स्मृति में अंडर-15 क्रिकेट टूर्नामिंट का आयोजन 14 जून से किया जा रहा है। इस टूर्नामिंट मे तानसेन अकादमी की 4 टीम हिस्सा लेंगी। 30 ओवर के इस टूर्नामिंट में डिवीजन, बोर्ड खेल हुए खिलाड़ी हिस्सा नहीं ले सकते। तानसेन क्रिकेट अकादमी, टीम गार्डन स्कवायर , टीम स्वस्तिक ग्रीन, तपो भूमि क्रिकेट अकादमी ए सभी टीम टूर्नामिंट का हिस्सा होंगी। दिन में 2 मैच खेले जाएंगे। यह टूर्नामिंट लीग मैच पद्धति पर होगा। टूर्नामिंट के आयोजक लवकेश चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस टूर्नामिंट में सभी खिलाड़ियों को पुरुस्कार दिये जाएंगे, साथ ही सर्वश्रेष्ठ बॉलर, बल्लेबाज, फिल्डर, कीपर आदि के पुरस्कार रखे गये है। यह टूर्नामिंट गार्डन स्कवायर खेल मैदान नैनगीर पर आयोजित होगा।

### ये होंगे टूर्नामिंट समिति के सदस्य

टूर्नामिंट समिति के सदस्य मुरारी राजपूत, मान सिंह कंसाना, मुनेंदर गौर, प्रतीक सक्सेना दिलीप राणा, संजय गोयल, संजीव शर्मा, मनोज जोशी, विनय कुशवाह, नवनीत श्रीवास्तव, रामनिवास रनवा, रामनिवास गुर्जर, संजीव शर्मा, नरेन्द्र शर्मा, सुनील कुशवाह, अभिषेक सिसोदिया, संजय सेन, अनामी चौहान, जीतू सेंगर, नरेन्द्र त्यागी, मनोज श्रीवास्तव लाखन, पप्पू होंगे।

### गर्ल्स के लिए होगी सेवन साइड सीरीज

इस टूर्नामिंट के अलावा जल्द ही गर्ल्स का सेवन साइड क्रिकेट सीरीज आरम्भ की जाएगी जिसमें टीम हिस्सा लेंगी। तानसेन क्रिकेट अकादमी की कप्तान राशी तिवारी होंगी। टीम गार्डन स्कवायर की कप्तान सुहानी शर्मा होंगी। वहीं टीम स्वस्तिक ग्रीन की कप्तान यशस्वी बौहरे होंगी। यह सीरीज रंगीन ड्रेस में खेली जाएगी। प्रत्येक टीम में चार लड़कियां और तीन लड़के टीम का हिस्सा होंगे।

# शास्त्रों के नियम से चलोगे, तभी ध्रुव सुख की प्राप्तिः कांकोरिया

■ श्रीमद् भागवत कथा का चतुर्थ दिवस मना श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

बीएसएफ कॉलोनी स्थित नर्मदेश्वर मंदिर पर श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन ध्रुव चरित्र की कथा सुनाते पं. संतोष कांकोरिया ने कहा कि राजा उत्पानपाद की भांति हर व्यक्ति के पास सुनीति और सुरूचि दो जीवन मार्ग होते हैं। यदि हम सुनीति के मार्ग पर चलते हैं तो जीवन को दीर्घकालिक सुख मिलता है और सुरुचि के अनुसार चलते हैं तो क्षणिक सुख मिलता है। उन्होंने कहा कि नीति कहती है कि सुबह ब्रह्म मुहूर्त में उठकर माता पिता और गुरू को वंदन करना चाहिए और रुचि सुबह 9 बजे उठकर उस मां से चाय नाश्ता मांगती है, जो कि उचित नहीं हैं। हमें नियम संयम से रहकर जीवन में अच्छे आचरण करना चाहिए। शास्त्रों के अनुसार यदि जीवन चलेगा तो ध्रुव सुख की प्राप्ति होगी। उन्होंने बताया कि ध्रुव ने 5 वर्ष की उम्र में कठोर तपस्या कर प्रभु के परम पद को प्राप्त कर लिया और उसके बाद 36 हजार वर्ष तक राज किया। सुनीति




भाग्यशाली थी, वह माता भाग्यशाली होती है जिसका पुत्र भक्त हो। ध्रुव यानि अटल जिसका कभी नाश न हो। ध्रुव आज भी परम पद पर आसीन हैं और सप्त ऋषि उनकी परिक्रमा करते हैं। नारी के सम्मान को लेकर उन्होंने कहा कि शास्त्रों में स्पष्ट उल्लेख है कि जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं। उन्होंने कहा कि सिर्फ कथाओं का श्रवण पर्याप्त नहीं हैं। कथाओं का रहस्य एवं उनके अध्यात्म को समझकर मनन करना होगा, तभी हम ब्रह्म तत्व को समझने की ओर अग्रसर हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि राजसत्ता यदि अपने कर्तव्य से विमुख हो जाए, तो धर्मसत्ता की जिम्मेदारी है कि उसे सही राह दिखाए। उन्होंने कहा कि जिसके घर में मुखिया एक होता है वो घर ठीक से चलता है, लेकिन यदि किसी घर के कई मालिक हो जाएं, तो फिर उस घर का संचालन ठीक प्रकार से नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि ग्रहस्थ आश्रम में रहकर जो इंद्रियों का जीत लेता है, तो उसे जंगल में जाकर तपस्या की जरूरत नहीं होती है। पिता की संपत्ति पर पहला अधिकार छोटे पुत्र का होता है। हमारा ऐसा कोई स्वजन नहीं हैं, जो हमें मृत्यु के भय से मुक्त कर दे। सिर्फ भागवत जी में यह सामर्थ्य है कि वह श्रोताओं को मृत्यु के भय से मुक्त कर देती है। मृत्यु के समय जीव की जैसी बुद्धि बनती हैं, वैसा ही उनका आगामी जीवन होता है, इसलिए मृत्यु के समय यह कोशिश रहती है कि जीव के मुख से भगवान का नाम निकले। भगवान के नाम में सामर्थ्य है कि वह व्यक्ति को नरक जाने से बचा सकता है। अजामिल ने अपने पुत्र के रूप में ही सही नारायण का नाम लेकर पदमपद प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि जब इंसान संसार की विषय वासनाओं से मलिन हो जाता है तो उसे नरक में यातना देकर शुद्ध किया जाता है।

## कलेक्टर की पहल का जौहरी ने किया स्वागत

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

न्यू कलेक्ट्रेट में प्रति मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में अपनी समस्याओं के निदान के लिए दूरदराज से पहुंचने वाले विकलांग, वृद्ध एवं



गर्भवती महिलाओं को ऐसी भीषण गर्मी में होने बाली परेशानियों को दृष्टिगत रखते हुए पीड़ित मानवता का धर्म निभाते हुए कलेक्टर रुचिका चौहान ने एक बहुत ही सार्थक पहल करते हुए कलेक्ट्रेट में प्रति मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में पहुंचने के लिए मेन रोड पर बने कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार से पहाड़ी पर बने स्थित कलेक्टर की जनसुनवाई कक्ष तक आसान पहुंच बनाने के लिए नीचे से विकलांग, वृद्ध, गर्भवती महिलाओं को ऊपर तक ले जाने ओर ऊपर से नीचे तक छोड़ने के लिए सार्थक वाहन के रुप में निःशुल्क दो ई रिक्शों की व्यवस्था किये जाने का शहर जिला कांग्रेस विकलांग कल्याण प्रकोष्ठ के जिला संयोजक, वरिष्ठ समाजसेवी और राष्ट्रीय सशक्त आत्मनिर्भर ट्रस्ट नई दिल्ली के राष्ट्रीय सलाहकार अनूप जौहरी ने कांग्रेस विकलांग प्रकोष्ठ की ओर से स्वागत किया।

## अम्बेडकर पार्क हुरावली में किया कूलर दान

**ग्वालियर।** जिला अस्पताल के आरएमओ डॉ. आलोक पुरोहित ने अपनी मां स्वर्गीय कृष्ण सखी पुरोहित की पुण्यतिथि पर डॉ. अंबेडकर पार्क



हुरावली के लिए कूलर दान किया। भीषण गर्मी के प्रकोप के चलते डॉ. अंबेडकर पार्क हुरावली में रह रहे भंते एवं साहेब लाला के लिए जिला चिकित्सालय मुरार के आरएमओ. डॉ.आलोक पुरोहित ने एक कूलर दान किया। यहां बता दें कि डॉ. पुरोहित अस्पताल में भी कूलर, एसी आदि स्वयं सेवी संस्थाओं से दान करते हैं। इस अवसर पर डॉ. अंबेडकर पार्क समिति के अध्यक्ष हाकिम सिंह, कोमल सिंह, भंते रत्न शील, साहेब लाला, महादेव सिंह गोयल, मोहन सिंह कौशल, बालकिशन आदि उपस्थित रहे।

# महिला क्लाइंट को रूम में बंद कर रेप करने वाला वकील अरेस्ट

### पति से विवाद के चलते आरोपी से संपर्क में आई थी पीड़िता

**ग्वालियर।** एक वकील द्वारा अपनी महिला क्लाइंट को रूम में बंद कर रेप किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना कंपू थाना इलाके की है, जिसमें पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के उपरांत तत्परता दिखाते हुए उसे अरेस्ट कर लिया है।

20 वर्षीय विवाहिता ने मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात कंपू थाने पहुंचकर शिकायत की है, कि उसका विवाह नरवर (शिवपुरी) थाना क्षेत्र में हुआ है। पति से विवाद के चलते वह वकील निखिल बघेल के संपर्क में आई थी। जो उसका केस लड़ रहा था। बीते रोज वह गुड़ागुड़ी के नाका पर अपने मौसा के किराए के रूम पर आई हुई थी, जहां बातचीत के लिए उसने निखिल को भी बुलवा लिया। जिस वक्त वह वहां पहुंचा, तब मौसा कहीं चले गए थे, जिससे वह अकेली ही रूम में थी। इसका



फायदा उठाते हुए निखिल ने उसे रूम में बंद कर अश्लील हरकतें करते हुए रेप कर डाला। आरोपी के चंगुल से छूटकर जैसे-तैसे वह थाने आई है। पुलिस द्वारा फरियादिया की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धारा 376, 354 व 342 के तहत एफआईआर दर्ज कर उसे रात को ही गिरफ्तार कर लिया गया है।

### शादी का झांसा दे होटल में ले जाकर दुष्कर्म

उधर पड़ाव थाने में मुरैना की रहने वाली 18 साल की युवती ने शिकायत की है, कि कुछ समय पूर्व उसकी दोस्ती ग्वालियर निवासी नरेश पचौरी से हुई थी। दोनों के बीच कॉल पर बातचीत व चैटिंग होने लगी। इसी बीच नरेश ने उसे शादी का ऑफर देते हुए ग्वालियर बुलाया, तो वह बीती 6 जून को उससे मिलने के लिए आ गई। यहां मुलाकात होने पर वह उसे गांधी नगर स्थित होटल मंगलम में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म कर डाला। फरियादिया के मुताबिक इस घटना के बाद उसने आरोपी से शादी करने को कहा, तो वह उसके परिजनों को जान से मारने की धमकी देने लगा। पुलिस द्वारा मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 376 व 506 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई है।

# गंदगी फैलाने वालों से वसूला 5 हजार रुपये से अधिक का जुर्माना

**ग्वालियर।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के तहत शहर के नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने एवं आदतन कचरा फैलाने व डस्टबिन का उपयोग न करने वालों के खिलाफ नगर निगम ग्वालियर द्वारा निरंतर अभियान चलाकर जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है।

मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वैभव श्रीवास्तव एवं डॉ. अनुज शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री हर्ष सिंह के निर्देशानुसार ग्वालियर दक्षिण विधानसभा के स्वास्थ्य अधिकारी भीष्म कुमार पमनानी के निर्देशन में वार्ड क्रमांक 41 के अंतर्गत दत्त मंदिर एवं खासकी बाजार 01 व्यक्ति का मुख्य मार्ग पर यूरिनल करने पर 100 रूपये बंटी मेवाती पर जुर्माना किया गय एवं मुख्य मार्ग पर



थूकने का 100 रूपये का उधम दास पर जुर्माना किया गया। इसके साथ ही वार्ड-40 छतरी फरूट मंडी में जुर्माना किया गया एवं वार्ड क्रमांक 34 में 05 मीट विक्रेताओं को समझाइए दी गई तथा 01 मीट विक्रेता 500 रूपये का रफीक कुरैशी मीट सेंटर जुर्माना पर किया गया। कुल 4200 रूपये का जुर्माना वसूला गया। कार्यवाही के दौरान जेडएचओ विकेश बागड़े, सेवाराम खरे, लक्ष्मण घई, डब्ल्यूएचओ महेश खरे, लक्ष्मण खरे, हरिओम बनाफल, सहायक संजय टाक एवं शिवा पवार, राजकमल चौहान, प्रदीप राज चौहान, मोनू वाल्मिक एवं दक्षिण फ्लाइंग स्कोट प्रभारी धर्मेंद्र धीरज धौलपुरिया उपस्थित रहे।

ग्रामीण विधानसभा में स्वास्थ्य अधिकारी श्री विवेक त्यागी के निर्देशन में वार्ड 61 में गंदगी करने वालों एवं अमानक पॉलीथिन का उपयोग करने वालों 1000 रूपये का जुर्माना किया गया। कार्यवाही के दौरान जेडएचओ श्री राजेन्द्र डागोर एवं डब्ल्यूएचओ उपस्थित रहे।

# पांच दिवसीय मधुमेह रोग निवारण शिविर प्रारंभ

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

श्री माता मंदिर योग केंद्र पुष्कर कॉलोनी पर पांच दिवसीय मधुमेह रोग निवारण शिविर प्रारंभ किया गया। डॉ. केके दीक्षित ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम दिवस के मुख्य अतिथि प्रांतीय महामंत्री बालकिशन अग्रवाल एवं जिला प्रधान अरविंद बाजपई द्वारा मां सरस्वती का पूजन एवं भारतीय योग संस्थान के संस्थापक प्रकाश लाल के फोटो पर माला अर्पित की। इसके बाद मुख्य अतिथि एवं सभी साधकों का स्वागत चन्दन टीका लगाकर किया गया। सरस्वती वंदना श्रीमती रंजना साद, श्रीमती सुनीता एवं श्रीमती गीता द्वारा प्रस्तुत की गई। इस दौरान सूक्ष्म क्रियाएं प्रमोद त्रिपाठी जिला विस्तारक द्वारा, ध्यानात्मक आसन अरविन्द बाजपेयी, आसन क्रमशः एपी सिंह भदौरिया (क्षेत्रीय मंत्री), विजय साद (जिला मंत्री), श्रीमती रंजना साद (जिला कार्यकारणी सदस्य), महेंद्र सिंह राजावत (क्षेत्रीय कार्यकारणी सदस्य) व श्रीमती सुषमा बघेल (केंद्र प्रमुख) द्वारा कराए गए। नेत्र सुरक्षा क्रियायें शिवकुमार शुक्ला (सप्तऋषि मंडल सदस्य सिद्धेश्वर मंदिर), प्राणायाम ओमप्रकाश बाजपेयी (क्षेत्रीय प्रधान) एवं ध्यान अरविन्द बाजपेयी (जिला प्रधान) द्वारा कराया गया। बालकिशन अग्रवाल (प्रांतीय महामंत्री) द्वारा योगनिंद्रा का सुन्दर अभ्यास कराया, साथ ही भारतीय योग संस्थान का परिचय एवं मधुमेह रोग क्या है, क्या लक्षण हैं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। श्रीमती रंजना साद जिला कार्यकारणी सदस्य द्वारा प्रार्थना एवं शांति पाठ कराया। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री विजय साद ने किया। आभार केंद्र प्रमुख श्रीमती सुषमा बघेल ने माना।



सत्ता न्यूज | कभी भी गोमांस का सेवन नहीं करना चाहिए

# मनुष्य को हमेशा गाय की सेवा करना चाहिएः पं. घनश्याम शास्त्री

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

संत फक्कड़ बाबा के सानिध्य में ग्राम देहगांव मौ में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन सुप्रसिद्ध भागवताचार्य पं. घनश्याम शास्त्री ने बताया कि मनुष्य को शास्त्रों में बताई गईं बातों का अपने जीवन में पालन करना चाहिए। अपने मन की मर्जी से पशु जीवन यापन करते हैं। जो भी मनुष्य शास्त्रों के बताये गए मार्ग पर चलता है वही मानव कहलाने के योग्य होता है। मनुष्य को हमेशा गाय की सेवा करनी चाहिए और कभी भी गोमांस का सेवन नहीं करना चाहिए। भगवान श्रीकृष्ण ने भी गौमाता की सेवा की थी। मनुष्य को जीवन में कभी भी अंहकार नहीं





करना चाहिए क्योंकि अंहकारी मनुष्य से भगवान कभी खुश नहीं होते है और उसका सबकुछ छीन लेते है। भगवान कभी भी बुरे कार्य करने वाले मनुष्य पर प्रसन्न नहीं होते है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने हर काम को ईमानदारी से करना चाहिए। हर सनातनी को कथा, पूजा- पाठ, जागरण में भारतीय वस्त्र का प्रयोग करना चाहिए। मनुष्य को पुण्य की प्राप्ति के लिए अपने धर्म के नियमों का पालन करना चाहिए। मनुष्य को अधिक शक्ति और अधिक पैसे की प्राप्ति होने पर भी सहनशील होना चाहिए। मनुष्य को जीवन में संकट आने पर घबराना नहीं चाहिए और भगवान की शरण में चले जाना चाहिए। मनुष्य अपने जीवन में काफी गलती करता है लेकिन गलती होने पर मनुष्य को उन गलतियों से सीख कर अपने जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। इस अवसर पर कथा परीक्षित संत राघव गिरी महाराज के अलावा अन्रू संत, महात्मा एवं सभी ग्राम वासियों ने भागवत महापुराण पुराण की आरती की।

# उपायुक्त डॉ. श्रीवास्तव ने बैठक लेकर दिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

**संबल और श्रम कल्याण से संबंधित समस्याओं के समय सीमा में निराकरण के लिए उपायुक्त डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव ने बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में श्रम कल्याण अधिकारी श्री विजय बरूआ सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।**




उपायुक्त प्रदीप श्रीवास्तव ने संबल और श्रम कल्याण से संबंधित समस्याओं के समय सीमा में निराकरण के लिए आज बुधवार को क्षेत्र अधिकारियों तथा राजस्व कर संग्राहकों की बैठक ली गई तथा निर्देशित किया गया कि लोक सेवा गारंटी के सभी प्रकरण 7 दिवस के अंदर निराकरण किया जाए। यदि प्रकरण 7 दिवस के बाहर होते हैं तो संबंधित क्षेत्राधिकारी जो पदाभिहित अधिकारी है, के वेतन से ढाई सौ रुपए प्रति दिवस के मान से राशि काटे जाने के शासन के प्रावधान हैं।

# समर्पित प्रयासों से बदल रहा विकास, जनकल्याण और सुशासन का परिदृश्य

# मध्यप्रदेश सरकार के 180 दिन



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

## सुशासन से समृद्धि




- प्रधानमंत्री जी द्वारा साइबर तहसील परियोजना प्रदेश के सभी 55 जिलों में लागू। नामांतरण, बंटवारा आदि विभिन्न राजस्व प्रकरणों के ऑनलाइन निराकरण की पहल करने वाला मध्यप्रदेश, देश का पहला राज्य
- ध्वनि विस्तारक यंत्रों की अनियंत्रित आवाज का प्रयोग प्रतिबंधित
- खुले में मांस-मछली की बिक्री पर प्रतिबन्ध
- यातायात सुगमता के लिए भोपाल में बीआरटीएस कॉरिडोर हटाने का निर्णय
- जिलों, संभागों, तहसीलों की सीमाओं के पुनर्निर्धारण के लिए पृथक प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग बनाने का निर्णय
- उज्जैन शहर के केडी गेट से इमली तिराहा मार्ग चौड़ीकरण के लिये 23 धार्मिक स्थलों को हटाने के लिये व्यवस्थापकों, पुजारियों और नागरिकों द्वारा सहयोग कर साम्प्रदायिक सौहार्द का उल्लेखनीय उदाहरण प्रस्तुत
- निजी स्कूलों द्वारा कोर्स की किताबें, यूनिफार्म एवं अन्य शिक्षण सामग्री किसी निर्धारित दुकान से खरीदने के लिए पालकों पर अनुचित दबाव डाले जाने के मामले में मुख्यमंत्री द्वारा स्कूलों के खिलाफ सख्त कार्यवाही के निर्देश
- 2000 से अधिक पुलिसकर्मियों को मिला पात्रतानुसार उच्च पद
- बालाघाट के कमकोदादर में हुई मुठभेड़ में नक्सलियों को खत्म करने वाले 24 शासकीय पुलिस सेवकों का आउट ऑफ टर्न प्रमोशन
- पुलिसकर्मियों के लिए मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 25 हजार मकान बनाने का लक्ष्य
- मध्यप्रदेश में आयी अपराधों में कमी, थानों की सीमाओं के पुनर्निर्धारण का कार्य तेजी से जारी
- 105 वर्ग मीटर तक के आवासीय भू-खंडों के लिए ऑनलाइन आवेदन कर डीम्ड अनुज्ञा प्राप्त करने और 300 वर्ग मीटर तक के आवासीय भू-खंडों पर त्वरित अनुज्ञा प्रदान करने की व्यवस्था लागू
- दो चरणों में राजस्व महाअभियान चलाकर 30 लाख 48 हजार से अधिक राजस्व प्रकरणों का निराकरण
- प्रदेश के सभी बोरवेलों की जानकारी रखने हेतु शासन द्वारा पोर्टल तैयार। खुले बोरवेलों को बंद करने के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी तय
- सभी संभागों में समीक्षा बैठकों के दौरान बड़े पैमाने पर विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास
- शासकीय सेवकों के महंगाई भत्ते में 4 प्रतिशत की वृद्धि से 46% हुआ डीए

## समावेशी शिक्षा से संवरता कल



- प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम उषा) के अंतर्गत 8 विश्वविद्यालयों में अधोसंरचना तथा अन्य विकास कार्यों के लिए ₹400 करोड़ स्वीकृत
- हर जिले में पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु ₹485 करोड़ के निवेश से 55 जिलों में पूर्व से संचालित एक महाविद्यालय का पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में उन्नयन। इन कॉलेजों में 1750 शैक्षणिक एवं 369 तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के पद सृजित
- पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस को बहुसंकायी बनाने एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के संचालन हेतु 7 महाविद्यालयों में स्नातक स्तर पर नवीन संकाय एवं 55 महाविद्यालयों में स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर पर संस्कृत, बायोटेक्नोलॉजी, कम्प्यूटर साइंस विषय प्रारंभ
- पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में सेंटर फॉर रिसर्च इन स्कीम एंड पॉलिसी (CRISP) के माध्यम से 8 रोज़गारोन्मुखी स्किल-आधारित पाठ्यक्रमों का संचालन
- आईआईटी इंदौर के सहयोग से उज्जैन में निर्मित देश के प्रथम शोध-आधारित नवाचार, प्रौद्योगिकी एवं उद्यमिता अनुभवात्मक विद्यार्जन केंद्र (डीप-टेक रिसर्च और डिस्कवरी सैटेलाइट कैंपस) का उद्घाटन
- खरगोन में ₹170 करोड़ से क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय का उद्घाटन
- 369 सर्वसुविधायुक्त सीएम राइज़ विद्यालयों का संचालन
- विश्वविद्यालयों के कुलपति को कुलगुरु कहे जाने का निर्णय
- सागर में रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय एवं गुना में तात्या टोपे विश्वविद्यालय प्रारंभ
- आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के नाम से होगा सागर में आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू करने वाला देश का पहला राज्य बना मध्यप्रदेश
- अंतरराष्ट्रीय शिक्षा की गुणवत्ता से जुड़ने के लिए 12 अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ एम.ओ.यू.
- विश्वविद्यालयों में छात्र-छात्राओं की अंक सूची एवं उपाधियों को डिजी लॉकर में अपलोड करने की व्यवस्था लागू
- व्यावसायिक शिक्षा एवं सामान्य शिक्षा का एकीकरण कर 35 व्यावसायिक विषयों का पाठ्यक्रम में समावेश
- इंजीनियरिंग-मेडिकल की तर्ज पर नर्सिंग स्टूडेंट की स्टेट लेवल पर परीक्षा का निर्णय, केंद्र के नर्सिंग एक्ट के अनुसार राज्य में आयोग गठित होगा। भविष्य में नर्सिंग संस्थाओं को मान्यता राष्ट्रीय आयोग देगा
- शिक्षा में गुणवत्ता के लिये भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, इंदौर, उज्जैन, रीवा के विश्वविद्यालयों में इन्क्यूबेशन केंद्रों की स्थापना
- पायलट ट्रेनिंग के लिए विश्वविद्यालयों में कोर्स शुरु होगा
- एमपी बोर्ड 12वीं में 75 फीसदी अंक पाने वाले करीब 90 हजार छात्रों को लैपटॉप के लिए दी जायेगी ₹25-25 हजार की राशि
- सागर, खरगोन और गुना में नए विश्वविद्यालयों की स्थापना
- शासकीय महाविद्यालयों में कृषि को एक विषय के रूप में जोड़ा गया

## स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार




- प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों से गंभीर रुप से बीमार/दुर्घटनाग्रस्त लोगों को एयरलिफ्ट कर समय पर उपचार उपलब्ध कराने के लिए सरकार की संवेदनशील पहल के तहत पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ
- कार्य दक्षता के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग और लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग का विलय
- आयुष्मान भारत योजना में 3 करोड़ 99 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड वितरित। अब तक 38 लाख से अधिक मरीजों का निःशुल्क उपचार
- जिला अस्पताल एवं सिविल अस्पतालों को एक-एक शव-वाहन उपलब्ध कराने का निर्णय
- सागर, शहडोल, नर्मदापुरम, धार, झाबुआ, मंडला, बालाघाट, श्योपुर एवं खजुराहो में नए आयुर्वेदिक महाविद्यालय स्थापित करने का निर्णय
- सिंहस्थ को देखते हुए उज्जैन में नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना का निर्णय
- चिकित्सा महाविद्यालयों को पीपीपी मोड पर स्थापित करने का निर्णय। मेडिकल कॉलेजों के साथ नए नर्सिंग कॉलेजों की स्थापना के लिए राशि स्वीकृत
- स्वास्थ्य संस्थानों में 46 हजार 491 नये पदों (नियमित/संविदा/आउटसोर्स) के सृजन की स्वीकृति
- स्वास्थ्य सूचकांकों में बेहतर प्रदर्शन के लिये स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सीय विशेयज्ञों के 607 पदों पर पूर्ति सीधी भर्ती से कराने की मंजूरी

## सशक्त बनती नारी शक्ति




- लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत 1 करोड़ 29 लाख बहनों के खातों में जनवरी से अभी तक ₹9 हजार 455 करोड़ से अधिक की सहायता राशि का अंतरण
- लाड़ली लक्ष्मी योजना अंतर्गत दिसंबर 2023 से अभी तक 73 हजार 880 लाड़ली बालिकाओं के खाते में ₹34 करोड़ की छात्रवृत्ति का अंतरण
- 45 लाख 89 हजार बहनों के खातों में ₹450 में गैस सिलिंडर की रीफिलिंग के लिए ₹118 करोड़ का अंतरण
- प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना अंतर्गत 3 चरणों में अब तक 88 लाख से अधिक नि:शुल्क गैस कनेक्शन दिये
- महिला स्व-सहायता समूहों को दी गयी ₹9 हजार 560 करोड़ से अधिक की सहायता

## युवा कल्याण के सतत् प्रयास



- सरकारी नौकरियों के लिए चयनित 11 हज़ार से अधिक उम्मीदवारों को सौंपे गए नियुक्ति-पत्र
- स्टार्ट-अप्स को प्रोत्साहित करने के लिए नई पहल के तहत, प्रदेश के स्टार्ट-अप्स को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में सहभागिता के लिए ₹50 हजार से लेकर डेढ़ लाख तक वित्तीय सहायता का प्रावधान
- राज्य स्तरीय 'रोज़गार दिवस' के अवसर पर रिकॉर्ड 7 लाख युवाओं को ₹5 हजार करोड़ का स्व-रोज़गार ऋण वितरित
- अग्निवीर योजना में युवाओं का अधिक से अधिक चयन हो, इस उद्देश्य से 360 घंटे प्रशिक्षण देने का लक्ष्य
- मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना में फरवरी 2024 में 8 हजार प्रशिक्षणार्थियों को ₹6 करोड़ 60 लाख का स्टाइपेंड वितरित



"हमारा उद्देश्य है कि सरकार उपलब्ध संसाधनों के साथ जनहितैषी गतिविधियों को प्रभावी तरीके से क्रियान्वित करे। प्रदेश को विकास के पथ पर निरंतर आगे ले जाना और सुशासन को सच्चे स्वरुप में धरातल पर उतारना ही हमारा लक्ष्य है"

\- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

D-11011/24

# मध्यप्रदेश बन रहा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन का केन्द्र

मध्यप्रदेश में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन के विकास पर विशेष जोर दिया जा रहा है। राज्य सरकार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सांस्कृतिक अभ्युदय के संकल्प को पूरा करने की ओर मजबूती से कदम बढ़ा रही है। प्रदेश में सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और सनातन परम्परा के गौरव को संरक्षित करने और सहेजने की पहल के कई निर्णय लिये हैं। प्रदेश में सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये चित्रकूट को अयोध्या की तर्ज पर विकसित किया जायेगा। साथ ही चित्रकूट सहित राम वन पथ गमन मार्ग के सभी प्रमुख स्थलों को विकसित करने के लिये पूरी कार्य-योजना बनाकर उसे चरणबद्ध तरीके से लागू करने का निर्णय भी लिया गया है। इसी तरह 1450 किलोमीटर की दूरी वाले राम वन पथ गमन मार्ग को प्रदेश के सांस्कृतिक पर्यटन के लिहाज से भव्य धार्मिक केन्द्र के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है। राम वन पथ गमन मार्ग के विकास से समीपीय क्षेत्रों में विकास के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। राम वन पथ गमन के लिये तैयार की गई कार्य-योजना में 23 प्रमुख धार्मिक स्थल हैं, जिनमें सतना, पन्ना, कटनी, अमरकंटक, शहडोल, उमरिया आदि जिलों को भी शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त यह भी निर्णय लिया गया कि जहाँ-जहाँ भगवान श्रीकृष्ण के चरण पड़े, उन स्थानों को तीर्थ के रूप में विकसित किया जायेगा। महाकाल की नगरी उज्जैन को व्यवसाय, पर्यटन एवं विकास की राह में आगे बढ़ाने के मकसद से इस वर्ष उज्जैन में विभिन्न



सांस्कृतिक, व्यापारिक एवं औद्योगिक आयोजन किये गये। इस वर्ष फरवरी माह में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विक्रमोत्सव के अवसर पर विश्व की पहली विक्रमादित्य वैदिक घड़ी'' का शुभारंभ कर भारतीय काल गणना परम्परा का साक्षात्कार पूरी दुनिया से कराया। इस वर्ष शासकीय कैलेण्डर में विक्रम संवत अंकित करना प्रारंभ किया गया। मध्यप्रदेश के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक अभ्युदय के लिये मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महत्वपूर्ण निर्णय लिये हैं। इंदौर से उज्जैन एवं मण्डलेश्वर ज्योतिर्लिंग तथा जबलपुर से चित्रकूट तथा ग्वालियर से ओरछा एवं पीताम्बरा पीठ के लिये हेलीकॉप्टर सेवाएँ प्रारंभ की जायेंगी। पर्यटकों को हवाई यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराने के लिये पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा एवं पीएम श्री धार्मिक पर्यटन हेली सेवा का शुभारंभ किया गया है। इसके अतिरिक्त राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश के श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये अयोध्या में एक आस्था-भवन (धर्मशाला) निर्माण करने का निर्णय लिया गया है। कुटीर उद्योग को बढ़ावा देने के लिये देवालयों में लगने वाली सामग्री जैसे भगवान के वस्त्र-आभूषण, श्रृंगार सामग्री, धातु एवं पत्थर की मूर्तियों का निर्माण स्व-सहायता समूह द्वारा कराये जाने का निर्णय लिया गया है। साथ ही क्षेत्र के युवाओं को इसके लिये प्रख्यात कलाकारों से प्रशिक्षण उपलब्ध कराने और मंदिरों में इन सामग्रियों के विक्रय के लिये स्टॉल की व्यवस्था की जायेगी। यूनेस्को के विश्व हेरिटेज सेंटर द्वारा प्रदेश की 6 धरोहरों को सम्मिलित किया गया है। इसमें ग्वालियर किला, धमनार का ऐतिहासिक समूह, भोजपुर का भोजेश्वर महादेव मंदिर, चंबल घाटी के रॉक कला स्थल, खूनी भंडारा, बुरहानपुर और रामनगर, मंडला का गौंड स्मारक शामिल है। मध्यप्रदेश में क्रूज टूरिज्म को गति प्रदान करने के लिये मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड ने भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण एवं गुजरात सरकार के साथ एमओयू किया गया, जिसके तहत ओंकारेश्वर स्थित एकात्मधाम (स्टेच्यु ऑफ वननेस) से गुजरात के केवड़िया में स्थित स्टेच्यु ऑफ यूनिटी तक संचालित किया जायेगा।

# सफल भी एवं सक्षम भी होगी मोदी की तीसरी पारी



▪ ललित गर्ग

**एक और इतिहास रचते हुए नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। इसके साथ ही वह पंडित जवाहरलाल नेहरू के बाद लगातार तीसरा कार्यकाल हासिल करने वाले पहले प्रधानमंत्री बन गए। यह देश ही नहीं दुनिया के लिए एक अद्भुत एवं विलक्षण राजनीतिक घटना है, क्योंकि दुनिया में बहुत कम शासनाध्यक्षों को यह सौभाग्य प्राप्त हुआ।**

मोदी के इस तीसरे कार्यकाल पर देश-दुनिया की नजरें इसलिये भी टिकी हैं कि मोदी सरकार 3.0 का अजेंडा पिछली गठबंधन सरकारों से अलग होकर भी सशक्त है। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को लेकर काम करने वाली इस सरकार में 71 मंत्रियों ने प्रधानमंत्री के साथ शपथ ली। मोदी के करिश्माई नेतृत्व में पिछले दस साल में देश को विकास के कहीं ज्यादा ऊंचे मुकाम पर खड़े करते हुए दुनिया को चौंकाया है। 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से हम पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं। जीडीपी के आकार के हिसाब से हमने पिछले साल ब्रिटेन को पीछे छोड़ा और 2026 तक जापान तो 2027 तक जर्मनी को पीछे छोड़ने की उम्मीद कर रहे हैं। इन लक्ष्यों की ओर तेजी से कदम बढ़ाना नई सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसक साथ ही सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास इस सरकार का ध्येय है। प्रधानमंत्री मोदी इस बार गठबंधन सरकार का नेतृत्व करते हुए एक नया इतिहास बनायेंगे, उम्मीद की जा रही है कि बिना बाधा एवं गठबंधन की शर्तों के वे देश-विकास के अपने एजेंडे को सफलतापूर्वक एक नई ऊंचाई देंगे। उनकी लोकसभा चुनाव-2024 की उपलब्धि की महत्ता इसलिये भी कम नहीं हो जाती, क्योंकि भाजपा बहुमत से कुछ ही दूर है। चूंकि सहयोगी दल मोदी सरकार को सहयोग और समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध हैं और मंत्रियों का चयन सुगम तरीके से हो गया इसलिए यह आशा की जाती है कि मोदी की तीसरी पारी भी सुगमता एवं त्वरित गति से चलेगी। इसका एक कारण यह भी है कि उनके पास व्यापक राजनीतिक अनुभव है और चुनौतियों का सामना करने की क्षमता तथा समन्वय की राजनीति करने का कौशल भी। गठबंधन दलों को भी समन्वय एवं सौहार्द का वातावरण बनाना होगा, इसी में उनका राजनीतिक हित है। वे विपक्षी दलों के बहकावे में न आये, वरना यहां मोदी एवं शाह के पास अन्य विकल्प हैं जो मोदी सरकार को संकट में नहीं जाने देंगे। मोदी की राजनीतिक यात्रा को देखा जाए तो उन्होंने अनेक ऐसी चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया है जिनकी कल्पना नहीं की जाती थी-पहले गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में और फिर देश के प्रधानमंत्री के रूप में।

मोदी के सामने चुनौतियां पूर्ण बहुमत के दौर में भी रही है और अब भी कायम है। इस राह पर दो बड़ी चुनौतियां



खड़ी हैं, जिनकी अनदेखी करते हुए आगे बढ़ना मुमकिन नहीं है। ये हैं बेरोजगारी और असमानता। इंटरनैशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन की इंडिया एम्प्लॉयमेंट रिपोर्ट के मुताबिक देश में 80 प्रतिशत बेरोजगार युवा हैं। गरीब मुक्त भारत बनाने का लक्ष्य भी सामने हैं। पूर्व के दौ कार्यकाल में मोदी ने इसमें बड़ी सफलता हासिल की है। जहां तक असमानता की बात है तो उसे अक्सर तेज विकास के आगे ज्यादा तवज्जो नहीं मिलती, लेकिन याद रखने की बात है कि तेज विकास को अगर टिकाऊ बनाना हो तो असमानता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इसी मौलिक सोच एवं दृष्टि से मोदी सरकार 3.0 का अजेंडा दुनिया में भारतीय अर्थव्यवस्था को एक चमकते सितारे के रूप में स्थापित करने एवं सुदृढ़ आर्थिक विकास के लिये आगे की राह दिखाने वाला होगा। संभावना है कि मोदी की तीसरी पारी में समावेशी विकास, वंचितों को वरीयता, बुनियादी ढांचे में निवेश, क्षमता विस्तार, हरित विकास, महिलाओं एवं युवाओं की भागीदारी, मोदी की गारंटियों पर बल दिया जायेगा। इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल और सामाजिक विकास की दृष्टि से देश को आत्मनिर्भर बनाने की रफ्तार को भी गति दी जायेगी। वन नेशन, वन इलेक्शन और यूनिफॉर्म सिविल कोड जैसे मुद्दों पर राजनीतिक मजबूरी की विशेष छाप देखने को मिल सकती है। लेकिन मोदी की कोशिश रहेगी कि वे अपने इन मुद्दों को भी आकार दे सके। इनमें कुछ विलम्ब हो सकता है, लेकिन ये और ऐसे अनेक मुद्दें मोदी की प्राथमिकता बने रहेंगे। पिछले दस वर्षों का मोदी का कार्यकाल यह बताता है कि जहां उन्होंने देश विकास की एक अमिट गाथा लिखी, वहीं वे देश में सबसे सशक्त और लोकप्रिय नेता के रूप में उभरे और विश्व पटल पर अपनी एक गहरी छाप छोड़ते हुए भारत को एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में खड़ा किया। इससे विश्व में भारत का मान बढ़ा और इसे उनके विरोधी भी स्वीकार करते हैं। प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने न केवल साहसिक फैसले लिए, बल्कि विकास और जनकल्याण के ऐसे कार्य किए जिसने देश की तस्वीर बदली, भारत का विकास हुआ। अब वह विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। चूंकि गठबंधन सरकार के बावजूद कमान प्रधानमंत्री के हाथ में है और उन्होंने यह कहा है कि वह अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और इस एजेंडे के प्रति सहयोगी दलों और विशेष रूप से टीडीपी और जेडीयू ने भी अपनी संकल्पबद्धता जताई है इसलिए मोदी की प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी पारी निरंतरता, साहसिकता, दृढ़ता का परिचायक ही होगी। राजनीति की लंबी पारी ने मोदी को दृढ़ता के साथ ही लचीलेपन का भी पाठ पढ़ाया है। कोई कारण नहीं कि राजनीतिक विरोधियों को साथ लेने में दिखाया गया लचीलापन सहयोगियों को बनाए रखने में काम नहीं आएगा। दूसरी बात यह कि चाहे चंद्रबाबू नायडू हों या नीतीश कुमार, दोनों विकास की राजनीति का चेहरा रहे हैं। मंत्रिमण्डल का गठन करते हुए ऐसा नजर नहीं आया कि भाजपा गठबंधन सहयोगियों के किसी तरह के दबाव में हो। पिछली सरकार में महत्वपूर्ण मंत्रालय संभालने वाले भाजपा के सांसद वरिष्ठता क्रम में शपथ लेते नजर आए।

# क्या भारत कभी विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन पाएगा

प्रसिद्ध अर्थशास्त्री एवं इतिहासकार श्री एंग्स मेडिसिन के अनुसार वर्ष 1820 तक भारत विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था, 1820 आते आते चीन भारत से आगे निकल गया था। 1820 से 1870 के बीच चीन एवं भारत विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में पूरे विश्व में सबसे आगे थे। वर्ष 1870 से 1900 के बीच ब्रिटेन विश्व की सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया परंतु ब्रिटेन पर यह ताज अधिक समय तक नहीं टिक सका क्योंकि इसके तुरंत बाद अमेरिका विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया था। इसके बाद तो आर्थिक प्रगति के मामले में अमेरिका एवं यूरोपीयन देश लगातार आगे बढ़ते रहे, विकसित अर्थव्यवस्थाएं बने और एशिया के देशों (विशेष रूप से भारत एवं चीन) का वर्चस्व वैश्विक अर्थव्यवस्था में लगभग समाप्त सा हो गया था। परंतु, अब एक बार पुनः समय चक्र बदल रहा है एवं अमेरिका एवं यूरोपीयन देशों की अर्थव्यस्थाएं आर्थिक विकास के मामले में ढलान पर दिखाई दे रही हैं एवं एशिया के देश, विशेष रूप से भारत एवं चीन, पुनः तेज गति से आर्थिक प्रगति करते हुए वैश्विक अर्थव्यवस्था में अपना दबदबा कायम करते नजर आ रहे हैं।




आज अमेरिकी अर्थव्यस्था का आकार लगभग 25 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का है और चीन की अर्थव्यवस्था का आकार लगभग 18 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का है। ऐसी सम्भावना व्यक्त की जा रही है कि वर्ष 2035 से 2040 के बीच चीन विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा एवं अमेरिका दूसरे नम्बर पर आ जाएगा और भारत तीसरे नम्बर पर आ जाएगा। परंतु, इसके बाद क्या भारत अमेरिकी अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ते हुए दूसरे नम्बर पर आ पाएगा। इस तरह की चर्चाएं आजकल आर्थिक जगत में होने लगी हैं। आज से लगभग 10 वर्ष पूर्व भारतीय अर्थव्यवस्था का विश्व में 11वां स्थान था जो आज 3.70 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद के आकार के साथ विश्व में 5वें स्थान पर आ गई है। ऐसी सम्भावना व्यक्त की जा रही है कि वर्ष 2026 में भारतीय अर्थव्यवस्था जर्मनी अर्थव्यवस्था से आगे निकलकर विश्व में चौथे स्थान पर आ जाएगी। इसी प्रकार वर्ष 2027 में जापानी अर्थव्यवस्था को भी पीछे छोड़ते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व में तीसरे स्थान पर आ जाएगी। गोल्ड्मन सच्स के अनुसार, अगले चार वर्षों के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक हो जाएगा। इसी प्रकार, ब्लूम्बर्ग के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था आगामी वर्षों में लगातार 6 प्रतिशत से अधिक की विकास दर हासिल करता रहेगा, और अमेरिका एवं चीन की आर्थिक विकास दर से आगे बना रहेगा। भारतीय अर्थव्यवस्था में आर्थिक विकास दर के तेज गति से आगे रहने के पीछे जो कारण बताए जा रहे हैं उनमें शामिल हैं - भारतीय जनसंख्या में वृद्धि होते रहना (अमेरिका एवं चीन में जनसंख्या वृद्धि दर लगातार कम हो रही है), इससे भारतीय घरेलू बाजार मजबूत बना रहेगा एवं उत्पादों की मांग भी भारत में तेज गति से आगे बढ़ती रहेगी। एक अनुमान के अनुसार, वर्ष 2050 तक भारत की आबादी बढ़ कर 170 करोड़ नागरिकों की हो जाएगी, इससे भारत अपने आप में विश्व का सबसे बड़ा बाजार बन जाएगा। वर्ष 2024 में भारत में उपभोक्ता विश्वास सूचकांक 98.5 प्रतिशत तक पहुंच गया है। दूसरे, भारत में आधारभूत ढांचे को विकसित करने के लिए भी केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा अत्यधिक मात्रा में पूंजी निवेश किया जा रहा है। भारत में आधारभूत ढांचे को विकसित श्रेणी में लाने के लिए केवल रोड ही नहीं बल्कि रेल्वे, एयरपोर्ट, ऊर्जा एवं जल व्यवस्था को विकसित करने के लिए भी भरपूर पूंजी निवेश किया जा रहा है। भारत में आज भी श्रमिक लागत तुलनात्मक रूप से बहुत कम है, इससे कई विदेशी कम्पनियां अब चीन के स्थान पर भारत में अपनी विनिर्माण इकाईयों को स्थापित कर रही हैं इससे भारत के औद्योगिक विकास को गति मिल रही है। भारत ने भी कई उद्योग क्षेत्रों के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना लागू की है जिसका लाभ विश्व की कई बहुराष्ट्रीय कम्पनियां उठा रही हैं एवं अपनी औद्योगिक इकाईयां भारत में स्थापित कर रही हैं। तीसरे भारत में आज 140 करोड़ की जनसंख्या में से 100 करोड़ से अधिक नागरिक युवा एवं कार्य कर सकने वाले नागरिकों की श्रेणी में शामिल हैं। इतनी बड़ी मात्रा में श्रमिकों की उपलब्धि किसी भी अन्य देश में नहीं है। अन्य विकसित देशों, चीन सहित, में कार्य कर सकने वाले नागरिकों की संख्या लगातार कम हो रही है क्योंकि इन देशों में प्रौढ़ नागरिकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। किसी भी देश में युवा जनसंख्या का अधिक होने से न केवल श्रमिक के रूप में इनकी उपलब्धि आसान बनी रहती है बल्कि इनके माध्यम से देश में उत्पादों की मांग में भी वृद्धि दर्ज होती है तथा युवा जनसंख्या की उत्पादकता भी अधिक होती है जिससे उत्पादन लागत कम हो सकती है। साथ ही, युवाओं द्वारा नवाचार भी अधिक मात्रा में किया जा सकता है। यह सब कारण हैं जो भारतीय अर्थव्यवस्था को पूरे विश्व में एक चमकता सितारा बनाने में सहायक हो रहे हैं। हाल ही के समय में वैश्विक स्तर पर आर्थिक क्षेत्र का परिदृश्य तेजी से बदला भी है। अभी तक वैश्विक अर्थव्यवस्था में विकसित देशों का दबदबा बना रहता आया है।

परंतु, अब अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2024 में भारत सहित एशियाई देशों के वैश्विक अर्थव्यवस्था में 60 प्रतिशत का योगदान होने की प्रबल सम्भावना बन रही है। एशियाई देशों में चीन एवं भारत मुख्य भूमिकाएं निभाते नजर आ रहे हैं। प्राचीन काल में वैश्विक अर्थव्यस्था में भारत का योगदान लगभग 32 प्रतिशत से भी अधिक रहता आया है।

**प्रहलाद सबनानी**

## राजकाज



### कौन बनेगा दुनिया की सबसे बड़ी धनी पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल हो गए हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में उनका कार्यकाल खत्म होने जा रहा था। पद रिक्त होने के बाद, अब नया राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन चुना जाएगा। इसको लेकर अटकलों का बाजार गर्म हो गया है। दुनिया के सबसे बड़े और सबसे धनी राजनीतिक दल का अध्यक्ष होना बड़े गौरव की बात है। अभी तक अमित शाह, भूपेंद्र यादव, धर्मेंद्र प्रधान, मनोहर लाल खट्टर, शिवराज सिंह चौहान, सीआर पाटील का नाम चल रहा था। यह सब केंद्रीय मंत्री बन चुके हैं। ऐसी स्थिति में नए नाम की तलाश शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के ही किसी विश्वसनीय नेता को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाना चाहते हैं। नया अध्यक्ष चुने जाने तक,यह पद संगठन महामंत्री बीएल संतोष के पास रह सकता है। इस बात की संभावना व्यक्त की जा रही है। जो भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनेगा, वह मोदी की पसंद का होगा।

### बजट सत्र के बाद राज्यों में बड़ा फेरबदल?

केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने जोर शोर से काम शुरू कर दिया है। मंत्रिमंडल के साथ-साथ विभागों का बंटवारा हो गया है। अब लोकसभा अध्यक्ष निर्वाचन तथा केंद्र के बजट सत्र के पश्चात भाजपा शासित राज्यों में बड़े फेरबदल की संभावना व्यक्त की जा रही है। लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए अभी राज्यों में जमावट की गई थी। बजट सत्र के बाद भाजपा शासित राज्यों में एक बार फिर बड़ा फेरबदल होगा। जिसमें कई राज्यों के मुखिया एक बार फिर बदले जाएंगे। इस तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

### लोकसभा चुनाव से सबक लेते हुए राज्यों के चुनाव की तैयारी शुरू

जम्मू कश्मीर, हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड में कुछ माह पश्चात चुनाव होने वाले हैं। अगले साल दिल्ली और बिहार में चुनाव होना है। लोकसभा चुनाव भारतीय जनता पार्टी के लिए एक सबक है। एक चुनाव खत्म होता है, उसके साथ ही भाजपा में जिन राज्यों में चुनाव होने हैं, उसकी तैयारी शुरू हो जाती है। लोकसभा चुनाव में भाजपा को महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड में बड़ा झटका लगा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा से 3 झारखंड से 2 महाराष्ट्र से 6 मंत्री केंद्र में बनाए गए हैं। जल्द ही इन तीनों राज्यों में संगठन स्तर पर भी बड़े फेरबदल किए जाने की बात सामने आ रही है। इसको लेकर राज्यों में भी हलचल बढ़ गई है।

### राजपूत समुदाय से नाराजगी

लोकसभा चुनाव के जो परिणाम सामने आए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबसे ज्यादा बिहार के राजपूतों से नाराज हैं। एनडीए के 6 सांसद होने के बाद भी किसी भी राजपूत को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया। गुजरात में पुरुषोत्तम रुपाला से राजकोट के राजपूत नाराज थे, उन्हें मना लिया गया था। जबकि अन्य राज्यों के राजपूतों को, राजपूत नेता मनाने में विफल रहे। जिसके कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा के राजपूत नेताओं से नाराज हैं। इसका असर जल्द ही उत्तर प्रदेश में भी देखने को मिल सकता है।

## योगासन



# बीमारी को दूर भगाता है योग

**योग शरीर के लिए कई तरह से फायदेमंद है। योग करने से ना सिर्फ शरीर फुर्तीला रहता है बल्कि इससे कई तरह की बीमारियां भी दूर होती हैं। कोरोना वायरस जैसी भयंकर महामारी के चलते लोग इस समय सेहत को लेकर पहले से ज्यादा जागरूक हो गए हैं। योग कई तरह की बीमारियों को भी ठीक करने में कारगर है।**

**अस्थमा:** अस्थमा के मरीजों के लिए योग बेहद कारगर है। योग करने से न सिर्फ आपको सांस संबंधी तकलीफों से छुटकारा मिलेगा, बल्कि आपको इंहेलर लेने की जरूरत भी नहीं पड़ती है। योग से फेफड़ों में ताजी हवा पहुंचती है और सांस से जुड़ी सारी समस्याएं दूर हो जाती हैं। अस्थमा के रोग में प्राणायाम और धनुरासन करना काफी फायदेमंद होता है।

**मोटापा:** योग करने से मोटापे से जुड़े कई रोगों से मुक्ति मिलती है। अगर आप नियमित तौर पर योग करते हैं तो आपका वजन जरूर कम हो जाएगा। मोटापा दूर करने के लिए वैसे तो कई आसन हैं लेकिन सबसे कारगर आसन ताड़ासन, त्रिकोणासन, पादहस्तासन और पार्श्वकोणासन हैं।


**डायबिटीज:** माना जाता है कि डायबिटीज ऐसी बीमारी है, जिसका कोई इलाज नहीं है। वास्तव में आप इंसुलिन प्रतिरोधक का इलाज नहीं कर सकते। लेकिन अपने ब्लड शुगर को कंट्रोल कर सकते हैं। योग की मदद से बॉडी का ब्लड शुगर आसानी से कंट्रोल किया जा सकता है। कपालभाति प्राणायाम, धनुरासन और चक्रासन से डायबिटीज की समस्या कम होती है।

**हाइपरटेंशन:** हाईब्लड प्रेशर से कई बीमारियों की शुरुआत होती है। हाइपरटेंशन की बीमारी को दूर करने में योग काफी मददगार है। योग व ध्यान की मदद से हाइपरटेंशन को दूर किया जा सकता है। इसके लिए आप पश्चिमोत्ताशन, शवासन, प्राणायाम और अधो-मुखश्वनासन करें।

## प्रेरणा


# कर्म से बना है वर्ण

मेरे द्वारा चार वर्णों की रचना गुण और कर्मों के हिसाब से की जाती है, फिर भी तू मुझे कभी न खत्म होना वाला और कर्मों के बंधन से मुक्ति ही जान ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र ये चार वर्ण हैं, अब ऐसा मान लेते हैं कि जो जिस घर में जन्म लेता है, वह उसी वर्ण का कहलाता है।



जबकि वर्ण व्यवस्था गुण और कर्म के आधार पर शुरू हुई थी। पहले जब बच्चे को पढ़ाई के लिए गुरुकुल भेजा जाता था, तब तक वह किसी वर्ण का नहीं कहलाता था। वहां गुरु अपने शिष्यों की रुचि को जानकर उसके हिसाब से उन्हें पढ़ाते थे। वेदों को पढ़ने में रुचि लेने वालों को ब्राह्मण, युद्ध कला में महारथी को क्षत्रिय, व्यापार में रुचि वाले को वैश्य और सेवा भाव वाले को शूद्र की उपाधि दी जाती थी। इसके बाद वे समाज में उसी के हिसाब से काम करते थे। यही भगवान कह रहे हैं कि मैंने गुणों और कर्मों के आधार पर चार वर्णों की रचना की हैं, जिससे सभी मनुष्य कर्मों में लगे रहें। ये सब करते हुए भी तुम मुझे कभी न खत्म होने वाला और कुछ न करने वाला जानो। सब कुछ करते हुए भी भगवान कह रहे हैं कि मैं कुछ भी नहीं करता।

## अपनी बात



राहुल गांधी ने कहा, चुनाव में नफरत को प्यार से हराया गया है। विनम्रता से अहंकार पराजित हुआ है। दरअसल सच यह है कि प्रधानमंत्री वाराणसी में हारने से बाल-बाल बचे हैं। राहुल गांधी ने कहा, विपक्ष के रूप में हमारी भूमिका जारी रहेगी। राहुल गांधी ने तंज कसते हुए कहा कि हालांकि मैं पीएम मोदी की तरह भगवान द्वारा निर्देशित नहीं हूं।



नन्दलाल मांझी ने कहा कि समाज के सबसे अंतिम पायदान पर रहने वाले मांझी महादलित परिवार को सम्मान मिला है जिसे दशकों से दूर रखा गया। जीतन राम मांझी अपनी प्रतिभा की बदौलत जीवन में आगे बढ़े हैं, जिसका उचित सम्मान पीएम नरेंद्र मोदी ने दिया है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद पहली बार मुसहर महादलित परिवार, दशरथ मांझी के वंशज को केंद्र सरकार में कैबिनेट मंत्री का दर्जा मिला है।

## अन्नदाता के जीवन में आयी खुशहाली



- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना अंतर्गत 80 लाख से अधिक किसानों को प्रतिवर्ष ₹12 हजार की सहायता
- फसल बीमा योजना खरीफ–23 के अंतर्गत 25 लाख से ज्यादा किसानों को ₹750 करोड़ से अधिक की राशि के दावों का भुगतान
- श्रीअन्न (मिलेट्स) उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना में प्रति क्विंटल ₹ 1000 का विशेष प्रोत्साहन
- रबी विपणन वर्ष 2024-25 में 6 लाख से अधिक किसानों से 48 लाख 35 हजार मीट्रिक टन से अधिक गेहूं का समर्थन मूल्य पर नकद भुगतान कर उपार्जन। प्रति क्विंटल ₹125 बोनस का भुगतान
- किसानों के लिए शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर अल्पावधि फसल ऋण योजना लागू रखने का निर्णय
- मुख्यमंत्री सोलर पंप योजना अब प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना के नाम से लागू
- सात जिलों (उमरिया, अलीराजपुर, बैतूल, मंडला, खंडवा, सीधी एवं सीहोर) में 71 हजार 345 हेक्टेयर वन क्षेत्र से लघु वनोपज के निर्यात के लिए मिला जैविक प्रमाण-पत्र

## गरीब वर्ग को मिला सम्मानजनक जीवन



- इंदौर की हुकुमचंद मिल के 4 हजार 800 श्रमिक परिवारों को ₹224 करोड़ की राशि का भुगतान
- स्वामित्व योजना में 23 लाख 50 हजार लोगों को स्वामित्व अधिकार पत्र वितरित
- श्रमिकों को ई-स्कूटर खरीदने के लिए ₹40 हजार की आर्थिक सहायता का निर्णय
- 'मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना 2.0' के अंतर्गत 30 हजार से अधिक श्रमिक परिवारों को ₹670 करोड़ से अधिक की अनुग्रह सहायता राशि का अंतरण
- दिव्यांगता और मृत्यु के आधार पर मिलने वाली सहायता राशि को बढ़ाकर ₹4 लाख किया
- विभिन्न श्रेणी के ऊर्जा उपभोक्ताओं के लिये 24 हजार 420 करोड़ रुपये की सब्सिडी का निर्णय

## कमजोर वर्ग के साथ प्रदेश सरकार




- सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के माध्यम से प्रतिमाह 55 लाख 60 हजार से अधिक हितग्राहियों को पिछले एक वर्ष में लगभग ₹4 हजार करोड़ से अधिक पेंशन राशि का अंतरण
- तेंदूपत्ता संग्राहकों का मानदेय ₹3000 प्रति बोरा से बढ़ाकर ₹4000 हजार किया। लगभग 35 लाख तेंदूपत्ता संग्राहक लाभान्वित
- पीएम जन-मन योजना अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति बहुल जिलों में ₹7300 करोड़ से अधिक की लागत से हो रहे अधोसंरचना के कार्य। कुल 11 लाख से अधिक भाई-बहन लाभान्वित होंगे। साथ ही बैगा, भारिया और सहरिया परिवारों के अविद्युतीकृत घरों तक बिजली पहुंचाने की कार्ययोजना स्वीकृत
- आहार अनुदान योजना अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजातियों की बहनों के खातों में जनवरी से अभी तक ₹148 करोड़ से अधिक की राशि अंतरित

## आर्थिक समृद्धि की ओर बढ़ता मध्यप्रदेश



- मध्यप्रदेश के चौतरफा और तेज गति से विकास के लक्ष्य को लेकर चल रही मध्यप्रदेश सरकार की पहली प्राथमिकता अंत्योदय और विकसित मध्यप्रदेश के संकल्प को पूरा करना है। इस दिशा में कदम बढ़ाते हुए प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए ₹ 1 लाख 45 हजार करोड़ से अधिक का लेखानुदान प्रस्तुत
- पिछले 6 माह में जीएसटी अंतर्गत कुल ₹19091 करोड़ का राजस्व प्राप्त ,जो पिछले वर्ष से 28% अधिक है। अप्रैल की जीएसटी राजस्व वृद्धि दर में मध्यप्रदेश देश में प्रथम स्थान पर
- राजस्व वृद्धि के विशेष प्रयासों से ₹4150 करोड़ का अतिरिक्त राजस्व स्क्रूटनी प्रवर्तन, ITC रिवर्सल आदि के माध्यम से प्राप्त हुआ

## औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहन




- आष्टा (सीहोर) में लगभग ₹60,000 करोड़ के निवेश से पेट्रोकैमिकल कॉम्प्लेक्स तथा इथेन क्रेकर परियोजना की स्थापना का प्रस्ताव
- 1 एवं 2 मार्च, 2024 को उज्जैन में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव ऐतिहासिक रूप से सफल रही
- कॉन्क्लेव में 283 इकाइयों को 508 हेक्टेयर भूमि के आवंटन-पत्र प्रदान किये। इन इकाइयों द्वारा ₹ 12 हजार 170 करोड़ से अधिक का निवेश से 20 हजार से अधिक लोगों को रोज़गार
- ₹10 हजार करोड़ लागत की 60 से अधिक उद्योग इकाइयों का शुभारंभ हुआ, जिनसे 17 हजार से अधिक रोज़गार सृजित होने की सम्भावना है
- ₹1 लाख करोड़ से अधिक के व्यवसाय और उद्योग निवेश प्रस्ताव मिले
- कॉन्क्लेव में कुल 12 देशों और 650 से अधिक औद्योगिक निवेशकों की भागीदारी हुई, 2100 से अधिक बिजनेस-टू-बिजनेस बैठकें, 4000 से अधिक डेलिगेट्स ने लिया भाग
- उज्जयिनी विक्रम व्यापार मेला एवं ग्वालियर व्यापार मेला-2024 में वाहनों के आरटीओ पंजीयन पर 50% की छूट पर उज्जैन में हुई 23,000 वाहनों की रिकॉर्ड बिक्री
- व्यापार मेले में हस्तशिल्प और हाथकरघा उत्पादों के क्रय-विक्रय के जरिए लोकल को बनाया गया वोकल। ₹2300 करोड़ का हुआ कारोबार

## तेज गति से अधोसंरचना विकास



- पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना के लिए मध्यप्रदेश, राजस्थान और केंद्र सरकार के बीच समझौता। 10 जिलों को मिलेगा लाभ
- केन-बेतवा लिंक परियोजना के लिये ₹24 हजार 290 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत। परियोजना के दौधन बांध के निर्माण हेतु ₹5,137 करोड़ लागत की निविदा स्वीकृति के अंतिम चरणों में। प्रेशराइज्ड पाइप प्रणाली के निर्माण हेतु ₹12 हजार 210 करोड़ लागत की निविदाएं आमंत्रित
- ₹308 करोड़ की लागत से खरगोन जिले में जलूद ऊर्जा संयंत्र का भूमिपूजन
- ग्वालियर-बेंगलुरु, ग्वालियर-अहमदाबाद और ग्वालियर-दिल्ली-अयोध्या विमान सेवा का शुभारंभ
- इंदौर उज्जैन सिक्स लेन परियोजना को स्वीकृति
- इंदौर में ₹350 करोड़ से एलिवेटेड कॉरिडोर का भूमिपूजन। भोपाल, देवास, ग्वालियर, जबलपुर एवं सतना में भी बन रहे हैं एलिवेटेड कॉरिडोर
- ₹10 हजार करोड़ से अधिक की लागत से 724 किमी लम्बी 24 सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास
- माननीय प्रधानमंत्री जी के कर-कमलों से ₹24 हजार 500 करोड़ की अधोसंरचना परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास
- प्रधानमंत्री जी द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजनांतर्गत मध्यप्रदेश के 33 स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य का शिलान्यास एवं 133 रेल ओवर ब्रिज एवं अंडरपास का शिलान्यास और लोकार्पण
- प्रदेश को 364 रेल परियोजनाओं की सौगात। प्रदेश की चौथी सेमी-हाई स्पीड वंदे भारत एक्सप्रेस खजुराहो से हजरत निजामुद्दीन ट्रेन मिली
- भोपाल में वंदे भारत ट्रेनों के रख-रखाव और सुविधाओं के लिए लगभग ₹100 करोड़ की लागत से नए कोच कॉम्प्लेक्स का शिलान्यास
- निशातपुरा-संत हिरदाराम नगर रेल खण्ड का लोकार्पण
- राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के निर्माण और सुदृढ़ीकरण के लिए ₹3 हजार 500 करोड़ की राशि स्वीकृत
- जबलपुर में ₹485 करोड़ से अधिक की लागत से मध्यप्रदेश राज्य न्यायिक अकादमी को स्वीकृति
- उज्जैन-जावरा के मध्य 4-लेन ग्रीनफील्ड एक्सेस कंट्रोल्ड हाई-वे निर्माण के लिये ₹5 हजार 17 करोड़ से अधिक की स्वीकृति। इस मार्ग के निर्माण से उज्जैन, इंदौर एवं आस-पास के क्षेत्र मुम्बई-दिल्ली 8 लेन इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर (एक्सप्रेस-वे) से जुड़ेंगे
- ₹1540 करोड़ की लागत से बनने वाले भोपाल मेट्रो के नए 8 स्टेशनों का भूमिपूजन, नगरीय निकायों को विकास कार्यों के लिए ₹1 हजार करोड़ की राशि का अंतरण
- मुख्यमंत्री शहरी क्षेत्र अधोसंरचना (चतुर्थ चरण) निर्माण योजना के लिए ₹1630 करोड़ से अधिक राशि स्वीकृत
- भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन एवं सागर में प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना में 550 से अधिक शहरी ई-बसों के संचालन का निर्णय
- कायाकल्प अभियान के अंतर्गत ₹2500 करोड़ के निवेश से बदल रही है शहरों में सड़कों की सूरत
- प्रदेश के सभी प्रमुख शहरों में PNG पाइपलाइन से गैस कनेक्शन व्यवस्था करने का निर्णय
- देश में सबसे कम समय में बनकर तैयार हुये मध्यप्रदेश के सबसे बड़े राजमाता विजयाराजे सिंधिया एयरपोर्ट (ग्वालियर) का उद्घाटन

## सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक अभ्युदय



- पर्यटकों को हवाई यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 'पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा' एवं 'पीएमश्री धार्मिक पर्यटन हेली सेवा' का शुभारंभ
- नदी, तालाबों, कुओं, बावड़ियों एवं अन्य जल स्रोतों के संरक्षण एवं इनके पुनर्जीवन के लिये 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस से 16 जून गंगा दशहरा तक जल-गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है
- विक्रम सांस्कृतिक पर्व का 1 मार्च से 9 अप्रैल, 2024 तक किया गया आयोजन। इस दौरान कालजयी महानायकों की तेजस्विता पर केन्द्रित भारत के अपने किस्म के पहले संग्रहालय 'वीर भारत न्यास' का शिलान्यास एवं उज्जयिनी गौरव दिवस का आयोजन
- 29 फरवरी, 2024 को प्रधानमंत्री जी के कर-कमलों से विक्रमोत्सव के अवसर पर विश्व की पहली 'विक्रमादित्य वैदिक घड़ी' का शुभारंभ कर भारतीय काल गणना परंपरा का साक्षात्कार पूरी दुनिया से कराया गया
- पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की स्मृति में ₹20 करोड़ की लागत से बनने वाले अटल स्मारक का भूमिपूजन
- शासकीय कैलेण्डर में विक्रम संवत् अंकित करना प्रारंभ
- मंडला में वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा का अनावरण
- 1450 किमी लंबे श्रीराम वन गमन पथ के निर्माण का निर्णय
- जहाँ-जहाँ भगवान श्रीकृष्ण के चरण पड़े, उन स्थानों को तीर्थ के रूप में विकसित करने का निर्णय
- सिंहस्थ-2028 की तैयारी प्रारंभ, टास्क फोर्स गठित
- इंदौर से उज्जैन एवं ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग तथा जबलपुर से चित्रकूट और ग्वालियर से ओरछा एवं पीताम्बरा पीठ के लिए हेलीकॉप्टर सेवाएँ
- वर्ष प्रतिपदा नव सम्वत्सर के शुभारंभ एवं सृष्टि आरंभ दिवस को पूरे प्रदेश में भव्य रूप में मनाने का निर्णय
- मध्यप्रदेश के श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अयोध्या में एक आस्था भवन (धर्मशाला) निर्माण करने का निर्णय
- देवालयों में लगने वाली सामग्री जैसे- भगवान के वस्त्र-आभूषण, श्रृंगार सामग्री, धातु व पत्थर की मूर्तियों के निर्माण को कुटीर उद्योग के अंतर्गत प्रोत्साहित करने स्व-सहायता समूह तथा क्षेत्र के युवाओं को इसके लिए प्रख्यात कलाकारों से प्रशिक्षण उपलब्ध कराने और मंदिरों में इन सामग्रियों के विक्रय के लिए स्टॉल की व्यवस्था करने का निर्णय
- स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के अंतर्गत चित्रकूट के घाट पर अध्यात्म के अनुभव की नवीन परियोजना का भूमिपूजन
- चित्रकूट नगर के प्राकृतिक, ऐतिहासिक और धार्मिक विकास के लिये चित्रकूट विकास प्राधिकरण की स्थापना को स्वीकृति
- यूनेस्को के विश्व हेरिटेज सेंटर द्वारा भारत की अस्थायी सूची में मध्यप्रदेश की 6 धरोहरें सम्मिलित। ग्वालियर किला, धमनार का ऐतिहासिक समूह, भोजपुर का भोजेश्वर महादेव मंदिर, चंबल घाटी के रॉक कला स्थल, खूनी भंडारा बुरहानपुर और रामनगर मंडला का गोंड स्मारक इसमें शामिल हैं
- क्रूज टूरिज्म को गति देने के लिए मध्यप्रदेश में ओंकारेश्वर स्थित एकात्म धाम (स्टैच्यू ऑफ वननेस) से गुजरात के कावड़िया में स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तक क्रूज संचालित किये जाने का निर्णय

## गौ-संरक्षण एवं संवर्धन



- भारतीय नव वर्ष अर्थात इस चैत्र माह से अगले वर्ष तक गौ-वंश रक्षा वर्ष मनाने का निर्णय
- गौशालाओं में गौ-वंश के लिए बेहतर आहार हेतु प्रति गौ-वंश मिलने वाली ₹ 20 की राशि बढ़ाकर ₹40 करने का निर्णय
- चरनोई की भूमि से अतिक्रमण हटाए जाएंगे
- गौशालाओं को भूसा प्रबंधन के लिये आधुनिक मशीनों एवं उपकरणों के लिये अनुदान तथा प्रोत्साहन
- प्रत्येक 50 किलोमीटर पर घायल गायों को इलाज के लिये परिवहन हेतु हाइड्रोलिक कैटल लिफ्टिंग वाहन का टोल व्यवस्था के अंतर्गत प्रबंध का निर्णय
- अधूरी गौशालाओं का निर्माण पूर्ण कर नई गौशालाएं प्रारंभ करने का निर्णय

## स्वच्छ भारत अभियान में मध्यप्रदेश बना सिरमौर



- स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 में देश के सबसे स्वच्छ शहर का पुरस्कार लगातार सातवीं बार इंदौर को मिला
- मध्यप्रदेश, देश का दूसरा स्वच्छतम राज्य और भोपाल स्वच्छतम राजधानी बना
- प्रदेश के 7 शहर वाटर प्लस, 361 शहर ओडीएफ डबल प्लस, एक शहर 7-स्टार, एक 5-स्टार, 24 शहर 3-स्टार और 132 शहर 1-स्टार गार्बेज फ्री श्रेणी में पुरस्कृत

## अन्य उपलब्धियां



- 50वें खजुराहो नृत्य समारोह के अवसर पर **1 हजार 484 कथक कलाकारों** ने एक साथ **कथक नृत्य** का बनाया **गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड**
- ग्वालियर में आयोजित ताल दरबार में प्रदेश के 1300 से अधिक कला साधकों ने वंदे मातरम् की धुन बजाकर **गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड** में प्रदेश का **नाम दर्ज** किया
- देश में सर्वाधिक खनिज ब्लॉकों की नीलामी कर पाया **प्रथम स्थान**
- प्रत्येक जिले में जिला **पुलिस बैंड का गठन**
- भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा देशभर के **10 सर्वश्रेष्ठ थानों में देवास के सिविल लाइन थाने का चयन**
- राज्यों की **स्टार्टअप रैंकिंग 2022** और **राष्ट्रीय स्टार्टअप पुरस्कार 2023** के अंतर्गत मध्यप्रदेश **'लीडर' के रूप में पुरस्कृत**
- **'एक जिला-एक उत्पाद'** के अंतर्गत बुरहानपुर को केला प्रसंस्करण क्षेत्र में विशेष कार्य के लिए **राष्ट्रीय सम्मान**
- प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश को **बेस्ट परफार्मिंग स्टेट अवॉर्ड की श्रेणी में दूसरा स्थान**
- मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड देश के **बेस्ट टूरिज्म बोर्ड के रूप में सम्मानित**
- मध्यप्रदेश **टाइगर** और **चीता स्टेट** के बाद बना **लेपर्ड स्टेट**
- अशोकनगर के चंदेरी के प्राणपुर ग्राम में ₹7 करोड़ से अधिक की लागत के देश के पहले **'क्राफ्ट हैण्डलूम टूरिज्म विलेज'** का लोकार्पण
- **'एक जिला-एक उत्पाद'** के तहत विभिन्न प्राचीन कलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए परी बाजार, भोपाल में **'गोलघर स्मारक'** का शुभारंभ
- पंडित खुशीलाल शर्मा शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय के चिकित्सालय को **एनएबीएच सर्टिफिकेशन**

## भारत सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में लगातार अग्रणी

# मध्यप्रदेश

- पीएम स्व-निधि योजना
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना
- पीएम आवास योजना
- कृषि अवसंरचना निधि
- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना
- स्वामित्व योजना
- नशामुक्त भारत अभियान
- आयुष्मान भारत योजना
- मछुआ क्रेडिट कार्ड योजना
- राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम
- प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना
- राष्ट्रीय आजीविका मिशन
- स्वच्छ भारत मिशन




आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

D-11011/24

## ब्रीफ न्यूज

### पत्नी को फोन पर परेशान करता था पड़ोसी, समझाया तो कर दी उल्टी मारपीट

**गुना।** सिटी कोतवाली थानांतर्गत बूढ़े बालाजी क्षेत्र में पड़ोसी द्वारा पत्नी को फोन पर बार-बार परेशान करने पर समझाईश देने गए पति के साथ आरोपी ने गाली गलौंच कर मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी सुनील लोधा पुत्र सुन्दरलाल लोधा निवासी हरिपुर रोड़ बाबा नगर बूढेबालाजी ने घायल अवस्था में शिकायत दर्ज कराई कि गत शाम वह पड़ोस में रहने वाला धर्मेन्द्र पाल, जो उसकी पत्नी को बारबार फोन लगा रहा था। इसलिए वह, उसकी पत्नी एवं भाई हेमराज लोधा को लेकर धर्मेन्द्र पाल के घर उसे समझाने गया था। यहां आरोपी अपने घर के बाहर मिला। जिस पर फरियादी ने धर्मेन्द्र से कहा कि तू मेरी पत्नी को फोन क्यों लगाता है। इसी बात पर से धर्मेन्द्र ने गाली गलौंच कर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। फिलहाल मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### बाईक सवार मां-बेटी और बेटा के साथ पुरानी रंजिश पर मारपीट

**गुना।** जिले के चांचौड़ा थानांतर्गत पैंची-बमोरी के बीच बाईक सवार मां-बेटा एवं बेटी के साथ तीन लोगों ने पुरानी रंजिश पर मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादिया वर्षा लोधा पुत्री राजू लोधा निवासी ग्राम पैची के अपनी माँ अनीता बाई के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत रात करीबन 10 बजे वह और उसकी माँ और भाई राहुल तीनों बीनागंज से अपने घर ग्राम पैची अपनी बाईक से जा रहे थे। तभी बमोरी पर गांव के गोलू लोधा, राहुल लोधा, चैनसिंह लोधा मिले और पुरानी रंजिश पर से तीनों ने हमारा रास्ता रोक गाली गलौंच कर तीनों के साथ लात घूसो से मारपीट कर दी । जिसमें उन्हें चोटें आई हैं। मामले में पुलिस ने फरियादिया की शिकायत पर आरोपियों पर धारा 341, 323, 294, 506, 34 भादवि के तहत मामला दर्ज किया है। उधर बजरंगगढ़ में उधारी के पैसे मांगने पर एक युवक के साथ दूसरे ने मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी सुनील पुत्र रमेश सहरिया निवासी ग्राम निर्भयगढ़ ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत दिवस वह और और उसकी बुआ का लडका चंदन सहरिया बजरंगगढ़ में गणेश हलवाई की चाय नाश्ते की होटल पर बैठे थे। तभी गांव का शिवचरण उर्फ शिब्बू सहरिया उनके सामने से निकला तो उन्होंने शिब्बू से उधार दिए पैसे वापस मांगे। जिस पर शिब्बू ने गाली गलौंच कर लात-घूसे से मारपीट कर दी। फिलहाल मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### 60 लीटर अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**गुना।** जिले की म्याना पुलिस द्वारा ग्राम पटना में 60 लीटर अवैध शराब के साथ आरोपी को दबोचा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम पटना में तालाब किनारे दो केनों में कच्ची शराब लेकर उन्हें बेचने की फिराक में मुकेश पुत्र रामसिंह सहरिया को पकड़ा। जिसके पास से दोनों केनों में क्रमशः 30-30 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। पुलिस ने आरोपी पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।




बेरोजगार, बढ़ते अपराध और नर्सिंग

# नीट घोटाले के खिलाफ वाम संगठनों का विरोध प्रदर्शन

सत्ता सुधार ■ गुना

ऑल इंडिया महिला सांस्कृतिक संगठन, ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स आर्गेनाइजेशन एवं ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ ऑर्गेनाइजेशन ने संयुक्त रूप से पूरे देशभर सहित मध्यप्रदेश में महिलाओं बच्चियों पर बढ़ते भयंकर अपराधों, नर्सिंग कॉलेज घोटाला नीट व यूजी परीक्षा परिणामों में धांधली एवं बेरोजगारी के खिलाफ हनुमान चौराहे पर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान विरोध प्रदर्शन में जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन को महिला संगठन की सदस्य आमना ने संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरा देश महिलाओं बच्चियों पर बढ़ते अपराधों की चीख पुकार से कराह रहा है। मप्र के खुरई, अशोक नगर, सीधी, भोपाल, ग्वालियर, मालनपुर, रीवा आदि जगहों पर महिलाओं एवं छात्राओं के साथ अमानवीय व हिंसक तरीके से बलात्कार व यौन अपराधों को अंजाम दिया गया। इतना ही नहीं सागर जिले के खुरई में तो सरे राह योवती को दबंगों द्वारा छेड़ा गया विरोध करने पर उसके भाई और चाचा की पीट पीट कर हत्या कर दी गई। वहीं युवती को एम्बुलेंस से गिरना बताकर मामला रफा दफा करने की कोशिश की गई। इन सभी घटनाओं के आरोपियों को उदाहरण मूलक सजा न देकर उल्टा उन्हें सरकार की ओर से संरक्षण दिया जाता है। इस मौके पर डीएसओ के जिला अध्यक्ष सुनील सेन ने कहा कि छात्रों के भविष्य के साथ धोखा और खिलवाड़ किया जा रहा है। नीट, यूजी व नर्सिंग कॉलेज घोटाला जैसी घटनाओं से इस बात का खुलासा होता है। जहां छात्र और उनके माता-पिता रात दिन एक कर रहे हैं इतनी भयंकर महंगाई में अपने बच्चों को उच्च शिक्षा देने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं और परिणाम में उन्हें मिल रहा है धोखा। डीवाईओ के नीरज बैरागी ने कहा एक-एक कमरे में नर्सिंग कॉलेज चलते हैं उनकी जांच कराई जाती ह। जांच करने वाले अधिकारी भी क्लीन चिट देकर उनके साथ मिल जाते हैं। 4 साल से नर्सिंग छात्रों की कोई परीक्षा नहीं हुई। छात्र आंदोलन के दबाव में इस वर्ष परीक्षा ली गई। इतना ही नहीं मेडिकल फील्ड में आगे बढ़ाने के लिए जिन छात्र-छात्राओं ने नीट परीक्षा कड़ी मेहनत के साथ दी उसका अंजाम भी हमने देखा। इन सभी धोखाधड़ी का जवाब कौन देगा ? यह सिर्फ छात्रों नौजवानों की लड़ाई नहीं है इसमें आम जनता को उतरकर आना पड़ेगा ,आंदोलन में भाग लेना पड़ेगा। सरकार पर दबाव बनाना पड़ेगा, तभी यह कुंभकरण की नींद सोई हुई सरकारे जागेगी। वहीं लोकेश शर्मा ने महिलाओं बच्चियों पर बढ़ते अपराधों, नर्सिंग कॉलेज घोटाला नीट, यू जी परीक्षा परिणाम में धांधली आदि विषयों पर विस्तार से बात रखी। कार्यक्रम का संचालन नीता ओझा ने किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में छात्र, युवा और महिलाएं व आम जनता उपस्थित रहें।

## गौवंश तस्करी में शामिल चार वाहन हुए राजसात



### एसपी के प्रतिवेदन पर कलेक्टर ने की कार्रवाई

सत्ता सुधार ■ गुना

पुलिस अधीक्षक द्वारा गौवंश परिवहन एवं अवैध शराब परिवहन में जप्तशुदा चार वाहनों को राजसात कराया है। प्राप्त जानकारी के अनुसरा एसपी संजीव कुमार सिंहा के प्रतिवेदन पर गुना कलेक्टर डॉ. सत्येन्द्र सिंह द्वारा अवैध पशु परिवहन एवं अवैध शराब परिहवन में जप्तशुदाचार वाहनों को राजसात किए जाने के आदेश दिए गए हैं। इनमें 25 नवंबर 23 को कैंट थाना पुलिस द्वारा अवैध पशु परिहवन की मुखबिर सूचना पर आयशर ट्रक क्रमांक एमपी 09 जीएफ 6399 के 14 नग गाय के बछडे परिवहन करते पाए जाने पर उक्त ट्रक जप्त कर आरोपीगण महेश सोलंकी, रफीक कुरैशी एवं लकी पुरी को गिरफ्तार कर जिनके विरुद्ध थाना कैन्ट में अपराध क्र. 1026/23 धारा 11(1) घ, पशु क्रूरता अधिनियम एवं मध्यप्रदेश गौवंश वध प्रतिशेध अधिनियम की धारा 6ए/9, 6ए/9 कायम कर विवेचना में लिया गया था।

इसी तरह 23 मार्च 23 को कैन्ट थाना पुलिस द्वारा अवैध पशु परिहवन की मुखविर सूचना पर ट्रक क्रमांक एमएच 18 बीडब्ल्यू 9907 के 24 नग गाय के बछडे परिवहन करते पाए जाने पर उक्त ट्रक को जप्त कर आरोपी ट्रक चालक प्रकाश पुत्र दिलीप राजपूत को गिरफ्तार कर जिसके विरुद्ध थाना कैन्ट में अपराध क्र. 253/23 धारा 11(1)घ, पशु क्रू रता अधिनियम एवं मध्यप्रदेश गौवंश वध प्रतिशेध अधिनियम की धारा 6ए/9, 6ए/9 कायम कर विवेचना में लिया गया था । इसके अलावा 1 अक्टूबर 22 को कुम्भराज थाना पुलिस द्वारा अवैध पशु परिवहन की मुखबिर की सूचना पर महिन्द्रा पिकअप क्रमांक एमपी 68 जी 0713 के 07 नग गाय के बछडे परिवहन करते पाए जाने पर उक्त पिकअप को जप्त कर अज्ञात आरोपी ट्रक चालक के विरुद्ध थाना कुम्भराज में अपराध क्र. 254/22 धारा 11(1)घ, पशु क्रूरता अधिनियम एवं मध्यप्रदेश गौवंश वध प्रतिशेध अधिनियम की धारा 6ए/9, 6ए/9 कायम कर विवेचना में लिया गया था। जबकि 3 फरवरी 2024 को फरियादी विशाल पुत्र दिलीप पानसरे द्वारा गुना कोतवाली में सूचना दी गई थी कि वह चोलामंडलम यार्ड गुना से एक आयशर ट्रक क्रमांक एमएच 11-8943 खरीदकर ला रहा था। रास्ते में उसे गाडी में पीछे कुछ रखे होने का आभास होने पर चेक किया तो उसमें पीछे पार्टीशन होकर उसमें शराब की पेटियां भरी हुई थी । पुलिस द्वारा सूचना पर कार्यवाही करते हुए उक्त ट्रक से पंजाब मेड अंग्रेजी शराब की कुल 108 पेटियों में 972 लीटर अवैध शराब कीमती करीबन 15 लाख रुपये की बरामद की गई एवं ट्रक को जप्त कर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध गुना कोतवाली में अपराध क्रमांक 87/24 धारा 34(2) का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया था।

### चार धाम की यात्रा के लिए जाने से पूर्व पंजीयन कराना है जरूरी

**गुना।** मध्यप्रदेश शासन गृह विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा समस्त अनुविभागीय अधिकारियों गुना को निर्देश जारी किय गये हैं कि चारधाम यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों की सुविधा की दृष्टिगत उत्तराखंड सरकार ने दर्शन से पहले अनिवार्य पंजीकरण की व्यवस्था शुरू की है। इस संबंध में तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए उत्तराखंड सरकार द्वारा अपील की गई है कि जिन तीर्थयात्रियों ने यात्रा के लिए पंजीकरण नही कराया है, उन्हें धामों के दर्शन की कोशिश नही करनी चाहिए। ऐसे यात्रियों को चेक-पॉइंट से आगे बढने की अनुमति नही दी जाती है। जिन तीर्थयात्रियों ने यात्रा के लिए पंजीकरण कराया है, उन्हें केवल उन्ही तिथियों पर धामों के दर्शन करने चाहिए, जिनके लिए उन्होंने अपना पंजीकरण कराया है। टूर ऑपरेटरों और ट्रेवल एजेंटों को असुविधा से बचने के लिए यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके द्वारा बुक किए गए तीर्थयात्री बिना पूर्व पंजीकरण के यात्रा पर आगे न बढ़ें।

## अभ्युदय क्लब का 12 वां पदस्थापना दिवस समारोह आयोजित




सत्ता सुधार ■ गुना

अभ्युदय क्लब का 12 वां पदस्थापना दिवस समारोह का आयोजन शहर के एक निजी होटल में रखा गया। जिसमें संस्थापक रेणु अग्रवाल के निर्देशन में सत्र 2023-24 की अध्यक्ष अंतू बंसल ने रैना जैन को सत्र 2024-25 का अध्यक्ष नियुक्त करते हुए प्रभार सौंपा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अंजना जैन, संगीता विजयवर्गीय और सरिता जैन को आमंत्रित किया गया। क्लब के अन्य पदाधिकारी में क्रमशः सचिव का प्रभार सीमा जैन ने शुभिका विजयवर्गीय एवं कोषाध्यक्ष गीतू अग्रवाल ने प्रांजल जैन को सौंपा। इसी क्रम में उपाध्यक्ष सीमा शर्मा को घोषित किया गया। कार्यक्रम में अन्य सदस्यों के रूप में पूनम पारीक (प्रिंट मीडिया), रिया जैन (इलेक्ट्रॉनिक मीडिया), नमीता अग्रवाल, प्राची बंसल, सोनिका अरोरा, स्मिता रघुवंशी, रूपम मुदगिल, मीनू विजयवर्गीय, पूजा खंडेलवाल, रीनू शिवहरे, आयुषी अग्रवाल आदि को प्रभार सौंपा। गत वर्ष की अध्यक्ष श्रीमती बंसल ने अपने अनुभवों को सभी के साथ सांझा करते हुए अपने कार्यकाल के पदाधिकारी एवं सदस्यों को धन्यवाद प्रेषित किया और सभी को अवार्ड दिए। कार्यक्रम का रोचक विषय रहा इस कार्यक्रम की थीम जो थी हिंदुस्तान का दिल (प्यारा मध्य प्रदेश) जिसके अंतर्गत मीनू विजयवर्गीय एवं रीनू शिवहरे के द्वारा खेल खिलाए गए। जिसमें मध्य प्रदेश के ऐतिहासिक स्थलों को जैसे सांची का स्तूप, महाकाल मंदिर, जबलपुर का भेड़ाघाट, कंदरिया महादेव का मंदिर आदि पर प्रश्न पूछे गए। जिसमें भावना माहेश्वरी ने सबसे अधिक तीव्र गति से उत्तर देते हुए जीत हासिल की। अन्य खेलों में अंतू अग्रवाल, काजल अग्रवाल और रूपम मुदगिल विजेता रही। मालवा, चंबल, बुंदेलखंड एवं बघेलखंड के प्रसिद्ध व्यंजनों ने सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम का संचालन यशा जैन एवं मीनू विजयवर्गीय द्वारा किया गया। अंत में आभार रेणु अग्रवाल ने माना।

## वैष्णवदेवी तीर्थयात्रियों पर हमले के खिलाफ विहिप-बजरंगदल ने फूंका आतंकवाद का पुतला, सौंपा ज्ञापन

**गुना।** जम्मू कश्मीर में 9 जून को वैष्णो देवी जा रहे श्रद्धालुओं की बस पर आतंकवादी हमले में 10 लोगों की मौत का विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने विरोध जताते हुए आतंकवाद का पुतला फूंका। इस दौरान विहिप कार्यकर्ताओं ने हनुमान चौराहे पर आतंकवाद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं कलेक्टोरेट पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर विहिप नेताओं ने कहा कि पाकिस्तान पोषित इस्लामिक आतंकवादियों ने बस पर कायराना हमला किया, जिसमें 10 निर्दोष हिन्दू तीर्थयात्री मारे गए। यह पूरे देशवासियों को स्तब्ध करने वाला घटनाक्रम है। इस क्रूरतम दुष्कृत्य से पूरा देश आहत है और आक्रोश में है।

वहीं बजरंगदल नेताओं ने कहा कि जम्मू कश्मीर लंबे समय से पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का दंश झेल रहा है। धारा 370 हटने के बाद एक आशा की ज्योति जगी हैं, लेकिन लगता है उग्रवादियों का मनोबल अभी कम नहीं हुआ है। ऐसे में हिंदुओं को चिह्नित करके उनकी हत्या की घटनाएं बढ़ी हैं। इन सबके पीछे स्पष्ट रूप से पाकिस्तान का हाथ है। देश के नई सरकार के शपथ के समय इस प्रकार का दुस्साहस करके आतंकवादियों ने देश के संप्रभुता को चुनौती दी है।

## गोबर फेंकने को लेकर जेठानी-देवरानी के बाद भिड़े सगे भाई

**गुना।** जिले के चांचौड़ा थानांतर्गत ग्राम कोटरा में बाड़े में गोबर फेंकने को लेकर पहले जेठानी-देवरानी फिर दो सगे भाई आपस में भिड़ बैठे। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहले पक्ष की फरियादिया रीना पति बृह्मनंद उर्फ रामदास मीना निवासी ग्राम कोटरा ने अपने पति के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई कि विगत दिवस सुबह वह और उनका पति अपने बाड़े में गोबर फेक रहे थे। तभी उनकी जेठानी रीनाबाई आयी और बोली कि हमारे बाड़े के सामने गोबर मत फेंका करो। जिस पर उन्होंने कहा कि हम तो सरकारी जमीन में फेंक रहे हैं। इसी बात को लेकर रीनाबाई और उसके पति दशरथ मीना ने गाली गलौंच कर उनके साथ मारपीट कर दी। जिसमें वह घायल हो गए। मामले में पुलिस ने फरियादिया की शिकायत पर आरोपी दंपत्ति पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। वहीं दूसरे की ओर से भी फरियादिया रीनाबाई पति दशरथ मीना ने अपने पति के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत दिवस वह भैसों का गोबर फेंकने के लिये अपने बाडे के आगे पडी जमीन में गई थी। यहां उनका देवर रामदास उर्फ बृह्मनंद मीना बोला कि यहा पर गोबर मत डालो, यह मेरी जमीन है।

## संत निरंकारी सेवादल द्वारा भुजरिया तालाब पर चलाया सफाई अभियान



**गुना।** नगर पालिका परिषद गुना एवं संत निरंकारी चैरिटेबल फाउण्डेशन ब्रांच गुना के मिले जुले प्रयास से भुजारिया तालाब गहरीकरण व सौंदर्यीकरण प्रोजेक्ट के तहत बुधवार प्रातः 7 से 10 बजे तक भुजरिया तालाब पर घाट मंदिर के किनारे के आस पास सफाई अभियान चलाया गया। इस कार्य में गुना संगत के संयोजक नरेश उप्पल सहित सेवादल के अनेक भाई बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**अभियान** | जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संरचनाओं की साफ-सफाई साफ सफाई है जारी

# विधायक,कलेक्टर, सहित जनप्रतिनिधियों ने किया भुजरिया तालाब पर श्रमदान

सत्ता सुधार ■ गुना

मध्यप्रदेश शासन के निर्देश अनुसार 5 से 16 जून तक जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान जारी है। जिसके तहत जल संरक्षण व संवर्धन के लिए पुराने तालाब, नदी, नालों एवं जल संरचनाओं की साफ-सफाई का कार्य कराया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को नगर पालिका गुना क्षेत्र में स्थित भुजरिया तालाब पर सुबह कलेक्टर, एसपी सहित जनप्रतिनिधियों ने श्रमदान किया और तालाब की पार का भ्रमण कर अवलोकन किया। इस दौरान तालाब की पार के किनारे स्थित अतिक्रमण हटाने और साफ सफाई के निर्देश दिये गए तथा तालाब के वेस्ट वियर के आसपास की साफ सफाई कराने तथा वेस्ट वियर से मंदिर तक की पार की सफाई शीघ्र कराने के निर्देश दिए गए।



कलेक्टर व एसपी ने स्वयं खड़े होकर सफाई के लिए वेस्ट वियर के पास चलवाई जेसीबी भुजरिया तालाब के किनारे श्रमदान के समय तालाब के वेस्ट वियर के पास कलेक्टर व एसपी ने स्वयं खड़े होकर सफाई के लिए जेसीबी चलवाई और साफ सफाई कराई गयी, वेस्ट वियर के सामने स्थित नाली की सफाई भी कराई गयी।

### जनप्रतिनिधियों ने श्रमदान कर दिया सफाई का संदेश

गुना विधायक व गुना नपा अध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधियों ने भुजरिया तालाब पर जाकर श्रमदान कर लोगों को नदियों और तालाबों के साफ सफाई करने का सन्देश दिया। आज श्रमदान के दौरान गुना विधायक पन्नालाल शाक्य, नपाध्यक्ष सविता अरविन्द गुप्ता, बीजेपी अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिकरवार, नपा उपाध्यक्ष धर्म सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, पार्षदगण शहर के आमजन संत निरंकारी चेरीटेबल फाउंडेशन के वॉलिंटियर्स ने भी साफ सफाई कार्य में सहयोग कर जनभागीदारी का संदेश दिया गया। इस दौरान कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह व एसपी संजीव कुमार सिन्हा, तहसीलदार नगर जीएस बैरवा व ग्रामीण तहसीलदार कमल मंडेलिया तथा सीएमओ तेज सिंह उपस्थित रहे।

## चैक अनादरण में तीन माह का सश्रम कारावास

**गुना।** चैक अनादरण के एक मामले में न्यायालय द्वारा एक व्यक्ति को धारा 138 निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के अधीन दोषी करार देते हुए तीन माह के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। दरअसल मामले के अनुसार ब्रजेश धाकड़ निवासी वंदना ब्यूटी पार्लर संजीवनी अस्पताल के पास, गढा कॉलोनी हाट रोड गुना ने सुनील कुमार पुत्र स्व. फूलचंद जैन स्वामी छतरपुरिया ट्रेडर्स निवासी गढा कॉलोनी हाट रोड गुना से वंदना ब्यूटी पार्लर में फर्नीचर बनवाने के लिए प्लाईवुड, माइका आदि सामान उधार क्रय किया था और खरीदे गए सामान के मूल्य पेटे शेष रहे 83749 रुपयों की अदायगी के लिए उन्हें चैक दे दिया था। सुनील कुमार द्वारा बैंक में प्रस्तुत किए जाने पर यह बैंक ने यह चैक अनादरित करके वापस कर दिया था। जिसकी सूचना देने के बाद भी बृजेश धाकड़ ने चैक राशि सुनील कुमार को अदा नहीं की थी। जिस पर से सुनील कुमार जैन ने अपने अभिभाषक विनय कुमार जैन के माध्यम से धारा 138 निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के अंतर्गत एक परिवाद न्यायालय में प्रस्तुत कर अभियुक्त को उक्त अपराध के अंतर्गत कठोर कारावास देने और चैक राशि,क्षतिधन सहित वापस दिलाए जाने के लिए कार्रवाई की थी । उभय पक्षों की साक्ष्य व तर्कों के आधार पर से दिए गए निर्णय में प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री नितेंद्र सिंह तोमर ने अभियुक्त बृजेश धाकड़ को तीन माह के सश्रम कारावास से दंडित किए जाने की सजा सुनाई है ।



# पति से तकरार के बीच केन्या लौटीं दलजीत कौर

टीवी एक्ट्रेस दलजीत कौर इन दिनों अपने दूसरे पति निखिल पटेल के साथ अपने रिश्ते में आई दरार को लेकर सुर्खियों में हैं। दलजीत सोशल मीडिया पर भी अपने बिखरते रिश्ते को लेकर खुलासा कर चुकी हैं और उनके पति निखिल पटेल भी अपनी बात रख चुके हैं। पूरी दुनिया को पता है कि दलजीत और निखिल के बीच कुछ ठीक नहीं है। 5 महीने पहले ही दलजीत पति का घर छोड़कर अपने बेटे को लेकर मुंबई आ गई थीं। दलजीत ने 2023 में बिजनेसमैन से शादी की थी, लेकिन शादी के 8 महीने में ही वह हसबैंड से अलग हो गईं। पति से अलग होने के बाद भारत लौटीं दलजीत कौर एक बार फिर केन्या पहुंच गई हैं।

**बेवफाई भूल दूसरी शादी बचाने का है प्लान**

### दलजीत कौर ने केन्या से शेयर की फोटो

ऐसा हम नहीं कह रहे, बल्कि खुद दलजीत ने इंस्टाग्राम पर इस ओर इशारा करते हुए एक तस्वीर शेयर की है। दलजीत ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें वह अपनी गर्ल स्क्वॉड के साथ नजर आ रही हैं। फोटो शेयर करते हुए दलजीत ने इसकी लोकेशन भी शेयर की है, जिसके अनुसार वह केन्या की राजधानी नैरोबी में हैं। फोटो में दलजीत ब्लैक कलर की ड्रेस पहने किसी ओपन रेस्टोरेंट में नजर आ रही हैं। फोटो शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा- जब आप अपनी गर्ल स्क्वाड के साथ हों।

दूसरी तरफ दलजीत कौर ने पिछले दिनों ही अपने बिजनेसमैन पति निखिल पटेल पर धोखा देने और एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर का आरोप लगाया था। केन्या छोड़ बेटे के साथ भारत लौटीं दलजीत ने पति के एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर को कॉल आउट किया। तो दूसरी तरफ निखिल ने भी नोटिस भेजकर दिलजीत से अपना सारा सामान ले जाने को कहा।

# जावेद अख्तर ने जब सिर्फ 5 मिनट में लिखा गाना



## 5 सेकेंड में कंपोज हुआ था सदी का सबसे रोमांटिक गाना

आज भले रैप और हिप हॉप का जमाना हो, लेकिन रोमांटिक सॉन्स को लेकर लोगों की पसंद में कोई कमी नहीं आई है। 70-80 और 90 के दशक की फिल्मों के गाने आज भी खूब पसंद किए जाते हैं। जैसे एक फिल्म के तैयार होने के पीछे की एक कहानी होती है, वैसी ही मजेदार कहानियां फिल्मों के गानों के पीछे भी होती हैं। फिल्म में कितने गाने होंगे, कहानी में किस जगह इसे सेट किया जाएगा और इसे आवाज कौन देगा, सारी चीजें फिल्म की कहानी तय होने के बाद ही होती है। क्या आपको सदी के सबसे रोमांटिक सॉन्ग एक लड़की को देखा तो...% के पीछे की कहानी पता है। हाल ही में फराह खान ने इस गाने के पीछे की कहानी का खुलासा किया है।

### जावेद अख्तर ने 5 मिनट में लिख दिया था गाना

बॉलीवुड इंडस्ट्री में कोरियोग्राफी में क्रांति लाने वाली फराह खान ने रेडियो नशा को दिए इंटरव्यू में 1942-ए लव स्टोरी के सुपरहिट सॉन्ग एक लड़की को देखा तो... के बारे में बात की। फराह ने बताया कि जावेद अख्तर ने सदी का सबसे रोमांटिक सॉन्ग 5 मिनट में ही लिख दिया था और उससे भी ज्यादा हैरान करने वाली बात ये है कि आरडी बर्मन ने इस गाने को 5 सेकेंड में कंपोज किया था।

### आरडी बर्मन संगीत प्रभावित है मैं हूं ना

फराह खान ने बॉलीवुड को कई हुक स्टेप्स दिए हैं, जिनमें यू आर माई सोनिया, एक पल का जीना, इट्स द टाइम टू डिस्को सहित जैसे कई गानें शामिल हैं । कोरियोग्राफर और डायरेक्टर फराह खान ने महान संगीतकार आरडी बर्मन को लेकर अपना प्यार बयां करते हुए बताया कि वह उनसे बहुत ज्यादा प्रभावित हैं। फराह ने बताया कि आरडी बर्मन के प्रति उनके प्यार ने ही उनकी फिल्म मैं हूं ना के म्यूजिक को प्रभावित किया। रेडियो नशा के साथ बातचीत में फराह ने आरडी बर्मन के संगीत के बारे में बात की । फराह ने बताया कि मेरी दूसरी फिल्म 1942-ए लव स्टोरी को लेकर जब मुझे पता चला कि महान संगीतकार आरडी बर्मन संगीत तैयार कर रहे हैं, तो मैं बहुत ज्यादा एक्साइटेड हो गई थी। मैं एक चमची की तरह म्यूजिक रिकॉर्डिंग के लिए जाती थी और तो और मैं हर सिटिंग के दौरान वहां मौजूद रहती थी। मेरे लिए, यह ऐसा था जैसै मैं म्यूजिक के देवता को देख रही हूं।



# बॉयफ्रेंड जहीर संग शादी करेगी सोनाक्षी!

बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा अपने बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल से 23 जून को मुंबई में शादी करने वाली हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों काफी समय से साथ में रह रहे हैं, लेकिन अपने रिश्ते को निजी रखा है। बताया जा रहा है एक्ट्रेस सोनाक्षी और जहीर साउथ मुंबई में शादी के बंधन में बंधेंगे। हालांकि, इस जोड़े ने अभी तक अपनी शादी से जुड़ी किसी भी रिपोर्ट की पुष्टि नहीं की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शादी के निमंत्रण को एक मैगजीन कवर की तरह डिजाइन किया गया है, जिस पर लिखा है अफवाह सच है। रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया है कि हीरामंडी की स्टार कास्ट समेत परिवार और करीबी दोस्तों को ही समारोह में आमंत्रित किया गया है। पिछले हफ्ते जहीर ने सोनाक्षी को जन्मदिन की बधाई देते हुए कुछ अनदेखी तस्वीरें शेयर की थी। तस्वीरों में वे दोनों एक दूसरे के साथ काफी खुश नजर आ रहे हैं। तस्वीर किस जगह की थी, ये पता नहीं चल पाया है, लेकिन माना जा रहा है कि दोनों छुट्टियां बिता रहे थे। उन्होंने तस्वीरों के साथ लिखा, जन्मदिन मुबारक सोनाक्षी।



# काइली ने समंदर किनारे दिखाई कातिलाना अदाएं

हाल ही में हालीवुड एक्ट्रेस काइली जेनर ने अपने समर लुक से फैंस को इम्प्रेस किया है। एक्ट्रेस की लेटेस्ट तस्वीरें इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही हैं। लुक की बात करें तो इन तस्वीरों में काइली व्हाइट बिकिनी टॉप के साथ मैचिंग मिनी स्कर्ट में बवाल काट रही हैं। शॉर्ट्स में एक्ट्रेस का गोरा बदन फैंस को मदहोश कर रहा है। हाथ में वॉच, नो मेकअप लुक और बालों पर हैट लगाकर उन्होंने अपने लुक को कंप्लीट किया है और समंदर किनारे एक से बढ़कर एक गजब पोज दे रही हैं। फैंस को काइली का समर लुक बेहद पसंद आ रहा है। बता दें, काइली जेनर अपने काम के अलावा सोशल मीडिया की दुनिया में भी काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनके 399 मिलियन फॉलोअर्स हैं।एक्ट्रेस काइली जेनर हॉलीवुड इंडस्ट्री की जानी मानी एक्ट्रेसेस में से एक हैं, जो अपनी हॉट अदाओं और लुक्स से फैंस के उड़ा देती हैं। काइली अक्सर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपनी बोल्ड तस्वीरें शेयर कर फैंस का ध्यान खींचती रहती हैं।



# टॉप स्थान हासिल किया सलारः पार्ट 1 - सीजफायर ने

दर्शकों का दिल जीतते हुए सलार-पार्ट 1 - सीजफायर ने अपनी शानदार कमाई के साथ बॉक्स ऑफिस पर टॉप स्थान हासिल किया है। प्रभास स्टारर होम्बले फिल्म्स की फिल्म ने सभी पर जबरदस्त इंपैक्ट डाला है। थिएटर्स में रिलीज के साथ फिल्म ने कई रिकॉर्ड बनाए, जिसके बाद अब स्टार गोल्ड पर इसके टेलीविजन प्रीमियर ने भी 30.4 मिलियन दर्शकों की पहुंच के साथ रिकॉर्ड बना दिया है। मेकर्स ने इस मौके पर सभी दर्शकों से मिल रहे उनके प्यार और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया है। सलार-पार्ट 1 - सीजफायर के मेकर्स ने अपने सोशल मीडिया पर अपनी इस सफलता को शेयर करते हुए बताया है कि फिल्म 30.4 मिलियन दर्शकों तक पहुंची है और इसका औसत मिनट दर्शक 8.1 मिलियन देखा गया है। दिलचस्प बात यह है कि प्रशांत नील की सलार-पार्ट 1 - सीजफायर 2024 के टॉप 3 प्रीमियर में से एक है। यह 2023 के बाद से टीवी पर सबसे ज्यादा रेटिंग वाली डब हिंदी फिल्म है। इस फिल्म का प्रीमियर स्टार गोल्ड पर किया गया। इस बीच, होम्बले फिल्म्स के पास फिल्मों की एक रोमांचक लाइनअप है, जिसमें सलार पार्ट 2-शौर्यंगा पर्वम और कंतारा-चैप्टर 1 शामिल हैं।




# अनिल कपूर लगाएंगे एंटरटेनमेंट का तड़का

रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी 3 का प्रोमो आउट हो चुका है जिस के प्रोमो में अनिल कपूर को शो के रोमांचक नए होस्ट के रूप में पेश किया गया है। बिग बॉस के घर की तरह ही भरपूर ड्रामा पेश किया गया है। अनिल कपूर ने दर्शकों को जल्द ही ड्रामा शुरू होने की उत्सुकता से प्रतीक्षा करने पर जोर दिया है। मेगास्टार अनिल कपूर ने अपनी एनर्जी और वाइब से घर में हलचल मचाने का वादा किया है।

# दूसरे घर में रहने का प्लान बना रहे हैं वरुण धवन

एक्टर वरुण धवन पत्नी नताशा दलाल और नन्हीं बेटी के साथ दूसरे घर में रहने का प्लान बना रहे हैं । यह भी बताया जा रहा है कि उन्होंने घर ढूंढ लिया है । वैसे वह कोई नया घर नहीं खरीद रहे हैं बल्कि उन्होंने किराए के घर में रहने का फैसला किया है । मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वरुण धवन ने मुंबई के जुहू एरिया में किराए पर एक सी-फेसिंग अपार्टमेंट लिया है, जहां वह पत्नी नताशा दलाल और अपनी नन्ही परी के साथ शिफ्ट होने वाले हैं । यह अपार्टमेंट किसी और का नहीं बल्कि ऋतिक रोशन का है ।



**पत्नी नताशा और बेटी के साथ होंगे शिफ्ट**

इसी बिल्डिंग में अक्षय कुमार और साजिद नाडियाडवाला भी रहते हैं। इस तरह दोनों वरुण धवन के पड़ोसी होंगे। फिलहाल, वरुण धवन जुहू में खुद के अपार्टमेंट में रहते हैं, जिसे उन्होंने साल 2017 खरीदा था। वरुण धवन ने साल 2021 में लॉन्ग टर्म गर्लफ्रेंड नताशा दलाल से शादी रचाई थी, जो पेशे से एक फैशन डिजाइनर हैं। दोनों ने शादी से पहले कई सालों तक एक-दूसरे को डेट किया था। फिर घरवालों की रजामंदी के बाद सात फेरे लिए थे। कपल की वेडिंग में बॉलीवुड इंडस्ट्री के तमाम दिग्गज सितारे शामिल हुए थे। वरुण धवन और नताशा दलाल शादी के तीन साल बाद माता-पिता बने हैं। नताशा दलाल ने 3 जून को बेटी को जन्म दिया था।

वर्क फ्रंट की बात करें तो वरुण धवन इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'बेबी जॉन' को लेकर सुर्खियों में छाए हुए हैं। इस फिल्म से एक्टर का लुक भी सामने आ चुका है। यह एक फुल एक्शन मूवी होगी, जो इसी साल सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसके अलावा वरुण धवन के पास 'सिटाडेल इंडिया' सीरीज है, जिसमें उनकी जोड़ी समांथा रुथ प्रभु के साथ दिखेगी। वहीं, वरुण धवन की हाल ही में एक नई फिल्म का ऐलान किया गया है जिसका नाम 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' है। बता दें कि वरुण धवन कुछ दिनों पहले ही पिता बने हैं। उनकी पत्नी नताशा दलाल ने बेटी को जन्म दिया है। पिता बनने के बाद वरुण धवन अपने काम पर लौट चुके हैं।



# भगवान की भूमिका में नजर आएंगे अमिताभ



अपकमिंग गुजराती फिल्म फक्त पुरुषो माटे में बिग बी यानि की अमिताभ बच्चन भगवान की भूमिका में नजर आएंगे। इसमें बिग बी स्पेशल अपीयरेंस में थे। यह फिल्म 2022 की गुजराती फिल्म फक्त महिलाओ माटे का सीक्वल है। फिल्म में यश सोनी, मित्रा गढ़वी, ईशा कंसारा और दर्शन जरीवाला लीड रोल में नजर आए।

प्रोड्यूसर आनंद पंडित ने बिग बी के इस फ्रेंचाइजी से जुड़ने के बारे में कहा कि हमने 6 जून को अमिताभ बच्चन के साथ शूटिंग की और सेट पर मौजूद हर कोई उनकी एनर्जी, डेडिकेशन, प्रोफेशनलिज्म और शानदार प्रेजेंस से हैरान था। प्रोड्यूसर ने कहा कि अमिताभ फक्त महिलाओ माटे का एक अहम हिस्सा थे। ईमानदारी से कहूं तो मेरे लिए उनके बिना किसी प्रोजेक्ट की कल्पना करना मुश्किल है। जिसने भी उनके साथ एक बार काम किया है, वह उनके साथ बार-बार काम करना चाहता है। प्रोड्यूसर वैशाल शाह ने बच्चन के किरदार को दिलचस्प बताया और कहा कि कहानी जिस तरह से आगे बढ़ती है, उसमें उनकी केंद्रीय भूमिका है। शाह ने कहा कि उनके स्टारडम को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता, और यह फिल्म एक बार फिर दिखाएगी कि वे क्यों लेजेंड हैं। फक्त पुरुषो माटे जय बोदास और पार्थ त्रिवेदी द्वारा लिखित और निर्देशित है।

# 49 की उम्र में करिश्मा के लेटेस्ट फोटोशूट ने सोशल मीडिया पर लगाई आग

90 के दशक की खूबसूरत एक्ट्रेस करिश्मा कपूर के दीवाने आज भी लोग हैं। अब वह भले ही सिल्वर स्क्रीन पर कम नजर आती हैं, लेकिन उनका जलवा आज भी कायम है। एक्ट्रेस के स्वैग में कोई कमी नहीं आई है। करिश्मा कपूर एक्टिंग के साथ-साथ अपनी ब्यूटी के लिए आज भी फेमस हैं। एक्ट्रेस कुछ ही दिनों में 50वां बर्थ डे सेलिब्रेट करेंगी और इससे पहले उन्होंने क्यूट अदाओं से भरा फोटोशूट कराया है, जिसमें उनकी सुंदरता देखते ही बन रही है। करिश्मा कपूर को देख फैंस के लिए ये यकीन कर पाना मुश्किल है कि वह 49 साल की हैं और दो बच्चों की मां हैं।

**मैगजीन फोटोशूट को लेकर चर्चा में करिश्मा कपूर**

25 जून को एक्ट्रेस का बर्थ डे है। इस खास मौके से पहले करिश्मा एक मैगजीन के कवर फोटोशूट को लेकर चर्चा में हैं। कवर पेज पर नजर आईं करिश्मा बिलकुल अलग अंदाज में दिख रही हैं। उन्होंने ट्रेंच कोट और मैचिंग प्लीटेड पैंट के साथ एक पेस्टल ब्लू टॉप पहना हुआ है। ज्यादातर तस्वीरों में करिश्मा कपूर एक ब्लू टैंक टॉप, ब्लू को-ऑर्ड शर्ट और शॉर्ट्स सेट और कुछ लोफर्स में दिखाया गया है। सोशल मीडिया पर यह फोटोशूट तेजी से वायरल हो रहा है।

## ब्रीफ न्यूज

### नाले से अतिक्रमण हटाने की मांग की

**हरदा।** जनसुनवाई में शिक्षक ने कलेक्टर आदित्य सिंह को आवेदन देकर बताया कि मगरधा में रामकृष्ण और राम नारायण राजपूत द्वारा गांव के प्राकृतिक नाले का रास्ता बंद कर अतिक्रमण कर लिया गया ह जिससे नाले के पानी की दिशा बदलती है। आलोक गौर ने अतिक्रमण हटाकर प्राकृतिक नाले का जलवाहक पूर्वक करने की मांग की इस पर कलेक्टर ने एसडीएम को मामले का परीक्षण कर दोषी व्यक्ति के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए।

### स्ट्रेट लाइन की चपेट में आने से पशुओं की मौत

**हरदा।** पुराना बस स्टैंड स्थित सिराली में रोड पर डबल लाइन रोड के बीच लगे डिवाइडर के खंभे की लाइन में करंट आने से दो पालतू पशु संपर्क में आ गए और उनके तार से चिपक कर मौत हो गई। सनद रहे कि नगर परिषद द्वारा नगर की सीमा में मुख्य मार्ग के डिवाइडर पर विद्युत पोल लगवा कर सड़क के दोनों तरफ एलईडी लाइट से वाहन चालको के लिए रोशनी की व्यवस्था की गई थी। मंगलवार को एक गाय और एक सूअर की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई।

### श्रीराम कथा मंचन के साथ श्रीराम कथा शुरू

**हरदा।** समीपस्थ अबगांव कला में श्री राम कथा का आयोजन श्री राम मंदिर में किया है। कथा का वाचन महंत आशीष पांडे महाराज द्वारा शाम 7ः30 से रात 10ः30 तक है। इस दौरान कलाकारों द्वारा श्री राम कथा का मंचन भी किया जा रहा है। कथा का श्रवण करने के लिए आसपास के गांव से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंच रहे हैं।

### सरकारी स्कूलों के अतिथि शिक्षकों को करावें ऑनलाइन पंजीयन

**हरदा।** नए शैक्षणिक सत्र के लिए खाली पदों पर अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। इसके लिए अतिथि शिक्षकों को जीएफएमएस पोर्टल पर नया पंजीयन करना होगा। आवेदक के माध्यम से पंजीयन होगा पंजीयन में आधार ईकेवाईसी करना जरूरी है। साथ ही शैक्षणिक व व्यावसायिक योग्यता को अपडेट करना होगा। शिक्षक मध्य प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा 2018 या उसके बाद की जानकारी भी अपडेट करनी होगी। इसके बाद सभी दस्तावेजों की मूल कॉपी के साथ संकुल प्रचार्य से आवेदन ऑनलाइन सत्यापन करना होगा। पहले से पंजीयकत आवेदकों को फिर से पंजीयन करने की आवश्यकता नहीं है वह संशोधन या अपडेट कर सकेंगे।

### पुलिस द्वारा बालिकाओं को खोज कर परिजनों के किया सुपुर्द

**हरदा।** थाना सिविल लाइन में 10 जून को फरियादी निवासी ग्राम धुमधरी थाना मोहदा जिला बैतूल हाल निवासी बालागांव बस स्टैंड के पास हरदा द्वारा सूचना दी गई कि दोनों की नाबालिक बालिकाएं साथ घूमने जाने का बोलकर कहीं चली गई है जिसकी सूचना पर पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे के निर्देश में तत्काल कार्यवाही करते हुए दोनों की तलाश हेतु थाना रहटगांव से सकुशल बरामद किया। परिजनों को सुपुर्द किया। उक्त दोनों गुमशुदा की तलाश में प्रकाश सोलंकी, प्रदीप ठाकरे, मनीष पथरिया और सुनील शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सड़क पर टेंट लगाकर कार्यक्रम करने से आवागमन बाधित

## आयोजक शर्त का खुल्लम-खुल्ला कर रहे हैं उल्लंघन





सत्ता सुधार ■ हरदा

नगर पालिका अंतर्गत शादी विवाह अन्य कार्यक्रमों को सड़क पर टेंट लगाकर गली मोहल्ले में किया जाता है। जिससे जहां एक और आवागमन बाधित होता है वहीं दूसरी ओर नगर पालिका अधिनियम के तहत निर्धारित प्रावधान का उल्लंघन हो रहा है। जिसे कोई देखने और सुनने वाला नहीं है। हर गली मोहल्ले में ऐसा आयोजन होता रहता है। स्थानीय लोगों के साथ-साथ बाहर के लोग भी परेशान होते रहते हैं। आवागमन बाधित होने से परेशानी काफी बढ़ जाती है। इसके बाद भी इस तरह ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

**परमिशन में शर्त का उल्लंघनः** नगर पालिका द्वारा सड़क पर टेंट लगाकर कार्यक्रम करने के संबंध में जो परमिशन दिया जाता है। उसमें शर्त का उल्लेख रहता है कि आधी सड़क आवागमन के लिए छोड़ना अनिवार्य रहता है। इस शर्त का उल्लंघन करने पर भी कार्यवाही नहीं की जाती है। पूरी सड़क पर टेंट लगने से लोग आधी सड़क आने के बाद पुनः लौटकर दूसरी सड़क से गंतव्य तक की यात्रा करते हैं।

जिससे धन और समय का अपव्यय होने के अलावा परेशानी ऊपर से बढ़ जाती है। जिसे देखा सुना नहीं जाता है। स्थानीय लोग काफी परेशान हो जाते हैं घर से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। मोहल्ले की बात होने के कारण शुभ कार्यक्रम में विरोध करना नहीं चाहते हैं। इसके कारण लोग खुलकर विरोध नहीं कर पाते हैं। वार्ड पार्षद और नगर पालिका के अधिकारी परमिशन दिलाने की कार्यवाही कराकर भूल जाते हैं। सड़क पर आवागमन और रोकने की समस्या को नजर अंदाज करते हैं।

**सड़क पर कार्यक्रम के अनुमति न दी जाए :** आवागमन की समस्या को देखते हुए सड़क पर टेंट लगाकर कार्यक्रम करने की अनुमति किसी भी शर्त पर न दी जाए। इसके कारण आवागमन बाधित होता है और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। आने जाने में चक्कर काटना पड़ता है। समय पर नहीं पहुंच पाने के कारण कभी-कभी काफी नुकसान उठाना पड़ता है। इस चक्कर में मरीज फंस जाते हैं तो बहुत दिक्कत होती है। एम्बुलेंस व अन्य वाहन भी नहीं निकल पाते हैं। इन सब समस्याओं को देखते हुए सड़क पर किसी भी शर्त पर कार्यक्रम न करने का आदेश जारी किया जाए और इसका सख्त पालन सुनिश्चित करने के लिए निगरानी की जाए। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करते जो भी पकड़े जाएं उन पर सख्त कार्यवाही की जाये। दबाव में आकर कार्यवाही को ना रोका जाए।

### परमिशन के उल्लंघन पर व्यापक आक्रोश

परमिशन के उलंघन को लेकर व्यापक आक्रोश है। स्थानीय लोगों को काफी परेशानी होती है। जब तक कार्यक्रम नहीं हो जाता तब तक घर से बाहर निकलना मोटरसाइकिल से आना जाना मुश्किल हो जाता है। सब्जी भाजी से लेकर अन्य आवश्यक सामग्रियों की खरीदी नहीं कर पाते हैं। जिसके कारण लोग काफी परेशान हो जाते हैं। इस संबंध में मांग करते हैं फिर भी पार्षद सहित जिम्मेदार जवाबदेह अधिकारी मांग को गंभीरता से लेते हुए कोई व्याप्त कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। इसके कारण लोगों के रवैये से अपेक्षित सुधार नहीं आ रहा है।

### क्या कहते जवाबदार



आपके द्वारा जानकारी संज्ञान में लाई गई इसके अंतर्गत परिषद की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार सड़क पर टेंट लगाकर शादी विवाह सहित अन्य कार्यक्रमों को करने की अनुमति दी जाती है। शर्त के अनुसार आवागमन बाधित न हो इस पर विशेष जोर दिया जाता है। यदि कहीं भी आवागमन बाधित होता है तो संबंधित के खिलाफ जांच कराकर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

**–कमलेश पाटीदार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, हरदा।**

# मूंग उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा




सत्ता सुधार ■ हरदा

बुधवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में कृषि, सहकारिता, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, वेयरहाउस कार्पोरेशन, सहकारी बैंक, मार्कफेड व नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों की बैठक कलेक्टर आदित्य सिंह ने लेकर मूंग उपार्जन के लिये की जा रही तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। इस बैठक में वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से सभी एसडीएम और तहसीलदार भी शामिल हुए। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी एसडीएम को निर्देश दिये कि अपने-अपने क्षेत्र के वेयरहाउसों का निरीक्षण कर सत्यापन करें। उन्होने कहा कि मूंग के भण्डारण के लिये वेयरहाउसों के चयन के मामले में शासन द्वारा निर्धारित मानदण्डों का पालन किया जाए। उन्होने राजस्व अधिकारियों के माध्यम से मूंग के रकबे का सत्यापन कराने के निर्देश भी बैठक में दिये।

### विक्रेताओं के विरूद्ध करें कार्यवाही

कलेक्टर श्री सिंह ने सभी एसडीएम को निर्देश दिये कि अपने-अपने क्षेत्र की विकासखण्ड स्तरीय उपार्जन समिति की नियमित रूप से बैठक लें और उपार्जन के लिये की गई व्यवस्थाओं की समीक्षा करें। उन्होने सभी एसडीएम को खाद एवं बीज की उपलब्धता की समीक्षा करने के निर्देश भी दिये और कहा कि खाद बीज के अवैध भण्डारण की नियमित जांच कर कार्यवाही की जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने अमानक बीज की जांच के लिये सेम्पलिंग के निर्देश कृषि विभाग के अधिकारियों को दिये और कहा कि अमानक बीज विक्रय व भण्डारण करने वाली संस्थाओं के लायसेंस निलंबित व निरस्त करने की कार्यवाही करें। उन्होने रबी फसल के लिये खाद का अग्रिम भण्डारण करने के निर्देश भी कृषि एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों को दिये। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्र की उचित मूल्य की दुकानों से सामग्री वितरण व भण्डारण की जांच करने के लिये भी कहा।

## माहेश्वरी समाज कल से तीन दिवसीय मनाएगा महेश नवमी महोत्सव



**हरदा।** नगर की माहेश्वरी समाज शुक्रवार से तीन दिवसीय महेश नवमी उत्सव मनाएगा। जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताएं समाज के द्वारा रखी गई है। समाज के सचिव मुरलीधर मुंदडा ने बताया कि प्रथम दिवस शुक्रवार को दीप प्रज्वलित कर महेश वंदना करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा इस दिन प्रातः 9ः00 बजे केरम शतरंज हॉकी पेनाल्टी शूटआउट शाम 4ः00 बजे महिलाओं के लिए व्यंजन बनाओ प्राउट सलाद आम का मीठा व्यंजन गीत भजन प्रतियोगिता बच्चों के संग मस्ती भरे गेम और लिखित गेम खिलाए जाएंगे शाम 7 से 3 बॉक्स क्रिकेट प्रीमियर लिंक मैच खेला जाएगा। दूसरे दिन शनिवार को समाज के द्वारा महेश नवमी पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिला युवा संगठन अध्यक्ष गिरिराज तोतला ने बताया कि जो मदन मोहन मंदिर से शुरू होगी। इसके बाद अभिषेक आरती पूजन मदन मोहन मंदिर में होगा शाम 4ः00 बजे से भवन में सांस्कृतिक प्रतियोगिता एवं व्यंजन मेला का आयोजन होगा जिसमें फैंसी ड्रेस सोलो डांस संदेश देती नाटिका फैंसी ड्रेस बच्चों के रंग मस्ती के सॉन्ग हैंडबॉल प्रतियोगिता रखी गई है। तीसरे दिन रविवार को प्रात 9 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन महेश्वरी मांगलिक भवन हरदा में रखा गया है। इसके बाद 1 मिनट गेम कपल गेम सरप्राइज गेम रखा गया है दोपहर 3ः00 बजे बंदरवाल सजाओ नोट की पैकिंग घर से सजाकर लाना अपने अंदाज में अपना परिचय दीजिए खेल खेलो हाउजी की टिकट ले लो प्रतियोगिता रखी गई है। शाम को पुरस्कार वितरण एवं प्रसादी का आयोजन माहेश्वरी मांगलिक भवन में रखा गया है।

## जिला स्तरीय रोजगार मेला 20 जून को आईटीआई में होगा

**हरदा।** जिले के बेरोजगार युवाओं तथा पटाखा फैक्ट्री में प्रभावित हुए अग्नि पीड़ित परिवारों के सदस्यों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 20 जून को रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मण सिंह सिलोटे ने बताया कि यह रोजगार मेला खण्डवा रोड़ स्थित शासकीय आईटीआई हरदा में प्रातः 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। मेले में प्रदेश की विभिन्न कम्पनियों द्वारा 300 युवाओं की भर्ती प्रशिक्षु कर्मी, मशीन ऑपरेटर एवं सुरक्षा गार्ड के पदों पर की जाएगी। मेले में शामिल होने के लिये न्यूनतम योग्यता 5वीं, 8वीं, 10वीं, 12 वीं, आईटीआई उत्तीर्ण है। मेले में 18 से 30 वर्ष तक की आयु के युवा सम्मिलित हो सकते है। जिला रोजगार अधिकारी श्री सिलोटे ने बताया कि इच्छुक आवेदक अपने सभी मूल शैक्षणिक प्रमाण-पत्र अंकसूची, निवास प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, राशन कार्ड, परिचय पत्र, रोजगार कार्यालय का पंजीयन व पासपोर्ट साइज के 4 फोटो के साथ साक्षात्कार के लिये निर्धारित समय व स्थान पर उपस्थित हो सकते है।

### मारपीट पर होगी एफआईआर

**हरदा।** बिजली के मैदानी कर्मचारी और अधिकारियों को ड्यूटी के दौरान सामाजिक तत्वों द्वारा मारपीट कर दुर्व्यवहार की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने तुरंत एफआईआर करने के निर्देश दिए हैं। कंपनी ने कहा है कि प्रायः देखने में आ रहा है कि बिजली कर्मियों पर ड्यूटी के दौरान सामाजिक तत्वों द्वारा मारपीट व दुर्व्यवहार किया जा रहा है। ऐसी घटनाएं विद्युत अधिकारी और कर्मचारियों का मनोबल गिराती है इसलिए कंपनी के कार्यक्षेत्र में कार्यकर्ता सभी नियंत्रित करता अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि मैदानी अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार या मारपीट की घटनाओं को पूरी गंभीरता से लिया जाए। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने ड्यूटी पर तैनात अधिकारी–कर्मचारी से दुर्व्यवहार या मारपीट के मामले को शासकीय कामकाज के निर्देश दिए हैं।

# फुलड़ी में कलेक्टर, सीईओ व जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया श्रमदान

सत्ता सुधार ■ हरदा/रहटगांव

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत हरदा जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में जल संग्रहण व संवर्धन के कार्य लगातार जारी है। इसी क्रम में बुधवार सुबह टिमरनी विकासखण्ड के ग्राम फुलड़ी में अजनाल से नदी से गाद निकालने का कार्य किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, कलेक्टर आदित्य सिंह व सीईओ जिला पंचायत रोहित सिसोनिया ने स्थानीय ग्रामीण जनों और पंचायत पदाधिकारियों के साथ नदी से गाद निकालने के लिये श्रमदान किया। इस अवसर पर एसडीएम टिमरनी महेश बड़ोले भी मौजूद थे। इस दौरान समिति के सदस्यगण अध्यक्ष विनोद चौहान, उपाध्यक्ष रितिक वर्मा, सचिव रोहित गौर, कोषाध्यक्ष राहुल साकल्ले, सह सचिव अंकित गौर आदि उपस्थित रहे। विकासखंड स्तर से जनपद पंचायत ब्लॉक समन्वयक जन अभियान परिषद अनुपम भारद्वाज, जनपद पंचायत टिमरनी से आशीष यादव, अभिजीत मिश्रा एस.के.शुक्ला एवं मनदीप किरार, सीबी सोनी तथा अन्य ग्रामीणजन एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति फुलडी के अध्यक्ष हरिओम गौर एवं सहित समिति के सदस्यगण कार्यक्रम मे उपस्थित रहे।



### पौधरोपण भी किया गया

कलेक्टर श्री सिंह ने इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री शाह और सीईओ जिला पंचायत श्री सिसोनिया के साथ ग्राम फुलड़ी में पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत टिमरनी की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री चेतना पाटिल ने बताया कि फुलड़ी में अजनाल नदी से गाद निकालने के साथ–साथ आर.सी.सी. नाली व क्रास ड्रेनेज का निर्माण कराया जाएगा। इससे पूर्व स्थानीय ग्रामीण महिलाएं कलश यात्रा में शामिल होकर गांव से नदी तट तक आई और नदी तट पर ग्रामीणों ने सामूहिक श्रमदान किया। कलेक्टर श्री सिंह ने इस अवसर पर तहसीलदार को स्कूल परिसर से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये।

# खाटू श्याम बाबा की भक्ति कभी निरर्थक नहीं होती : गोपालदास महाराज

## अंबिकापुरी स्थित खाटू श्याम धाम के वार्षिकोत्सव का शुभारंभ; सुबह शुरू हुआ महायज्ञ और संध्या को निकली कलश यात्रा



**इन्दौर।** कलियुग में भक्ति और भक्ति में नाम स्मरण को ही सर्वश्रेष्ठ माना गया है। खाटू श्याम की भक्ति करने वालों को सार्थक फल मिलता ही है। हारे का सहारा कहे जाने वाले खाटू वाले श्याम बाबा की महिमा चारों दिशाओं में बहुत तेजी से इसीलिए फैल रही है कि उनकी भक्ति किसी भी भाव से की जाए, निरर्थक नहीं होती। सबसे सहज और सरल भक्ति खाटू वाले श्याम बाबा की मानी गई है।

ये प्रेरक विचार हैं खाटू श्याम अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी गोपालदास महाराज के, जो उन्होंने आज एयरपोर्ट रोड, अंबिकापुरी स्थित श्री खाटू श्याम धाम मंदिर के 26वें वार्षिकोत्सव के शुभारंभ प्रसंग पर आयोजित खाटू श्याम महायज्ञ के दौरान व्यक्त किए। जैसे ही खाटू श्याम महायज्ञ का शुभारंभ हुआ, भक्तों ने हारे का सहारा और खाटू श्याम बाबा के जयघोष से आसमान को गुंजायमान बनाए रखा। संध्या को 60 फीट रोड स्थित सियाराम मंदिर से खाटू श्याम मंदिर तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति ने मस्तक पर कलश धारण कर उत्साह के साथ भाग लिया। बग्घियों में महामंडलेश्वर स्वामी गोपालदास सहित अनेक संत, विद्वान विराजित थे।

मार्ग में अनेक स्थानों पर कलश यात्रा का स्वागत किया गया। महिलाओं ने भजनों पर नाचते-गाते हुए अपनी खुशियां व्यक्त की। अंबिकापुरी मंदिर पहुंचने पर मातृशक्ति ने भी खाटू श्याम बाबा के जयघोष से मंदिर परिसर को गुंजायमान कर दिया। वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में अंबिकापुरी मंदिर पर खाटू श्याम सरकार का नित्य नूतन श्रृंगार भी होगा। इसकी शुरुआत आज से हो गई है। संयोजक महंत नीलू बाबा ने बताया कि वार्षिकोत्सव में गुरुवार, 13 जून से सोमवार, 17 जून तक श्याम प्रिया मुस्कान शर्मा के श्रीमुख से नानी बाई के मायरे की संगीतमय कथा प्रतिदिन दोपहर 3 से सायं 6 बजे तक होगी। इस दौरान 16 जून को गंगा दशहरे पर गोमाता एवं गंगा मैया का विशेष पूजन, 17 जून को निर्जला एकादशी पर दीपदान महायज्ञ तथा 18 जून को खाटू श्याम महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी। खाटू श्याम अखाड़े के अनेक आचार्य महामंडलेश्वर भी इस वार्षिकोत्सव में शामिल होने इन्दौर आएंगे। इनमें खाटू श्याम अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर राघवेन्द्रदास, गिरधरदास, महामंडलेश्वर संतोषी माई के नाम प्रमुख हैं। खाटू श्याम महायज्ञ की पूर्णाहुति मंगलवार, 18 जून को सुबह 11 बजे होगी। बाबा की पवित्र ज्योत के दर्शन सुबह 11.30 बजे होंगे तथा सांय 7 बजे महाआरती के बाद विशाल भजन संध्या एवं प्रसाद वितरण के साथ महोत्सव का समापन होगा।

### स्कूल चले हम अभियान का प्रथम चरण 18 जून से प्रारम्भ

**हरदा।** मध्यप्रदेश शासन के निर्णय अनुसार ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद स्कूलों का शैक्षणिक सत्र 2024-25 आगामी 18 जून से प्रारम्भ किया जा रहा है। जिला परियोजना समन्वयक श्री कुम्भारे ने बताया कि आगामी 18 जून को स्कूलों में आयोजित कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों एवं शाला के पूर्व विद्यार्थियों को आमंत्रित किया जाएगा एवं शालाओं में विद्यार्थियों को विशेष भोज वितरित किया जाएगा। स्कूल चले हम अभियान के तहत शाला त्यागी बच्चों का चिन्हांकन कर उनको शिक्षा की मुख्य धारा में लाने के लिये बच्चों का पंजीयन स्कूलों में किया जाएगा। इसके बाद आगामी 19 जून को सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में शिक्षक-अभिभावक बैठक का आयोजन किया जाएगा एवं विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण किया जाएगा। आगामी 20 जून को जिले की सभी शालाओं में जनसमुदाय की सहभागिता में भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध प्रभावशाली व प्रतिष्ठित व्यक्तियों को विद्यार्थियों को शिक्षा के लिये प्रेरित करने के लिये आमंत्रित किया जाएगा।

# शहर के चौराहों के सौन्दर्यीकरण और ट्रेफिक सिग्नल लगवाने का प्लान बनायें

सत्ता सुधार ■ हरदा




हरदा शहर के अधिक ट्रेफिक वाले चौराहों पर ट्रेफिक सिग्नल लगवाने तथा शहर के मुख्य चौराहों के सौन्दर्यीकरण के संबंध में कार्य योजना बनायें। सभी नगरीय निकाय अपनी आय में वृद्धि के लिये टैक्स वसूली बढ़ाएं। यह निर्देश कलेक्टर आदित्य सिंह ने बुधवार शाम को कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित बैठक में उपस्थित मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को दिये। उन्होने हरदा के पेड़ी घाट पर हाई मास्क लाईट लगाने, घाट पर चाट चौपाटी विकसित करने तथा घाट सौन्दर्यीकरण के कार्य कराने के निर्देश मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमलेश पाटीदार को दिये। बैठक में अपर कलेक्टर डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा भी मौजूद थे।

कलेक्टर श्री सिंह ने सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की गति बढ़ाने के निर्देश दिये। शहरी क्षेत्र में स्ट्रीट लाईट व्यवस्था सुधारने के लिये भी सभी सीएमओ से कहा। उन्होने जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन अवसर पर 15 एवं 16 जून को अजनाल नदी के तट पर कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश भी सीएमओ श्री पाटीदार को दिये। कलेक्टर श्री सिंह ने पेड़ी घाट पर हॉकर्स कॉर्नर व वाहन पार्किंग स्थल स्थापित करने तथा रात्रि में आकर्षक प्रकाश व्यवस्था कराने के लिये भी कहा। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत 2.0 योजना, कायाकल्प योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

# छिदगांव तमोली कराटे सेंटर मे बाल श्रम निषेध दिवस मनाया

सत्ता सुधार ■ हरदा



ग्राम छिदगांव तमोली कराटे सेंटर मे 15 अप्रेल से 15 जून तक कराटे खेल का समर केंम्प लगाया गया है यह केंम्प तिनका सामाजिक संस्था के मार्गदर्शन नेतृत्व मे लगाया गया है। शिविर मे नियमित भाग लेने बाले बच्चों को टीशर्ट नेकर प्रमाण पत्र दिया जाएगा। कराटे कोच अनिल मल्हारे ने बताया की समर केंम्प मे विभिन्न गतिविधि कराई जा रही है कराटे सेंटर मे बुधवार को बाल श्रमिक निषेध दिवस मनाया गया। इस दौरान बाल श्रम से होने वाले नुकसान पर चिंता व्यक्त की गई। बच्चों को बाल श्रम का मतलब बताया गया विश्व भर में हर साल 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जाता है, इसकी शुरूआत 12 जून 2002 से गई है जिसका उद्देश्य है बच्चों को मजदूरी से हटाकर शिक्षा के लिए प्रेरित करना इसके पीछे गरीबी सबसे बड़ी वजह है जिसके चलते बच्चों को कम उम्र में ही काम में लगाया जाता है, जो कि उनके विकास में सबसे बड़ी बाधा डालता है। ऐसे में, इसी बचपन को बचाने के लिहाज से इस दिन को मनाया जाता विश्व बाल श्रम निषेध दिवस 2024 की थीम है। अपने प्रतिबद्धताओं पर कार्य करें बाल श्रम समाप्त करें बता दें, हर साल इस मौके पर अलग-अलग प्रकार से थीम रखी जाती है। साथ ही बच्चों को उनके अधिकार भी बताया गया। बच्चों को बाल श्रम के दुष्य परिणाम बताया गया कराटे कोच अनिल मल्हारे ने बताया की बच्चों ने बाल श्रम का रोल प्ले भी किया नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बच्चों ने बाल श्रम का विरोध किया गया। इस मौके पर आदर्श मल्हारे, अमित सातनकर, लक्की मल्हारे, वैष्णवी ढोके, साधना ढोके समिक्षा ढोके सहित अन्य बच्चे उपस्थित रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### अडानी ग्रुप की कंपनियों में रिकवरी से मालामाल हो रहे गौतम अडानी

**मुंबई।** अडानी ग्रुप की कंपनियों के शेयरों में रिकवरी से समूह के मालिक गौतम अडानी की नेटवर्थ में इजाफा हो रहा है। साथ ही दुनिया के सबसे अमीर लोगों की लिस्ट में फिर आगे बढ़ रहे अडानी है। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार, गौतम अडानी की नेटवर्थ में 198 मिलियन डॉलर यानी 1653 करोड़ रुपए का इजाफा हुआ है। इससे उनकी नेटवर्थ 107 अरब डॉलर पर पहुंच गई है। गौतम अडानी की नेटवर्थ में इस साल अब तक 22.8 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है। नेटवर्थ में आए उछाल से गौतम अडानी दुनिया के 13वें सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। गौतम से आगे 12वें स्थान पर स्थित मिशेल डेल की नेटवर्थ भी 107 अरब डॉलर ही है। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज के मालिक मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में गिरावट दर्ज की गई। मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में 161 मिलियन डॉलर यानी 1344 करोड़ रुपए की गिरावट आई है। इससे मुकेश अंबानी की नेटवर्थ 112 अरब डॉलर रह गई है। मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में इस साल अब तक 15.7 अरब डॉलर का इजाफा हो चुका है। वे इस समय दुनिया के 11वें सबसे अमीर व्यक्ति हैं।

### शेयर बाजार तेजी के साथ शुरु हुआ

**मुम्बई।** घरेलू शेयर बाजार की बुधवार को तेज शुरुआत हुई। शुरुआती कारोबार में बेंचमार्क बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी ऊपर आया। बीएसई सेंसेक्स 206 अंक उछलकर 76,663 के स्तर पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी 50 0.34 फीसदी की बढ़त लेकी 23,344 अंक पर पहुंच गया। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स के शेयरों में टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स, एचसीएल टेक, टीसीएस और पावरग्रिड के शेयर ऊपर आये जबकि भारती एयरटेल, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एशियन पेंट्स और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों में गिरावट दर्ज की गयी। निफ्टी में बीपीसीएल, विप्रो और एलटीआई माइंडट्री के शेयर सबसे अधिक उछले जबकि एनटीपीसी, ग्रासिम इंडस्ट्रीज और टाइटन के शेयर गिरे। वहीं मिडकैप सूचकांक 0.49 और स्मॉलकैप सूचकांक 0.62 फीसदी बढ़ा।आज कारोबार के दौरान गिफ्ट निफ्टी फ्यूचर्स में धीमी शुरुआत रही। गिफ्ट निफ्टी 50 फ्यूचर्स से 2 अंक अधिक 23,311 के स्तर पर कारोबार करता नजर आया। वहीं एशिया-प्रशांत के बाजारों में मिला-जुला कारोबार हुआ। अब निवेशकों की नजरें अमेरिकी फेडरल रिजर्व के आने वाले फैसले पर लगीं हैं। देश की मुद्रास्फीति दर में हल्की वृद्धि होकर 4.89 फीसदी रहने की उम्मीद है। यह अनुमान अप्रैल के 4.83 फीसदी की बढ़ोतरी से थोड़ा अधिक है। एशियाई बाजार में, जापान का निक्केई 225 0.79 फीसदी अधिक गिरा, जबकि व्यापक टॉपिक्स सूचकांक 0.63 फीसदी नीचे आया। वहीं दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.35 फीसदी ऊपर रहा जबकि स्मॉल-कैप कोस्डेक इंडेक्स 0.37 फीसदी ऊपर आया। इससे पहले गत दिवस बाजार में सपाट कारोबाहर हुआ था।




# नए कलेवर में रफ़्तार भरने को तैयार है नई स्विफ्ट

## अब 3 सिलिंडर इंजन के साथ आती है नई कार

एजेंसी ■ नई दिल्ली

भारतीय बाजार में फिर से नई स्विफ्ट नए रंग रूप के साथ रफ़्तार भरने को तैयार है। पहले स्विफ्ट में 1.2 लीटर का 4 सिलिंडर इंजन आता था, लेकिन अब यह 3 सिलिंडर इंजन के साथ आती है। मारुति द्वारा स्विफ्ट में इंट्रोड्यूस किया गया झेड सीरीज एक नया इंजन है। ख़ास बात यह है कि ये एक बेहतरीन थ्री सिलिंडर इंजन है, जो रिफाइन तो है ही और इसका रिस्पांस भी काफ़ी अच्छा है। यह इंजन कंपीटिशन में आने वाले थ्री सिलिंडर इंजन से काफ़ी बेहतर है। ना तो ज़्यादा शोर करता है, ना ही ज़्यादा वाइब्रेशन। हमे इस गाड़ी चलाने का मज़ा मैन्युअल गियरबॉक्स के साथ आया हालाँकि एएमटी भी अच्छा है। अगर आप इस गाड़ी को ख़रीदना चाहते है तो दोनों की टेस्ट ड्राइव ज़रूर लें। स्विफ्ट 2024 में आपको 6 एयरबैग, 3 पॉइंट सीटबेल्ट वह भी सारे पैसेंजर्स के लिए, हिल होल्ड एसिस्ट, एबीएस प्लस ईबीडी और इसोफिक्स चाइल्ड सीट माउंट्स भी मिलते हैं। यानी की ये अब पहले से ज़्यादा सेफ है। इसके इलावा इसमें कनेक्टेड फ़ीचर्स भी दिए हुए है। अगर आपको एक ऐसी हैचबैक चाहिए जो अपने सेगमेंट में सबसे ज़्यादा माइलेज दे तो आप स्विफ्ट ख़रीद सकते हैं। स्विफ्ट लवर है तो आप पुरानी स्विफ्ट को नयी स्विफ्ट से रिप्लेस कर सकते हैं।

इसका नया डिज़ाइन क़ाबिले तारीफ़ है और इंटीरियर भी स्मार्ट लुकिंग है, चलने तो बढ़िया है ही, हो सकता है रफ़्तार पसंद लोगों को इंजन थोड़ा कमजोर लगे और मौजूदा 4 सिलिंडर इंजन के मुक़ाबले पावरफुल महसूस ना हो फिर भी यह एक बेस्ट थ्री सिलिंडर इंजन है। आप यह भी सोच सकते हैं कि स्विफ्ट का प्राइस मारुति सुजुकी बलेनो के आस पास है और उसे ख़रीदना चाहें, लेकिन यक़ीन माने स्विफ्ट का अपना एक चार्म है। नई स्विफ्ट का डिज़ाइन पहले जैसा ही है लेकिन ये पहले से और भी ज्यादा शॉर्प हो गई है। इसमें नया बंपर, नए डिज़ाइन का रेडिएटर ग्रिल दिया गया है। नए हेडलैंप और फॉग-लैंप भी कार के फ्रंट को बिल्कुल फ्रैश लुक देते हैं। वहीं इसके प्राइज की बात करें तो यह 6.49 लाख रुपये से शुरू होकर 9.65 लाख रुपये एक्स शोरूम तक जाता है।

# अब इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जों में लगेगा ज्यादा से ज्यादा देसी सामान

## सरकार का 35 से 40 फीसदी मूल्यवर्द्धन स्थानीय तौर पर करने का लक्ष्य

एजेंसी ■ नई दिल्ली

इलेक्ट्रॉनिक्स कलपुर्जों के लिए प्रस्तावित उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना में। देश में इलेक्ट्रॉनिक्स के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए ऐसा किया जा रहा है। अप्रैल 2020 में शुरू किए गए इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण (स्पेक्स) पीएलआई के लिए 18 से 20 फीसदी मूल्यवर्द्धन को अब दोगुना किया जाएगा।

अधिकारियों के अनुसार योजना शुरू होने के बाद उत्पादों का मूल्यवर्द्धन बढ़ेगा, जिससे भारत इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में दूसरे देशों को टक्कर देगा। 40 फीसदी स्थानीय मूल्यवर्द्धन का लक्ष्य चीन के बराबर होगा, लेकिन अनुमान है कि चीन में विनिर्माण और असेंबली का काम चालू होने के कई दशक बाद स्थानीय मूल्यवर्द्धन 40 से 50 फीसदी तक पहुंच पाया है।



इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्रालय के पहले 100 दिन के कामकाज में कलपुर्जा विनिर्माण के लिए पीएलआई योजना पर काम होने की उम्मीद है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय नई योजना को अंतिम रूप देने से पहले नीति आयोग और वित्त मंत्रालय से सलाह ले रहा है। आईटी मंत्रालय ने पहले 100 दिन के अपने एजेंडा में 30 से अधिक बिंदुओं की सूची सौंपी है और उनमें इस योजना को शीर्ष प्राथमिकता दी है। नई योजना में मंत्रालय जिन कलपुर्जों को शामिल करेगा, उनकी पहचान की जा चुकी है। उद्योग सहित पक्षों के साथ परामर्श के बाद जल्द ही सूची को अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में स्थानीय मूल्यवर्द्धन बढ़ने पर आयात के बजाय देसी उद्यमियों से ज्यादा मात्रा में कलपुर्जे लिए जाएंगे। इससे देश का राजस्व बढ़ेगा। नई योजना इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण और सेमीकंडक्टर कलपुर्जा संवर्द्धन योजना (स्पेक्स) की जगह लेगी, जो इस साल 31 मार्च को खत्म हो गई। स्पेक्स योजना 2020 में तीन साल के लिए लाई गई थी और इसे 31 मार्च, 2024 तक बढ़ा दिया गया था। इसके तहत कई इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं के लिए होने वाले पूंजीगत खर्च का 25 फीसदी हिस्सा वित्तीय प्रोत्साहन के रूप में लौटा दिया जाता था। राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स नीति में केंद्र सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन से 2025-26 तक 300 अरब डॉलर राजस्व हासिल करने का लक्ष्य रखा था।

# चालू वित्तीय वर्ष के दो माह में 2 बिलियन से अधिक आईफोन का निर्यात

एजेंसी ■ मुंबई

एप्पल ने भारत से आईफोन के निर्यात पर जोर दिया है। चालू वित्तीय वर्ष के पहले दो महीनों में निर्यात मूल्य 2 बिलियन से अधिक हो गया है। यह देश के कुल आईफोन उत्पादन (2.6 बिलियन) का 81 प्रतिशत है। मई में, एप्पल ने अप्रैल के समान प्रदर्शन दोहराते हुए फिर से 1 बिलियन से अधिक के आईफोन का निर्यात किया। आईफोन प्रवक्ता ने इस विषय पर टिप्पणी करने से इंकार कर दिया। वित्तीय वर्ष 2025 में तीन एप्पल विक्रेताओं के उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत उत्पादन मूल्य 10.2 बिलियन (निर्यात सहित) तक पहुंचने का लक्ष्य है। उन्होंने केवल दो महीनों में उस लक्ष्य का 25 प्रतिशत हासिल कर लिया है। अब तक वितीय साल 25 में, एप्पल के प्रमुख विक्रेता फोक्सकौन ने कुल निर्यात का 65 प्रतिशत योगदान दिया है, विस्ट्रोन ने 24 प्रतिशत, और शेष 11 प्रतिशत पेगस्ट्रोन से आया है। सभी तीन एप्पल विक्रेता स्मार्टफोन पीएलआई योजना में भागीदार हैं,



और अभी पांच साल की योजना के चौथे वर्ष में प्रवेश कर लिया है।

यह उछाल भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन और निर्यात क्षमताओं में सुधार का संकेत देता है, जो वैश्विक बाजार में देश की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाता है। इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात, जिसमें मुख्य रूप से मोबाइल फोन शामिल हैं, वित्तीय साल 23 में छठे स्थान (निर्यात मूल्य 23.6 बिलियन) से वित्तीय साल 24 में पांचवें स्थान (निर्यात मूल्य 29.1 बिलियन) पर पहुँच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 23 प्रतिशत की वृद्धि है। वित्तीय साल24 में, आइफोन निर्यात ने भारत के कुल इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात का 35 प्रतिशत और कुल मोबाइल फोन निर्यात का 65 प्रतिशत हिस्सा बनाया। एप्पल ने पिछले तीन वर्षों में भारत से अपने उत्पादन और निर्यात में लगातार वृद्धि की है।

# सेबी ने चैनल एंकर सहित सात अन्य लोगों पर ठोका जुर्माना

## पांच साल के लिए प्रतिबंधित किया

एजेंसी ■ मुंबई

बाजार रेगुलेटरी सेबी ने एक टेलीविजन चैनल पर शेयर बाजार पर केंद्रित कार्यक्रम पेश करने वाले प्रदीप पंड्या और सात अन्य लोगों एवं फर्मों को प्रतिभूति बाजार से पांच साल के लिए प्रतिबंधित किया। इसके अलावा धोखाधड़ी वाली कारोबारी गतिविधियों में लिप्त होने के लिए इन पर सामूहिक रूप से 2.6 करोड़ रुपए का जुर्माना भी लगाया है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने पूर्व टीवी एंकर पंड्या के अलावा अल्पेश फुरिया, मनीष फुरिया, अल्पा फुरिया, अल्पेश वासंजी फुरिया एचयूएफ, मनीष वी फुरिया एचयूएफ, महान इन्वेस्टमेंट और तोशी ट्रेड के खिलाफ प्रतिबंध लगाए हैं। सेबी ने अपने आदेश में कहा, 'प्रदीप पंड्या ने न्यूज चैनल के लिए एंकर के रूप में काम करते हुए अल्पेश फुरिया के साथ आगामी स्टॉक अनुशंसाओं के बारे में गोपनीय जानकारी साझा की और अल्पेश ने विशिष्ट सूचना का फायदा उठाकर अपने खातों और संबंधित संस्थाओं के जरिये शेयरों का कारोबार किया। नियामक ने कहा कि फुरिया ने वेतन वृद्धि के बदले में ये सुझाव ओपू फुनिकांत नाग के साथ भी साझा किए। सेबी के मुताबिक, यह आचरण न केवल भेदिया सूचना का लाभ उठाने के स्पष्ट इरादे को दर्शाता है, बल्कि निजी लाभ के लिए सूचना विषमता का फायदा उठाने के लिए एक व्यवस्थित दृष्टिकोण को भी दर्शाता है।



**क्या है पूरा मामला:** दिसंबर, 2020 में, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने रिपोर्ट में अल्पेश फुरिया और संबंधित संस्थाओं की व्यापारिक गतिविधियों का विश्लेषण किया था। इसके बाद, सेबी ने नवंबर, 2020 और जनवरी, 2021 के बीच इस मामले में आगे का विश्लेषण किया था। नियामक ने पंड्या और अल्पेश फुरिया के कॉल डेटा रिकॉर्ड के विश्लेषण में यह पाया कि पंड्या को सिफारिशों से संबंधित जानकारी तक अग्रिम पहुंच हासिल करने की विशिष्ट स्थिति थी। पंड्या ने अल्पेश फुरिया और संबंधित संस्थाओं को जानकारी दी। सेबी ने पंड्या, अल्पेश फुरिया और अन्य छह संस्थाओं को प्रतिभूति बाजार में प्रवेश करने से रोक दिया है। इसके साथ उन पर प्रतिभूतियों की खरीद, बिक्री या अन्यथा लेनदेन, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से या किसी भी तरह से प्रतिभूति बाजार से जुड़े होने पर पांच साल के लिए रोक लगा दी है।

### सोने और चांदी की कीमतों में आया उछाल

**नई दिल्ली।** घरेलू बाजार में बुधवार को सोने और चांदी की कीमतों में तेजी आई। आज दोनो ही धातुओं की वायदा कीमतों में तेजी रही। कारोबार के दौरान सोने के वायदा भाव 71,600 रुपये वहीं चांदी के वायदा भाव 89,300 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी की वायदा कीमतों में उछाल रहा। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त अनुबंध आज 33 रुपये बढ़कर 71,523 रुपये पर खुला। यह अनुबंध 80 रुपये की तेजी के साथ 71,570 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। ये 71,594 रुपये के भाव पर दिन के उच्च और 71,523 रुपये के भाव पर दिन के निचला स्तर पर पहुंचा। सोने का वायदा भाव पिछले महीने 74,442 रुपये के भाव पर पहुंचा था। वहीं चांदी की वायदा कीमतों की शुरूआत में आज बढ़त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई अनुबंध आज 587 रुपये की तेजी के साथ 89,250 रुपये पर खुला। यह अनुबंध 654 रुपये की तेजी के साथ 89,317 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# इंडोनेशिया और तंजानिया से आयात कम करने मोदी सरकार ने उठाए कदम

एजेंसी ■ नई दिल्ली

मोदी सरकार ने रत्नों से जड़े हुए कुछ खास तरह के सोने के आभूषणों के आयात पर प्रतिबंध लगाया है। इस फैसले का उद्देश्य इंडोनेशिया और तंजानिया से आयात को कम करना है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) के अनुसार, भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच मुक्त शुल्क समझौते के तहत इन सोने के आभूषणों के आयात की अनुमति अभी भी रहेगी। वैध शुल्क दर कोटा (टीआरक्यू) के तहत बिना प्राधिकरण के इन वस्तुओं के आयात की अनुमति होगी।

डीजीएफटी की अधिसूचना में कहा गया है कि मोती, कुछ हीरे और अन्य कीमती और मध्यम कीमती रत्नों से जड़े सोने के आभूषणों के लिए आयात नीति में संशोधन किया गया है। नीति की स्थिति तत्काल प्रभाव से मुक्त से प्रतिबंधित में बदल गई है। इस श्रेणी के तहत ज्वैलरी के आयात के लिए सरकारी अनुमति या लाइसेंस की आवश्यकता होती है। एक उद्योग विशेषज्ञ ने इंडोनेशिया



और तंजानिया से इन वस्तुओं के आयात में वृद्धि का उल्लेख किया। भारत का इंडोनेशिया के साथ मुक्त व्यापार समझौता है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, मजबूत घरेलू मांग के कारण वित्त वर्ष 2023-24 में सोने का आयात 30 प्रतिशत बढ़कर 45.54 अरब डॉलर रहा। पिछले वित्त वर्ष में सोने का आयात 35 अरब डॉलर था। हालांकि, इस साल मार्च में कीमती धातु का आयात 53.56 प्रतिशत घटकर 1.53 अरब डॉलर रह गया। भारत के लिए सोने के आयात का सबसे बड़ा स्त्रोत स्विटजरलैंड है, जिसकी हिस्सेदारी करीब 40 प्रतिशत है।

### घरेलू यात्री वाहनों की बिक्री मई में 4 प्रतिशत बढ़ी : सियाम

**नई दिल्ली।** देश में यात्री वाहनों की थोक बिक्री मई में सालाना आधार पर चार प्रतिशत बढ़कर 3,47,492 इकाई तक पहुंच गई। उद्योग संगठन सियाम ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मई 2023 में थोक बिक्री कुल 3,34,537 इकाई रही थी। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा, ''यात्री वाहनों में केवल मध्यम वृद्धि देखी गई है, जिसका मुख्य कारण पिछले वर्ष का उच्च आधार प्रभाव है। मई में दोपहिया वाहनों की बिक्री 10 प्रतिशत बढ़कर 16,20,084 इकाई हो गई, जबकि मई 2023 में यह 14,71,550 इकाई थी। पिछले महीने तिपहिया वाहनों की बिक्री 15 प्रतिशत बढ़कर 55,763 इकाई हो गई, जबकि मई 2023 में यह 48,610 इकाई थी।


## भारत में है 65,990 रुपये की शुरुआती कीमत

# सैमसंग ने लांच की 2024 क्यूएलईडी प्रीमियम टीवी सीरीज

एजेंसी ■ नई दिल्ली

साउथ कोरियाई कंपनी सैमसंग ने भारत में 2024 क्यूएलईडी 4के टीवी सीरीज लॉन्च की। इस टीवी की शुरुआती कीमत 65,990 रुपये की है। 2024 क्यूएलईडी 4के टीवी लाइन-अप ढेर सारे प्रीमियम फीचर्स के साथ आता है।

सैमसंग इंडिया के विजुअल डिस्प्ले बिजनेस के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट मोहनदीप सिंह ने कहा, पिछले कुछ सालों में कॉन्टेंट की खपत में तेजी से बदलाव आया है। यूजर्स ज़्यादा शानदार और प्रीमियम व्यूइंग एक्सपीरियंस की मांग कर रहे हैं। इस मांग को पूरा करने के




लिए हमने 2024 क्यूएलईडी 4के टीवी सीरीज़ लॉन्च की है, जो प्रीमियम और बेहतरीन व्यूइंग एक्सपीरियंस की दुनिया में एक नया कदम है। 2024 क्यूएलईडी 4के टीवी सीरीज़ क्वॉन्टम प्रोसेसर लाइट 4के दिया गया है। यह एक शक्तिशाली प्रोसेसर है जो विजुअल और ऑडियो पोजीशन को जरूरत के मुताबिक सेट करता है। यूजर्स चाहे जो भी कंटेंट देख रहे हों, उसका रिज़ॉल्यूशन कुछ भी हो, अल्टीमेट 4के अपस्केलिंग फीचर बेहतरीन विजुअल प्रदान करता है। यूजर इस पर रियल पिक्चर क्वालिटी का आनंद ले सकते हैं कि टीवी अपने आप लगभग-4के लेवल में अपग्रेड हो जाता है। किसी कॉन्टेंट के देखने और सुनने के अनुभव को शानदार बनाने के लिए 2024 क्यूएलईडी 4के टीवी सीरीज़, क्यू-सिंफनी, ओटीएस लाइट और अडेप्टिव साउंड फीचर्स से लैस है, जिससे यूजर्स ऑन-स्क्रीन मूवमेंट को ऐसे महसूस कर सकते हैं जैसे कि वह वास्तविक हो। इसके अलावा सैमसंग की टीवी प्लस सेवा भी शामिल है जिसमें 100 से ज्यादा मुफ्त चैनल शामिल हैं। सैमसंग दुनिया को प्रेरित करते हुए बदलाव लाने वाले विचारों और तकनीकों के साथ भविष्य को आकार देता है। टीवी तीन साइज - 55 इंच, 65 इंच और 75 इंच में आएगा। यह सैमसंग डॉट कॉम और अमेजन डॉन इन पर उपलब्ध है।

# पेट्रोल, डीजल जीएसटी के दायरे में आया तो कम होंगी कीमतें

**नई दिल्ली।** घरेलू बाजार में पेट्रोल, डीजल की कीमतें कम हो सकती है। ऐसा इसके जीएसटी के दायरे में आने के कारण होने की संभावना है। अभी ये दोनो ही इस दायरे से बाहर हैं। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के पेट्रोलियम मंत्री बनने के बाद से ही ईंधन की कीमतें घटने की संभावनाएं जतायी जा रही हैं। इसका कारण है कि सरकार पेट्रोल, डीजल और प्राकृतिक वस्तुओं को जीएसटी (जीएसटी) के दायरे में ला सकती है। अगर ऐसा हुआ तो ईंधन की कीमतें घटना तय है। पिछले कार्यकाल में भी पुरी ने कहा था कि पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने के प्रयास हो रहे हैं। जोर दिया है. यहां तक कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी पिछले साल नवंबर में कहा था कि इसे लागू करने से लोगों को फायदा होगा साथ ही कहा कि इसे जीएसटी के तहत लाने के लिए राज्यों से भी बात करन होगी क्योंकि उसे इसी से सबसे अधिक राजस्व मिलता है। वहीं अगर पेट्रोल और डीजल पर मौजूदा टैक्स सिस्टम को खत्म कर जीएसटी लागू किया गया तो इनकी कीमतें काफी कम हो सकती हैं। अभी पेट्रोल की खुदरा कीमत में लगभग 55 फीसदी हिस्सा केंद्र और राज्य के करों का हिस्सा है।



# दुर्गनाथ मन्दिर पर कलशयात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा आरम्भ

सत्ता सुधार ■ झुण्डपुरा

आस्था के केन्द्र दुर्गनाथ मंदिर झुण्डपुरा पर कलशयात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा शुरू हुई। श्रीमद भागवत कथा के पूर्व नगर से विशाल कलशयात्रा एवं शोभायात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या मे स्थानीय लोग एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। कलश यात्रा सुबह नगर से होकर शुरू हुई जिसमें परीक्षत लक्ष्मण दास नागाजी श्रीमद भागवत पुराण को सर पर रखकर चले रहे थे, साथ मे कन्याऐ व महिलाएं बडी संख्या मे कलश लेकर चल रही थी। पीछे कथावाचक पण्डित शिवमदास जी महाराज घोड़े पर सवार होकर चल रहे थे। कलशयात्रा मे डीजे पर विभिन्न धार्मिक भजनों की धुन पर श्रद्धालु थिरकते चल रहे थे। कलश यात्रा विभिन्न मार्गो से होकर कथा स्थल दुर्गनाथ मंदिर पर पहुंची। कथा स्थल पर कथा व्यास पण्डित शिवमदास महाराज ने विधि विधान पूजन कर कथा का शुभारंभ किया। कथा व्यास पण्डित शिवमदास महाराज ने कहा कि हमें अपने जीवन को सफल बनाने के लिए कथा का श्रवण अवश्य करना चाहिए। कथा में मिले ज्ञान को हम अगर अपने जीवन में उतारेगे तो हमारा जीवन अवश्य सफल हो जायेगा। प्रभु का गुणगान करने से हमारे जीवन में आये कष्ट दूर हो जाते है तथा भगवतकृपा प्राप्त होती हैं। कथा की सार्थकता तभी है, जब इसे हम जीवन में उतारे तथा व्यवहार मे धारण कर निरंतर हरि स्मरण करते हुए अपने जीवन को आनंदमय, मंगलमय बनाकर अपना आत्मकल्याण करें। श्रीमद् भगवत कथा से मन शुद्ध होता है इससे संसय दूर होता है और शान्ति मिलती हैं। कथा सुनने से जन्म जन्मांतर के पाप कट जाते है। इस अवसर पर समस्त नगरवासी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# जौरा रोड पर सीएनजी प्लांट में भीषण अग्निकांड, करोड़ों का नुकसान

## डेढ़ घंटे में किया आग पर नियंत्रण, हादसे के कारणों की जांच में जुटी पुलिस





### डेढ़ घंटे तक लोग रहे दहशत में

सीएनजी के गोदाम में बुधवार की दोपहर लगी आग के कारण डेढ़ घंटे तक हाईवे से गुजरने वाले एवं आसपास के क्षेत्र में रहने वाले लोग दहशत में रहे और तमाम लोग घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करते रहे। आग बुझने के पश्चात लोगों ने राहत की सांस ली है, फिलहाल सुरक्षा की दृष्टि से वहां फायर ब्रिगेड रिजर्व में रखी गई है ताकि पुनः आग भढकती है तो उस पर नियंत्रण किया जा सके।

सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिले के जौरा रोड पर छैरा गांव के पास इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन द्वारा सीएनजी पाइप लाइन बिछाने के लिए स्टोर रूम किराए की जमीन पर स्थापित किया गया था, जिसमें बुधवार की सुबह 11:45 बजे अचानक आग की लपटे निकलने लगी और भयंकर काला धुआं चारों ओर फैलने लगा। भीषण आग देखकर हाईवे पर काफी देर के लिए यातायात थम गया और लोग भयभीत हो गए। सूचना मिलते ही एसडीओपी एवं थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड बुलाई गई।

डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग को नियंत्रण में किया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इंडियन ऑयल कार्पोरेशन द्वारा जिले की जौरा विधानसभा में सीएनजी पाइपलाइन बिछाने का काम किया जा रहा है और इसके लिए छेरा गांव के पास किसी व्यक्ति की जमीन किराए पर ली गई थी, जिसमें सीएनजी पाईप लाइन का विशाल गोदाम बनाया गया था। यहां भारी संख्या में पाइप एवं अन्य प्लास्टिक का सामान सहित लगभग एक सैकड़ा के करीब सीएनजी के सिलेंडर भी रखे हुए थे। हालांकि यह भीषण आग सिलेंडरों तक नहीं पहुंच पाई है, लेकिन गोदाम में लगी आग ने करोड़ों रुपए का सामान जलाकर राख कर दिया है। घटना की सूचना मिलते ही जौरा एसडीओपी नितिन बघेल एवं थाना प्रभारी उदयभान सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और आग को नियंत्रण में करने के लिए तत्काल नगर निगम मुरैना एवं गेल इंडिया कंपनी से चार फायर ब्रिगेड बुलाई गई।

लगभग डेढ़ घंटे के प्रयास के बाद 1:15 बजे आग पर काबू पा लिया गया। एसडीओपी श्री बघेल ने बताया कि इस भीषण अग्निकांड में कोई जनहानि नहीं हुई है और आगजनी के कारणों का पता लगाया जा रहा है। बताया जाता है कि जिस समय गोदाम में आग लगी, उस समय वहां पर केवल गार्ड मौजूद था और दो-तीन कर्मचारी ही यहां रहते थे। एसडीओपी द्वारा असिस्टेंट मैनेजर को सामान की लिस्ट बनाने को बोला गया है और पता लगाया जा रहा है कि कितना नुकसान हुआ है।

# निरार थाने के कांस्टेबल का अपहरण, 40 लाख की मांगी फिरौती

## बुधवार की शाम करौली जिले में लोकेशन हुई ट्रेस, पुलिस तलाश में जुटी

सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिले के निरार थाने में पदस्थ कांस्टेबल घर से हिंडौन जाने की कहकर निकला और बुधवार की सुबह उसकी पत्नी पर 40 लाख की फिरौती देने के लिए फोन आया, जिसके बाद कांस्टेबल की पत्नी सबलगढ़ थाने पहुंची और थाना प्रभारी दर्शन लाल शुक्ला को अपहरण की सूचना दी। मामला चूकिः पुलिसकर्मी का है तो सबलगढ़ एवं हिंडौन की पुलिस कांस्टेबल की तलाश में जुटी हुई है और बुधवार की शाम उसकी लोकेशन करौली जिले के परिता गांव में टॉवर के नीचे ट्रेस हुई लेकिन अभी तक पुलिस के हाथ नहीं लगा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार निरार थाने में पदस्थ कांस्टेबल शिवशंकर सिंह रावत 2 दिन की छुट्टी पर चल रहा था और



मंगलवार की दोपहर हिंडौन राजस्थान की कहकर घर से निकला। कांस्टेबल की पत्नी ने बुधवार की सुबह सबलगढ़ थाना प्रभारी दर्शन लाल शुक्ला को बताया कि उसके पति का अपहरण कर लिया गया है और 40 लाख की डिमांड की गई है। थाना प्रभारी ने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया और मामले की छानबीन में जुट गए। श्री शुक्ल ने इस संबंध में हिंडौन पुलिस से संपर्क कर और जानकारी देकर कांस्टेबल का पता लगाने में मदद मांगी। थाना प्रभारी श्री शुक्ला पुलिस टीम के साथ राजस्थान पहुंच गए हैं और हिंडौन पुलिस के साथ गायब हुए कांस्टेबल की तलाश में जुटे हुए हैं। बुधवार की शाम 4:15 बजे उसकी लोकेशन करौली जिले के परिता गांव में टावर के नीचे ट्रेस की गई, लेकिन वह रनिंग में बताया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी इस सबंध मैं कुछ कहने की स्थिति में नहीं है तथा लगातार लोकेशन ट्रेस करने में लगे हुए हैं।

# बंदी उपेन्द्र सिंह पुत्र हीरा सिंह तोमर की मृत्यु के संबंध में साक्ष्य प्रस्तुत करें

**मुरैना।** सबजेल अम्बाह जिला मुरैना में दण्डित बंदी दर्ग का पुरा थाना पोरसा निवासी 35 वर्षीय उपेन्द्र सिंह पुत्र हीरा सिंह तोमर की 13 फरवरी, 2024 को मृत्यु हुई है। उसकी हुई मृत्यु के कारणों की जांच जे.एम.एफसी. मुरैना की जांच अधिकारी देशना जैन द्वारा की जा रही है। जे.एम.एफसी. मुरैना की जांच अधिकारी देशना जैन ने बताया कि इस मृत्यु, घटना के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था को कोई अभ्यावेदन, शपथ पत्र, साक्ष्य प्रस्तुत करना हो तो वह 15 जुलाई, 2024 को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर मुरैना में प्रातः 11 बजे उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। अवधि व्यतीत होने के बाद आपत्ति मान्य एवं स्वीकार योग्य नहीं होगी।

# चोरी के ई-रिक्शा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

सत्ता सुधार ■ मुरैना

जिले की बानमोर थाना पुलिस ने क्षेत्र से चोरी किए गए ई-रिक्शा को बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

उनि. यशपाल सिंह इंचार्ज थाना प्रभारी बामौर को मुखबिर सूचना मिली की बामौर थाने के अपराध क्रमांक 209/24 में चोरी गया ई-रिक्शा क्रमांक एमपी 06 जेडसी 1159 लोधी धर्मकांटा गिरवाई ग्वालियर में रखा हुआ देखा गया है।




उक्त सूचना पर कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी बामौर ने पुलिस टीम भेजकर कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया, जिस पर से पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ई-रिक्शा कीमत 60 हजार रुपए बरामद कर आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।



# विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल ने जलाया पाकिस्तान का पुतला

सत्ता सुधार ■ मुरैना

बुधवार की दोपहर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा मां वैष्णो देवी की यात्रा पर बस से जा रहे हिंदुओं पर किए गए आतंकी हमले में 10 लोगों की मौत पर आक्रोश जताया है और पाकिस्तान का पुतला जलाया है। इसके साथ ही राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन दिया गया। उल्लेखनीय है कि यह घटना 9 जून को घटित हुई। जब श्रद्धालुओं से भारी यात्री बस वैष्णो देवी जा रही थी, तभी आतंकवादियों ने हमला कर दिया, जिसमें 10 हिंदुओं की मौत हो गई। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल ने पाकिस्तान की इस कायराना हरकत पर आक्रोश जाहिर किया है।

# दिनदहाड़े फल वाले अधेड़ व्यक्ति का अपहरण, मारपीट कर रुपए लूटे

सत्ता सुधार ■ मुरैना



स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के अंतर्गत शिकारपुर रोड काली माता मंदिर के पास फल बेच रहे एक अधेड़ व्यक्ति को दो युवक जबरन बाइक पर बिठाकर ले गए और मारपीट कर चांदी का चूड़ा एवं 6000 रूपए लूट लिए। वृद्ध के चिल्लाने पर ग्रामीण दौड़े तो आरोपी उसे छोड़कर भाग निकले। पीड़ित वृद्ध ने थाने पहुंचकर पुलिस को घटनाक्रम बताया। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमर सिंह पुत्र रामचरण कुशवाह 50 निवासी शिकारपुर रोड काली माता मंदिर के पास इस रोड पर फल बेच रहा था। बुधवार की सुबह एक बाइक पर सवार होकर आकाश कुशवाह एवं एक अन्य लड़का आया और मारपीट कर वृद्ध को जबरन गाड़ी पर बैठा लिया तथा उसे करुआ गांव की ओर ले जाने लगे स रास्ते में वृद्ध द्वारा शोर मचाने पर ग्रामीण दौड़े तो आरोपी वृद्ध को छोड़कर फरार हो गए। पीड़ित फल विक्रेता ने बताया कि आरोपी उसकी जेब से चांदी का चूड़ा एवं 6000 रूपए नगदी लूट कर ले गए हैं। घटना का कारण पीड़ित के पुत्र से एक्सीडेंट का विवाद बताया जा रहा है और यह मामला न्यायालय में चल रहा है। पीड़ित अमर सिंह ने स्टेशन रोड थाना पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज कराई, जिस पर से पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# ग्राम पंचायत नौरावली सेमई में पेयजल के पर्याप्त जल स्त्रोतः कार्यपालन यंत्री

**मुरैना।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग उपखण्ड सबलगढके सहायक यंत्री ने प्रतिवेदन प्रस्तुत कर अवगत कराया है कि ग्राम नौरावली सेमई में वर्तमान में 02 हैण्डपंप एवं 01 सिंगलफेस मोटरपंप चालू है। उन जल स्त्रोतों से ग्रामवासी पेयजल प्राप्त कर रहे है। ग्राम की जनसंख्या के मान से पर्याप्त पेयजल संसाधन उपलब्ध है। यह जानकारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय के कार्यपालन यंत्री एस.एल. बाथम ने दी है। विकासखण्ड सबलगढ के ग्राम नौरावली सेमई में जल जीवन मिशन के तहत 234.28 लाख रूपये की योजना स्वीकृत है, जिसमें सम्पेवल का निर्माण कार्य किया गया है। पाईप लाईन बिछाई गई है। ग्राम में खनि नलकूप ही जल आवक क्षमता कम होने के कारण 01 नवीन स्त्रोत ग्राम सालई के नजदीक कराया गया है, जिसमें मोटरपंप स्थापित निजी विद्युत ट्रांसफॉर्मर से पेयजल सप्लाई चालू कर दी गई है। विभागीय विद्युत ट्रांसफॉर्मर स्थापना हेतु प्रक्रिया जारी है, जिसे शीघ्र पूर्ण कर लिया जायेगा। ग्राम नौरावली सेमई में जल संकट से त्रस्त 20 परिवारों ने गाँव ही छोडा, वस्तुस्थिति यह है कि ग्राम नौरावली सेमई के ग्रामवासी शासकीय हैण्डपंपों तथा सिंगलफेस मोटरपंपों से जल प्रदाय प्राप्त कर रहे हैं। जनसंख्या के मान से ग्राम में पर्याप्त पेयजल संसाधन उपलब्ध है।

# "जल गंगा संवर्धन अभियान" में 986 जल स्त्रोतों का होगा सुधार



सत्ता सुधार ■ मुरैना

मध्यप्रदेश शासन के निर्देशन में 5 से 16 जून, 2024 तक ''जल गंगा संवर्धन'' अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत कलेक्टर अंकित अस्थाना के मार्गदर्शन में मुरैना जिले में 986 जल स्त्रोतों का सुधार किया जा रहा है। जिसमें पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा पुराने तालाब, बावडी, कुंआ, पोखर, सोकपिट आदि के कार्य कराये जा रहे हैं, जिसमें से 386 कार्य जनसहयोग से पूर्ण कराये जा चुके हैं। इसी प्रकार नगरीय निकायों द्वारा इन्द्रा सरोवर जौरा खुर्द तालाब की साफ-सफाई करायी गई है। वहीं आसन नदी के आसपास स्थित कचरे की साफ-सफाई कराई गई है। उप संचालक कृषि द्वारा 18 खेत तालाबों का गहरीकरण एवं उन्नयन, जल संसाधन विभाग द्वारा 50 तालाबों का गहरीकरण एवं अतिक्रमण हटाना, नहरों की साफ-सफाई, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जिले में चल रही 166 नल-जल योजनाओं को रिचार्ज एवं हेण्डपम्प रिर्चाज के कार्य कराये गये है। 10 तालाव, 04 नदी घाट, 06 कुआ, 07 पोखर, 42 हैण्डपम्प की साफ-सफाई और 17 पानी की टंकी की सफाई कराई गई है। विभिन्न विभागों द्वारा जन सहयोग से 330 तालाब की साफ-सफाई, नदी साफसफाई, खेत तालाबों का गहरीकरण,नहरों की सफाई, हैण्डपम्प रिचार्ज, कुंआ, पोखर, पानी की टंकी की साफ-सफाई आदि कार्य कराये जा रहे हैं। वर्षाकाल के दौरान जिले में एक लाख 96 हजार 375 पौधे रोपित किये जायेंगे, जिनका स्थल चयन अभियान के दौरान सभी विभागों द्वारा कराया गया है। ''जल गंगा संवर्धन अभियान'' का व्यापक प्रचार-प्रसार के लिये जिले में 496 ग्रामों में साफ-सफाई के लिये जागरूकता अभियान चलाया गया है।

# हैजा फैलने से आधा सैकड़ा लोग बीमार, अस्पतालों में हुए भर्ती

सत्ता सुधार ■ मुरैना



जिले के कैलारस थाना अंतर्गत बरेठे का पुरा में हैजा फैलने से आधा सैकड़ा से अधिक लोग बीमार पड़ गए हैं, जिनमें एक दर्जन से अधिक स्थानीय अस्पताल में भर्ती हैं तो कुछ जिला अस्पताल में आकर उपचार ले रहे हैं, वहीं कुछ लोगों ने प्राइवेट इलाज कराया है। सूचना मिलते ही स्थानीय स्वास्थ्य विभाग की टीम मंगलवार को ही गांव पहुंची और लोगों का उपचार किया तथा एक दर्जन से अधिक लोगों को अस्पताल में भी भर्ती कराया गया। गांव की आशा कार्यकर्ता शकुंतला कुशवाह एवं ग्रामीण श्रीराम कुशवाह ने बताया कि मंगलवार की सुबह से ही गांव में बच्चे, बुजुर्ग, युवा, महिला, पुरूष सभी को उल्टी दस्त और पेट मरोड होने लगा और लगभग आधा सैकड़ा से अधिक लोग बीमार हो गए। गांव में हैजा फैलने की सूचना मिलते ही कैलारस बीएमओ एवं डॉक्टर की टीम वहां पहुंची और लोगों को चेकअप कर उपचार किया। गंभीर हालत के चलते लगभग 15 लोगों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ लोग अपने हिसाब से जिला अस्पताल उपचार के लिए पहुंच गए तो कई लोग प्राइवेट क्लीनिक में पहुंचकर अपना ईलाज करा रहे हैं।

# पुणे से लौट रहे मार्बल कारीगर की ट्रेन से कटकर संदिग्ध मौत



**मुरैना।** जीआरपी थाना अंतर्गत शिकारपुर रेलवे फाटक नहर के पास से रेल रात्रि को पुलिस ने 25 वर्षीय युवक की कटी हुई लाश रेलवे ट्रैक से बरामद की है, जिसकी पहचान भी हो गई है। पुलिस द्वारा पीएम कराकर लाश परिजनों को सौंप दी गई है तथा मामले की जांच की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मार्बल कारीगर बृजेश पुत्र होरीलाल जाटव उम्र 25 निवासी सबजीत का पुरा वार्ड 35 मंगलवार की रात्रि पुणे से ट्रेन द्वारा मुरैना आ रहा था, लेकिन घर नहीं पहुंचा। बताया जाता है कि मुरैना की सीमा में पहुंचने से पूर्व उसकी अपने परिजनों से बात हुई थी और कहा था कि मुरैना आ गया हूं,, जिसके बाद घर के कुछ लोग स्टेशन पर पहुंचे तथा रात्रि 12:00 बजे तक उसे तलाशते रहे, परंतु बृजेश नहीं मिला। बुधवार की सुबह शिकारपुर रेलवे फाटक नहर के पास बृजेश की कटी हुई लाश रेलवे ट्रैक पर मिली। जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और देखा कि उसके दोनों पर एवं गर्डन कटे हुए पड़े थे। घरवालों के द्वारा उसकी पहचान बृजेश के रूप में की गई। तत्पश्चात पीएम के बाद पुलिस ने लाश परिजनों को सौंप दी और मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# विद्यालय स्तर पर विकासखंड में होगा रसोइयों का प्रशिक्षण

सत्ता सुधार ■ मुरैना

जनपद शिक्षा केंद्र जौरा में विकासखंड के समस्त जन शिक्षक तथा बीआरसी कार्यालय से स्टाफके साथ एक मीटिंग का आयोजन किया गया। इस मीटिंग में विद्यालयों में प्रवेश से संबंधित समस्त जानकारियां दी गई तथा मध्यान भोजन कार्यक्रम अंतर्गत रसोइयों का प्रशिक्षण विद्यालय स्तर तथा जन शिक्षा केंद्र स्तर और विकासखण्ड स्तर पर किया जाएगा। इस प्रशिक्षण के माध्यम से रसोइयों को विद्यार्थियों में किस प्रकार पोषण स्तर को



बढ़ावा देना है, इस बारे में बताया जाएगा तथा उनको मध्यान्ह भोजन में आ रही सभी समस्याओं को किस प्रकार दूर किया जाना है इस बारे में जानकारी दी जाएगी। विद्यालयों में किस प्रकार भोजन तैयार करना है तथा गुणवत्ता के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

## ब्रीफ न्यूज

### 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर रहेगा प्रतिबंध

**हरदा।** मत्स्योद्योग नियम 1972 की धारा 3 के तहत प्रत्येक वर्ष 16 जून से 15 अगस्त की अवधि को बंद ऋतु घोषित किया जाता है। इसी क्रम में कलेक्टर आदित्य सिंह ने हरदा जिले में मत्स्याखेट पर 16 जून से आगामी 15 अगस्त तक के लिये प्रतिबंध लगा दिया है। जारी आदेश अनुसार छोटे तालाब या अन्य स्त्रोत जिनका कोई संबंध किसी नदी से नहीं है और जिन्हें निर्दिष्ट जल की परिभाष अंतर्गत नहीं लाया गया है, को छोड़कर सभी नदियों व जलाशयों में बंद ऋतु में मत्स्याखेट पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा। प्रतिबंध का उल्लंघन करते हुए मत्स्याखेट अथवा मत्स्य परिवहन अथवा मत्स्य के क्रय विक्रय करने पर एक वर्ष का कारावास या अधिकतम 5 हजार रुपये का जुर्माना अथवा दोनों से दंडित किया जा सकता है। इस अवधि में किसी प्रकार मत्स्याखेट अथवा मत्स्य परिवहन अथवा मत्स्य के क्रय विक्रय आदि कार्य न तो स्वयं करें और न ही इन कार्यों में सहयोग दें अन्यथा उल्लंघनकर्ता के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

### सफाई होने से कुंए का बढ़ा जल स्तर

**छतरपुर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले भर में प्राथमिकता से जल गंगा संवर्धन अभियान का क्रियान्वयन किया जा रहा है। अभियान को प्रभावी ढंग से करने के लिए कलेक्टर संदीप जी.आर. द्वारा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। जल गंगा संवर्धन आभियान में कुंए, तालाब, बावड़ियों आदि जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं स्वच्छता पर कार्य किया जा रहा है। यह अभियान 16 जून तक चलाया जाएगा। नगर परिषद चंदला के वार्ड नंबर 11 में कुएं की सफाई होने से जल स्तर काफी बढ़ गया। छतरपुर शहर के प्रताप सागर तालाब पर जन अभियान परिषद की टीम के द्वारा श्रमदान का कार्यक्रम किया गया। जिले भर के कुएं एवं बावड़ियों का हो स्वच्छता सहित हो रहा जीर्णोधार। बुधवार को नगर परिषद गढ़ीमलहरा में बगराजन माता मंदिर की प्राचीन बावड़ी को जीवित रखने स्वच्छता अभियान चलाया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान से जुड़ कर अपने आस पास के जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखें, साथ ही उनके संरक्षण के लिए कार्य करें। जल गंगा संवर्धन अभियान के जन अभियान परिषद गौरिहार ब्लॉक की नवांकुर संस्था आदर्श युवा मंडल द्वारा ग्राम पंचायत पलटा में स्थित तलैया की घाटों की साफ सफाई कर जल स्त्रोतों के संरक्षण का संदेश दिया गया । छतरपुर जिले के बक्सवाहा में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत वार्ड नंबर 1 महेंद्र सागर तालाब में घाटों की सफाई का कार्य लगातार चलाया जा रहा है। इस दौरान स्कूल के बच्चों द्वारा तालाब में कचरा ना फेंकने के लिए आम लोगों को प्रेरित किया गया। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जल स्त्रोतों को बचाने श्रमदान कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम देवपुर प्रथम में जल संरचना में मिट्टी कटाव न हो इसलिए पत्थर और मिट्टी डाली गई। इस कार्य में नवांकुर संस्था, प्रस्फुटन समिति के सदस्य एवं सीएमसीएलडीपी के छात्रों एवं ग्रामीणों ने सहयोग किया। बिजावर जनपद अंतर्गत ग्राम हटा में ग्रामीणों ने आगे आकर तालाब के गहरीकरण कार्य में श्रम दान कर जल स्त्रोतों के संरक्षण संदेश दिया।

# पट्टे की जमीन को बिना कलेक्टर अनुमति से कराई गई फर्जी रजिस्ट्री

## कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

सत्ता सुधार ■ सीहोर

**विद्युत बिलों में आई एक माह से अधिक रीडिंग का समायोजन की मांग**

ग्राम फूलमोगरा निवासी दलित भाई कैलाश पिता फकीरचंद मालवीय को दिग्विजयसिंह सरकार में खसरा क्रमांक 221/3, रकबा 1.265, महेश पिता नन्दकिशोर मालवीय, खसरा क्रमांक 221 /4(5), रकबा 1.265, जीवन पिता फकीरचंद मालवीय, खसरा क्रमांक 221/6, रकबा 1.265 को अहस्थांतरणीय भूमि के शासकीय पट्टे प्रदान किये गये थे। उक्त शासकीय पट्टे की भूमि को बिना कलेक्टर की अनुमति से नही बेचा जा सकता है। जिसको लेकर जनसुनवाई में आवेदन दिया गया जिसमें बताया गया कि हलीम मोलाना भोपाल, शकील पिता वकील, हाफिज अमीन मोलाना, दिवान बाग, श्रीमती फरीदा कुरेशी पिता हलीम उद्दीन द्वारा यह कहकर कि आप सभी भाई पेपर्स पर हस्ताक्षर कर दिजिये कलेक्टर साहब की जमीन विक्रय हेतु अनुमति कराना है। किन्तु अनावेदकगणों द्वारा दलित भाईयों को रजिस्टार के समक्ष पेश किये बिना ही फर्जी हस्ताक्षर एवं फर्जी फोटो लगाकर अहस्थांतरणीय शासकीय पट्टे की भूमि की रजिस्टरी करा ली गई, जो कि आधारहीन होते हुए शुन्य है। दलित भाईयों द्वारा स्टेट बैंक एवं नापलाखेड़ी सोसायटी से कर्ज लिया गया है, भूमि बंधक है। उक्त फर्जी रजिस्टरी के आधार पर पुलिस से सांठ गांठ कर दलितों द्वारा खेत पर चलाये गये बख्खर पर अनावेदकगणों द्वारा पुनः बख्खर चला दी गई, दलित भाईयों के द्वारा गाँव में कृषि भूमि पर विरोध करने पर अनावेदकगणों द्वारा जाति का अपमान कर जान से मारने की धमकी दी गई है। कई बार जिले के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, एसडीएम तथा तहसीलदार को आवेदन करने के बाद भी कोई कार्यवाही नही की गई, जिसे लेकर नरेन्द्र खंगराले प्रदेश महामंत्री अ.जा.ज.पि.वर्ग अल्पसंख्यक कल्याण परिषद द्वारा जनसुनवाई में ज्ञापन भेट कर कलेक्टर महोदय से रजिस्टरी निरस्त कर अनावेदकगणों के विरूद्ध ,एससीएसटी एक्ट एवं धारा 420 का प्रकरण पंजीबद्ध कर जेल भेजने की मांग की है। शीघ्र कार्यवाही ना होने की दशा में दलितों द्वारा एसडीएम कार्यालय सीहोर के मसक्ष भूख हड़ताल प्रारंभ की जावेगी।




## मध्य प्रदेश पेंशनर्स मसाज ने सौंपा ज्ञापन

**सीहोर।** मध्यप्रदेश पेशंनर्स समाज ने विधायक एवं कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जिसमें बताया गया कि विद्युत विभाग सीहोर नगर द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं को माह मई 2024 के मासिक बिजली खपत रीडिंग के बिल जानबूझ कर एक माह से अधिक की रीडिंग के बिल प्रदान किये गये हैं इस सोची समझी कृत से सीहोर क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं को शासन द्वारा प्रदत्त सुविधा से वंचित हो रहे हैं, जो चिंतनीय है। की गई है कि शासन द्वारा प्रदत्त सुविधाओं का लाभ प्रदान करने हेतु विद्युत विभाग अगले माह का बिजली खपत बिल 15 को देने हेतु विद्युत कम्पनी को सर्देशित करने से खपत कम आवेगी फलस्वरुप उपभोक्ताओं को शासन द्वारा प्रदत्त छूट लाभ प्राप्त होगा एवं विद्युत कम्पनी द्वारा की गई गलती का समायोजन होगा। इससे अल्प पेंशन भोगी वरिष्ठ नागरिक एवं क्षेत्र की जनता को आर्थिक लाभ प्राप्त होगा।

## बैरागढ़ विस्फोट दुर्घटना प्रभावित परिवारों की करें मदद

सत्ता सुधार ■ हरदा

गत फरवरी माह में बैरागढ़ की पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट से प्रभावित परिवारों की हर संभव मदद की जाए। अधिकारी इन परिवारों के लिये आईटीआई में बनाये गये राहत शिविर में सप्ताह में दो बार जाकर उनकी समस्याएं सुनें और समस्याओं का मौके पर ही निराकरण कराएं। यह निर्देश कलेक्टर आदित्य सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में उपस्थित अधिकारियों को दिये। बैठक में अपर कलेक्टर डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा के अलावा एसडीएम कुमार शानु देवड़िया, एसडीओपी श्रीमती अर्चना शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एच.पी.सिंह, महिला बाल विकास अधिकारी, रोजगार अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, श्रम अधिकारी भी मौजूद थे। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में लोक निर्माण विभाग के अनुविभागीय अधिकारी को निर्देश दिये कि विस्फोट स्थल के आसपास बेरिकेटिंग की बेहतर व्यवस्था करें ताकि कोई भी व्यक्ति अनावश्यक विस्फोट प्रभावित क्षेत्र में न जा सकें। उन्होने बैरागढ़ क्षेत्र में पुलिस की नियमित गश्त की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिये। उन्होने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आईटीआई में निवासरत परिवारों का स्वास्थ्य परीक्षण व टीकाकरण के लिये नियमित रूप से शिविर आयोजित करने के लिये कहा। कलेक्टर श्री सिंह ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को राहत शिविर में निवासरत गर्भवती महिला की प्रसव पूर्व जांच नियमित रूप से कराने तथा उसके प्रसव के लिये प्रायवेट या सरकारी अस्पताल में बेहतर इंतजाम कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री सिंह ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देश दिये कि शहरी आजीविका मिशन के माध्यम से पीड़ित परिवारों के स्वरोजगार के लिये प्रकरण बनायें और उन्हें आर्थिक मदद दिलाएं ताकि ये परिवार आत्मनिर्भर हो सकें।

## प्राणी प्रजातियों का पंजीयन कराना अनिवार्य

**छतरपुर।** वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 यथा संशोधित 2022 के अंतर्गत साइटिस प्रजातियों में जोड़कर उनके रजिस्ट्रेशन, जन्म-मृत्यु की जानकारी संधारण, स्वामित्व हस्तांतरण, व्यापार व अन्य संबंधित कार्यवाही हेतु भारत सरकार पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली के द्वारा 28 फरवरी को जीवित प्राणी प्रजातियां (रिर्पोटिंग और रजिस्ट्रीकरण) नियम 2024 के संबंध में अधिसूचना जारी की गई है, जिसमें उक्त कार्य हेतु प्रधान मुख्य वन संरक्षक (व.प्रा) एवं मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक म.प्र. को अधिकृत किया गया है। अगर किसी के पास साईटिस जीवित प्राणी प्रजातियां है तो उनको भारत सरकार के परिवेश 2.0 पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराकर ही उक्त जीवित प्राणी को आधिकारिक तौर से अपने पास रख सकते हैं। पंजीयन के लिए भारत सरकार द्वारा 06 माह (01 मार्च 2024 से 31 अगस्त 2024 तक) की सीमा निर्धारित है।

# बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने फूंका इस्लामिक आतंकवाद का पुतला

### रियासी में हुए आतंकी हमले के विरोध में राष्ट्रपति के नाम दिया ज्ञापन

सत्ता सुधार ■ खंडवा

बुधवार दोपहर 12ः00 बजे इंदिरा चौक पर एकत्रित होकर आक्रोशित बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने इस्लामीक आतंकवाद का पुतला दहन किया.। सैकड़ों की संख्या में आक्रोशित कार्यकर्ता आतंकवाद के विरुद्ध नारे लगाते हुए पुतला दहन के बाद कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे। विभाग संयोजक अनिमेष जोशी ने बताया कि जबसे कश्मीर में धारा 370 हटी है, तबसे पाकिस्तान बौखलाया हुआ है और इस प्रकार की आतंकवादी घटनाओं को प्रायोजित करता रहता है., परंतु जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा बजरंग दल का प्रत्येक कार्यकर्ता हर परिस्थितियों में देश के दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार है। जिला संयोजक आदित्य मेहता ने बताया कि जम्मू कश्मीर में वैष्णों देवी कटरा से शिव खोडी जाते समय 9 जून को हिन्दू श्रद्धालुओं की बस पर क्रूर पाकिस्तान पोषित इस्लामिक जेहादी आतंकवादियों का कायराना हमला किया जिसमें 10 निर्दोष हिन्दू तीर्थयात्री मारे गए, यह संपूर्ण देशवासियों को स्तब्ध करने वाली घटना है इस क्रूरतम दुष्कृत्य से पूरा देश आहत है और तीव्र आक्रोश में है। धारा 370 हटने के बाद एक आशा की ज्योति जगी है, लेकिन लगता है उग्रवादियों का मनोबल अभी कम नहीं हुआ है, हिंदुओं को चिन्हित करके उनकी हत्या की घटनाएं बढ़ी हैं इन सब के पीछे स्पष्ट रूप से पाकिस्तान का हाथ है। देश के नई सरकार के शपथ के समय इस प्रकार का दुस्साहसिक कृत्य करके इस्लामी आतंकवादियों ने देश के संप्रभुता को चुनौती दी है। ज्ञापन के माध्यम से मांग करते हुए बजरंगदल ने राष्ट्रपति से कहा कि, इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्ण रूप से नियंत्रण पाने के लिए निर्णायक और कठोर कदम उठाने का केंद्र सरकार को निर्देश दें । ज्ञापन का वाचन जिला सह संयोजक विनोद जायसवाल ने किया, मुख्य रूप से जिला मंत्री अजय चंद्रे, उपाध्यक्ष राजेन्द्र यादव, जिला गौ रक्षा प्रमुख रविंद्र शेंडगे, जिला सह मंत्री विनीत सोनी, गोटू वर्मा , ऋतुराज पाठक, अमित पालीवाल, जीतेंद्र वर्मा, पप्पू प्रजापति, नयन बाथम, राहुल यादव, दीपक सोनी, विजय गंगराड़े, वीरेंद्र राठौर, नयन बाथम व अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### तीर्थ यात्रियों पर आतंकवादी हमले के विरोध में जलाया आतंकवाद का पुतला

**दमोह ।** दमोह में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने वैष्णो देवी जा रही हिन्दू तीर्थ यात्रियों की बस पर आतंकवादी हमले के विरोध में बुधवार को घंटाघर पर आतंकवाद का पुतला दहन किया। विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार मोहित जैन को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपते हुए बताया की जम्मू कश्मीर में वैष्णों देवी जाते समय 9 जून को हिन्दू श्रद्धालुओं की बस पर आतंकवादियों ने हमला किया था। जिसमें 10 निर्दोष तीर्थयात्री मारे गए थे। इस क्रूरतम घटना से पूरा देश आहत है और तीव्र आक्रोश में है। विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने कहा कि जम्मू काश्मीर लंबे समय से आतंकवाद का दंश झेल रहा है। धारा 370 हटने के बाद एक आशा की उम्मीद जगी है, लेकिन लगता है उग्रवादियों का मनोबल अभी कम नहीं हुआ है।

## प्राचीन जगदीश मंदिर में भंडारे का आयोजन, एक क्विंटल की खीर बनाकर किया प्रसादी का वितरण



### रथ यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया

सत्ता सुधार ■ सीहोर

देर रात्रि को शहर के प्राचीन जगदीश मंदिर में सुंदरकांड का आयोजन किया गया था। हीरापुरा मानस मंडल ने इस मौके पर संगीतमय भजनों की प्रस्तुति दी। इसके बाद समाजजनों ने भंडारे का आयोजन किया था। इसमें सैकड़ों की संख्या में समाजजन शामिल थे। इस मौके पर समाजनों को संबोधित करते हुए समाज के पूर्व अध्यक्ष तुलसीराम पटेल ने सभी को बताया कि आगामी दिनों में भव्य रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसको लेकर तैयारियां की जा रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए पूर्व चल समारोह के अध्यक्ष विष्णु परमार रोलूखेड़ी ने बताया कि देर रात्रि को आयोजित भंडारे में एक क्विंटल की खीर बनाकर प्रसादी का वितरण किया गया था। वहीं हीरापुरा मानस मंडल समिति का समाज के पूर्व अध्यक्ष तुलसीराम पटेल, चल समारोह को नवनियुक्त अध्यक्ष हरीश परमार, जगदीश मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष अनार सिंह परमार, शिव परमार मुरली, महेन्द्र पटेल बिजोरा, सुरेश परमार, मांगीलाल परमार आदि ने स्वागत और सम्मान किया।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम जामली राजगढ़ में आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

**खण्डवा ।** जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान 5 जून से 16 जून तक संचालित होगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्यय नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रवाहित होने वाली नदियों, उनमें मिलने वाली सहायक नदियों एवं जल संरचनाओं का पुनर्जीवीकरण एवं संरक्षण करना है। इसी क्रम में खण्डवा जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री शैलेन्द्र सिंह सोलंकी ने बताया कि मंगलवार को जनपद पंचायत पंधाना की ग्राम पंचायत जामली राजगढ़ में आयोजित कलश यात्रा, भूमिपूजन, नाला गहरीकरण कार्य और सामूहिक श्रमदान कार्यक्रम में पंधाना विधायक श्रीमती छाया मोरे एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत जामन्या में चेकडेम निर्माण,ग्राम पंचायत रांजनी में तालाब निर्माण का कार्य कराया गया। इसके अलावा ग्राम पंचायत सेमरूढ़ एवं ग्राम पंचायत भगवानपुरा में नाली की साफ सफाई की तथा ग्राम पंचायत उदियापुर, ग्राम आड़ाखेड़ा एवं ग्राम गारबेड़ी में ग्रामसभा भी आयोजित की गई।

### विश्व जनसंख्या दिवस के तहत आयोजित हुआ जन जागरूकता कार्यक्रम

**खण्डवा ।** विश्व जनसंख्या दिवस 1 जून से 11 अगस्त 2024 के मध्य मनाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय खंडवा में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. लक्ष्मी डुडवे ने कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस के अंतर्गत पूरे माह तक अलग-अलग गतिविधियां की जाकर लोगों को परिवार कल्याण के स्थाई और अस्थाई साधनों के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हमारा उद्देश्य प्रजनन दर को कम करना एवं जन समुदाय में परिवार नियोजन के स्थाई एवं अस्थाई साधनों के संबंध में जानकारी देना तथा इसके लिए अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित करना है। इसके अलावा परिवार नियोजन के स्थाई साधन जैसे महिला नसबंदी, पीपीआईयूसीडी आदि साधनों के लिए भी प्रेरित किया गया।

## किसान संघ की खालवा तहसील इकाई का हुआ गठन



**खंडवा।** भारतीय किसान संघ मालवा प्रांत खालवा तहसील का गठन प्रांत उपाध्यक्ष रेवाराम भाईडिया, जिला अध्यक्ष राधेश्याम चाचरिया द्वारा सर्वसम्मति से किया गया जिसमें तहसील अध्यक्ष राकेश सिंह चौहान, तहसील मंत्री अशोक गौर, उपाध्यक्ष गुलाब चंद पटेल और शिवनारायण धुर्वे, युवा वाहनी गजानंद जायसवाल,, महिला संयोजिका नीता सरवर, प्रचार मंत्री दुर्गा रघुवंशी, संचालन सौरभ जैन ने किया , राकेश सिंह चौहान ने बताया की हम अत्याधुनिक कृषि उपज उप मंडी खालवा, खाद की सुगम उपलब्धता, उद्धवन सिंचाई योजना को जल्द से जल्द चालू करवाना का प्रयत्न करेंगे, युवाओं के जोश ,साथियों के सहयोग और बुजुर्गो की सलाह और आशीर्वाद से किसान हित में संगठन काम करेगा।

**अभियान** कल शाम से जिला पंचायत द्वारा उपलब्ध कराई गई बड़ी मशीनों के साथ जमा कचरा एवं मिट्टी को अलग किया जा रहा है

# जल स्तर बढ़ाने के लिए नाले में पानी का बहाव बना रहना चाहिए : महापौर

सत्ता सुधार ■ खंडवा

बुधवार को जल गंगा संवर्धन अभियान का आठवां दिन है, लोकप्रतिनिधि समूह एवं निगम अमला हर उस महत्वपूर्ण जल स्रोत पर काम कर रहा है जो खंडवा के भविष्य एवं वर्तमान के लिए आवश्यक है , इसी कड़ी में आज महापौर समेत समस्त अधिकारी कर्मचारीगण टैंपल टैंक पहुंचे । सिहाडा से आकर आबना नदी में मिलने वाले इस नाले में पहले पानी का बहाव सुचारू रूप से बना रहता था पर कचरा जमा होने से अवरोध पैदा हुए और पानी का जमाव होने लगा , कल शाम से जिला पंचायत द्वारा उपलब्ध कराई गई बड़ी मशीनों के साथ जमा कचरा एवं मिट्टी को अलग किया जा रहा है ताकि यह नाला पुनः जीवित हो के खंडवा का जल स्तर बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके।

नाले से गादी एवं आसपास का कचरा निकलने के लिए श्रमदान भी किया गया जिसमे महापौर अमृता अमर




यादव , अनिल विश्वकर्मा नगर निगम अध्यक्ष, सोमनाथ काले प्रभारी यातायात एवं प्रबंधन , नीतीश बजाज, राजेश यादव प्रभारी जल एवं सीवरेज, कन्हैया वर्मा, धर्मेंद्र पालीवाल, वेद प्रकाश मालाकार, राम सिंह रावत , सादिक भाटिया , नीलेश दुबे आयुक्त नगर पालिक निगम खंडवा, एच आर पांडे कार्यपालन यंत्री, राधे श्याम उपाध्याय, संजय शुक्ला, संतोष पांडे, सहायक विधि अधिकारी राकेश ललित, सहायक जनसंपर्क अधिकारी गौरव खरे ,इंद्र मंडलोई एवं मनोज वैष्णव उपस्थित रहे।

### निबंध प्रतियोगिता का आयोजन आज

आज सुबह 9 बजे से नगर निगम सभागृह में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमे नगर के सभी बच्चों को आमंत्रित किया गया है। विजेताओं को 16 जून को पुरुस्कृत भी किया जावेगा।

## 18 जून से स्कूल में तीन दिवसीय विभिन्न गतिविधियों को होगा आयोजन

**छतरपुर।** प्रदेश भर में स्कूल चले हम अभियान की शुरुआत मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आतिथ्य में राज्य स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के साथ ही 18 जून से हो जाएगी। 18 से 20 जून 2024 तक स्कूलों में विभिन्न शालेय गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। अभियान के माध्यम से हर एक बच्चे की स्कूलों में उपस्थित सुनिश्चित कराकर शिक्षा से जोड़ना है। कलेक्टर संदीप जी.आर. द्वारा शिक्षा विभाग को अभियान की प्रभावी रूप से तैयारियों के संबंध में निर्देशित किया गया है। सभी अभिभावकों से जिला प्रशासन छतरपुर द्वारा अपील की गई है कि चाक की लिखावट से रंगों की बनावट से सपने सजाएंगे हम की थीम पर स्कूलों में अपने बच्चों को भेज कर स्कूल चले हम अभियान को सफल बनाएं। 18 जून को शालाओं में होने वाले प्रवेशोत्सव कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधि, अधिकारियों एवं बच्चों और उनके अभिभावकों और स्कूलों के पूर्व छात्रों की सहभागिता रहेगी। ग्रामीण क्षेत्रों के शाला से बाहर रहे चिन्हित बच्चों का शाला में नामांकन एवं उनके अभिभावकों का शाला स्तर पर स्वागत किया जाएगा। इस दौरान समस्त पात्र शालाओं में विशेष भोजन का वितरण किया जाएगा। 19 जून को सभी शालाओं में अभिभावकों के साथ शालेय गतिविधियों पर चर्चा की जाएगी।

## ब्रीफ न्यूज

### पटवारी की लापरवाही,घर बैठ कर रहे गिरदावरी, किसान परेशान , दलाल सक्रिय



**रहली (सागर)।** नगर के पटवारी किसानों की बजाय व्यापारियों को लाभ पहुंचाने घर बैठे ही फर्जी तरीके से गिरदावरी कर रहे है जिससे किसान को लाभ न मिलकर व्यापारियों को लाभ मिल रहा है।यथार्थ में जिस किसान ने मूंग की फसल की बुबाई की थी उसके कुल रकवे पर मूंग हल्का पटवारी द्वारा पोर्टल पर न चढ़ा कर कुछ हिस्से पर ही मूंग चढ़ा दी जाती है लेकिन जिस जगह पर मूंग की बुआई ही नही हुई उस जगह पटवारी द्वारा व्यापारीयो और दलालों से मोटी रकम लेकर फर्जी तरीके से गिरदावरी की जा रही है इससे किसानों के साथ शासन का भी भारी नुकसान हो रहा हैं। लेकिन अधिकारियों का इस ओर ध्यान नही जा रहा है। शासन ने बहुत से योजना चालू की है की किसान स्वयं से ही मोबाइल एप्प से अपनी गिरदावरी चढ़ा सकता है लेकिन यथार्थतः में देखा जाए तो 75% किसानों के पास न तो एंड्राइड मोबाइल है और न ही वह इसे चलाना जानते है तो इसका सीधा लाभ पटवारी और दलालों को मिलता हैं।किसान अभिषेक ने बताया कि रहली तहसील के अधिकांशतः हल्का पटवारीयो द्वारा फर्जी तरीके से गिरदावरी की जा रही है जिस किसान ने वास्तविकता में मूंग की बोवनी की है उसे उसके कुल रकवे पर मूंग चढ़ी नही दिख रही है सागर कलेक्टर और एसडीएम द्वारा इसकी जांच कर दोषियों पर कार्यवाही की जाएं।

### हनौता बांध में डूब प्रभावित दलपतपुर मालगुजारी गांव के लोगो ने ज्ञापन सौपा, मुआवजा देने की मांग की

**खुरई (सागर)।** बीना नदी पर बन रहे हनौता डेम में डूब प्रभावितो में आज भी कई हितग्राहियो को मुआवजा नही मिला है, वह आए दिन तहसील के चक्कर लगाने पर मजबूर है। दावे आपत्ति के शिविरो में भी कोई सुनवाई नही हुई । जिसके बाद दलपतपुर मालगुजारी के एक दर्जन से अधिक महिला, पुरूष ज्ञापन देने एसडीएम ऑफिस पहुंचे। जहां काफी देर तक कोई अधिकारी नही पहुंच, फिर तहसीलदार यशर्वधनसिह पहुंचे और ग्रामीणों से ज्ञापन लिया। ज्ञापन के माध्यम से लोगो ने बताया कि दलपतपुर मालगुजारी गांव हनौता बांध मे डूब क्षेत्र में आया है। जिसमें खेती और आवादी जमीन का सर्वे कर मुआवजा राशि निर्धारित की गई थी। यहा के निवासियो को विस्थापन के लिए नोटिस भी दिए मिल चुके है,जिसमें ग्रामीणो ने आपत्ति दर्ज कराई थी। जांच दल भी आया था और मनमाने तरीके से जांच कर के गया था। जिसमें कुछ लोगो की मुआवजा राशि आ चुकी है। कुछ परिवारो को थ्रीडी सर्वे के बाद भी मुआवजा राशि नही मिली। ग्रामीणो ने तहसील पहुंचकर एसडीएम के नाम ज्ञापन सौपा और छूटे हुए परिवारो की फिर से जांच कराकर उन्हे मुआवजा दिए जाने की बात कही। ज्ञापन सौपने वालो में दशरथ, दयाचंद, राजबाई, रामसिह, जगदीश, पूरन, शोभाराम,कीरतसिह, मीराबाई सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सभी पार्षद व अधिकारी नागरिकों की मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करें विकास कार्यों में गुणवत्ता से समझौता नहीं हो : पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह

## बांदरी व मालथौन नगर परिषद की बैठकों को पूर्वमंत्री भूपेंद्र सिंह ने संबोधित किया

सत्ता सुधार ■ बांदरी (सागर)

सभी पार्षद अपने वार्डों में नागरिकों को पेयजल, सफाई, स्ट्रीट लाइट, राशन वितरण, स्कूली शिक्षा और आंगनबाड़ी से पोषण जैसी मूलभूत समस्याओं को सुनिश्चित करने के लिए कार्य करें। पार्षद अपने वार्डों में चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता की निगरानी करें और देखें की कोई भी ठेकेदार गुणवत्ता से समझौता नहीं कर पाए।यह निर्देश पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने बांदरी, बरोदिया कलां नगर परिषदों की बैठक में सभी पार्षदों व अधिकारियों को दिए हैं।



बांदरी नगर परिषद की बैठक में पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने पार्षदों से वार्डों में पेयजल आपूर्ति के विषय में जानकारी ली। बैठक में रखी गई जानकारी के अनुसार उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून आने के पहले तक किसी भी वार्ड में पेयजल आपूर्ति में किसी तरह की बाधा नहीं रहे। पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने बांदरी नगर परिषद के दो आदिवासी बहुल बस्तियों में में से एक में नया बोरवेल करके तथा दूसरी में टेंकर का प्वाईट बढ़ा कर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि बांदरी में 47 करोड़ लागत की वाटर सप्लाई स्कीम का कार्य जारी है और उल्दन बांध भी बन रहा है जिससे जलसंकट अगले वर्ष नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि नगर परिषद की आबादी कृषक बहुल अतः उनसे फसल आने तक टैक्स वसूली में शिथिलता रखी जाए। बैठक में पार्षदों की मांग पर पूर्व मंत्री श्री सिंह ने निर्देश दिए कि मीट मार्केट को वर्तमान जगह में मंदिर नजदीक होने से अन्यत्र शिफ्ट किए जाने हेतु विक्रेताओं से एसडीएम व तहसीलदार मिल कर सहमति बनाएं। नगर परिषद द्वारा निर्मित दुकानों के सामने दूकाने लगा रहे लोगों को अन्यत्र उचित स्थान पर व्यवस्थित करने के निर्देश भी उन्होंने दिए। सीएमओ से पार्क में कर्मचारी की तैनाती करने का कहा। सार्वजनिक विकास कार्य हेतु फॉरेस्ट विभाग की चिन्हित जमीन नगर परिषद बांदरी को स्थानांतरित कराने हेतु प्रस्ताव बनाकर भेजने को निर्देश दिए। पूर्व मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह ने सीएमओ को निर्देश दिए कि वर्षाकाल से पूर्व स्ट्रीट लाइट संबंधित सभी आवश्यक सामग्री क्रय कर ली जाए ताकि वर्षा काल में प्रकाश व्यवस्था बाधित नहीं हो और जहरीले जीव-जंतुओं से नागरिकों का बचाव हो सके।

बरोदिया कलां नगर परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व गृहमंत्री श्री सिंह ने कहा कि नमामि गंगे अभियान में अधिकारियों द्वारा संचालित किए जा रहे सभी कार्यों में जनप्रतिनिधियों व नागरिकों की भी भागीदारी सुनिश्चित करें। रजवांस में घरों पर से निकली 33 केवी लाइन से हुए हादसे की जानकारी मिलने पर श्री सिंह ने इस लाइन को विस्थापित करने के निर्देश दिए। रजवांस में जैन मंदिर तक के पहुंच मार्ग को बनाने तथा खुली पड़ी नालियों को ढकने के निर्देश भी सीएमओ को दिए। बैठकों के प्रारंभ में दोनों नगर परिषदों ने श्री नरेन्द्र मोदी जी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने और खुरई विधानसभा क्षेत्र से 60 हजार मतों की एतिहासिक विजय के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी को हर्ष ध्वनि से बधाई व शुभकामनाएं दी गई। बैठकों के अंत में पूर्व मंत्री श्री सिंह ने नगर के जनसाधारण की सभी समस्याओं को सुना और मौके पर ही निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। बांदरी नगर परिषद की बैठक में परिषद की अध्यक्ष श्रीमती सुधा विश्वनाथ लोधी, मंडल अध्यक्ष पप्पू मुकद्दम, सीएमओ प्रभुशंकर खरे, तहसीलदार महेंद्र सिंह चौहान, नायब तहसीलदार कमलेश सतनामी, सभी पार्षदों व एल्डरमैन ने हिस्सा लिया। बरोदिया कलां नगर परिषद की बैठक में परिषद अध्यक्ष श्रीमती मीना कुशवाहा, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र सिंह दरी, केशरी सिंह, दयाराम चौरसिया, मंडल अध्यक्ष रामकुमार बघेल, उपाध्यक्ष संगीता प्रदीप दुबे, प्रभारी सीएमओ,तहसीलदार मालथौन, सभी पार्षद, एल्डरमैन ने हिस्सा लिया।

### बच्चे-अभिभावक निडर होकर सच से अवगत कराएं

# प्राइवेट स्कूलों में लूट से बचाने प्रशासन की टीम जांच करने पहुंची निर्मल ज्योति कॉन्वेंट स्कूल

सत्ता सुधार ■ बीना (सागर)

मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर दीपक आर्य के आदेश पर सागर जिले के सभी निजी विद्यालयों का निरीक्षण प्रारंभ किया गया है। जिसमें एसडीएम की अध्यक्षता में दल का गठन कर सभी एसडीएम अपने दल के साथ अपने-अपने अनु विभाग के अंतर्गत आने वाले निजी विद्यालयों की जानकारी एकत्रित कर कलेक्टर दीपक आर्य के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। बीना एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह ने भी बीना अनु विभाग के अंतर्गत आने वाले निजी विद्यालयों में सर्वप्रथम बीना के निर्मल ज्योति कॉन्वेंट स्कूल का निरीक्षण किया एवं फ़ीस, मान्यता, शिक्षकों, यूनिफॉर्म व विद्यालय द्वारा दिए जाने वाली अन्य जानकारी प्राप्त की। सिटी मजिस्ट्रेट जूही गर्ग ने कहा है कि सागर के निजी विद्यालयों के संबंध में यदि कोई व्यक्ति/छात्र छात्राएं या अभिभावक किसी प्रकार की जानकारी देना चाहता है तो वह जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से दे सकता है। उन्होंने कहा कि आप सभी की जानकारी गोपनीय रखी जाएगी एवं उस संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



बीना में गजर घास जैसे अनेक स्कूल संस्थाएं खोलकर बैठे हुए हैं बच्चों को ना तो हवा मिल रही है और ना ही शारीरिक विकास के लिए खेल मैदान किंतु किस तरह से ऐसी संस्थाओं को मान्यता दे दी जाती है यह समझ से परे है इसी के चलते प्राइवेट स्कूल वालों को ना तो किसी का खौफ है ना किसी का भय जिसके कारण बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास नहीं हो पता और अभिभावक विचारे लूटते रहते हैं । मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर दीपक आर्य के आदेश पर सागर जिले के सभी निजी विद्यालयों का विभिन्न बिंदुओं पर निरीक्षण किया जा रहा है वहीं अब अभिभावक भी एक्शन मोड में नज़र आ रहे हैं। पहले अभिभावक, छात्र स्कूल के डर से सामने नहीं आते थे तो अब शासन द्वारा आश्वासन के बाद वो स्कूलों द्वारा की जा रही मनमानी और अनियमितताओं को उजागर कर रहे हैं। बीना अभिभावक संघ के पास रोज़ाना लगभग आधा दर्जन शिकायतें आ रहीं हैं जिसे वो शीघ्र

**खेल मैदान, योग शिक्षक एवं सुरक्षा उपकरण अभाव में चल रहे कई प्राइवेट स्कूल**

ड्रॉफ्ट कर ज़िला कलेक्टर व शिक्षा अधिकारियों तक भेजेगा। स्कूलों में खेल मैदान, सत्र भर योग शिक्षक , सुरक्षा उपकरण अन्य सुविधाओं के आभाव और स्कूलों द्वारा विभिन्न मद द्वारा फीस उगाही जाती है। जैसे एनुअल फंक्शन, एग्जाम फीस इत्यादि अनेक शिकायतें मिल रही हैं। जिसके चलते बीना प्राइवेट स्कूल अभिभावक संघ जल्द एक हेल्पलाइन नंबर जारी करने पर विचार कर रही है साथ ही बाल आयोग से निवेदन करेगा कि वो भी नियमित रूप से निजी स्कूलों की जांच करे। जांच करने पहुंची टीम ने स्कूल में अध्यापन कर रहे शिक्षकों स्टाफ की जानकारी ली गई ज्यादातर बीएड ,डीएड बताए गए फीस के संबंध में स्कूल प्रबंधन ने जानकारी दी बताया कि जिस अनुपात में स्कूल स्टाफ का वेतन बढ़ाया जाता उसी अनुपात में फीस भी बढ़ाई जाती है स्कूल में उपलब्ध खेल सुविधाएं मैदान लैबोरेट्री सुरक्षा उपाय स्टेशनरी सहित अन्य बिंदुओं की जानकारी टीम द्वारा ली गई जांच टीम में एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह, तहसीलदार सुनील शर्मा, सहायक संचालक रचना प्रजापति, बीआरसी महेंद्र जाट, शिक्षक संजय ताम्रकार, विवेक पाठक, प्रमोद अहिरवार, अरविंद कुशवाहा, पटवारी संदीप श्रीवास्तव सहित अन्य शामिल रहे जांच टीम के सहयोग के लिए एसडीएम द्वारा नई टीम बनाई है।

## अतिक्रमण : टीन शेड , दुकान का सामान, गाड़ियों की पार्किंग कर आधी सड़क पर कब्जा, नपा ने दुकानों को नोटिस दिया



**खुरई (सागर)।** सागर रोड पर अनाधिकृत रूप से टीन शेड व अन्य दुकान का सामान रखकर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को नगर पालिका ने 24 घंटे अतिक्रमण हटाने का नोटिस दे दिया है। विगत दिनों नगर पालिका की समीक्षा बैठक में भी रहवासियों सहित दो पार्षदों ने सागर रोड पर अतिक्रमण होने की शिकायत पूर्व मंत्री व विधायक भूपेंद्र सिंह से की थी। उन्होंने अधिकारियो को अतिक्रमण हटाने के निर्देश भी दिए थे। सागर रोड का चौड़ीकरण हो गया है, डिवाइडर भी बनाया गया। वहा लोगों ने अतिक्रमण कर सड़क के अधिकांश हिस्से पर अपना कब्ज़ा जमाया है। सड़क के दोनो ओर फोर व्हीलर काफी, ट्रैक्टर ट्रॉली, दुकानों का सामान, ठेला आदि रखे हुए है। जिससे आवागमन बाधित होता है, हर समय हादसे की आशंका बनी रहती हैं। दुकानदार आदी सड़क पर सामान जमाए हुए बैठे हैं, ग्राहकों के वाहन भी वही खड़े हों ते है। जिससे मुख्य मार्ग पर आने जाने वालों को काफ़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है। नगर पालिका ने सुरेंद्र पिता प्रभुदयाल विश्वकर्मा, दीपक पिता राधेश्याम गुप्ता, नरेंद्र पिता प्रभुदयाल विश्वकर्मा, राजाराम पिता बृजेश बंसल को नोटिस देकर 24 घंटे का समय दिया है।

# अल्प प्रवास पर खुरई पहुंचे राष्ट्रीय संत कौशिक महाराज, धूमधाम से किया स्वागत

### युवा नशे से दूर रहे नशा व्यक्ति की जिंदगी बर्वाद कर देता हैं : राष्ट्रीय संत कौशिक

सत्ता सुधार ■ खुरई (सागर)

नगर में अल्प प्रवास पर पहुंचे राष्ट्रीय संत कथावाचक आचार्यश्री कौशिक महाराज (वृंदावन) का नगरवासियों ने धूमधाम से स्वागत किया। सबसे पहले वह सागर नाका स्थित दुबे मोटर्स पहुंचे, जहा गांधी वार्ड के पार्षद मनोज दुबे , अमित दुबे सहित परिवार ने उनकी आरती उतारी और साल श्रीफल शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। उसके बाद श्री कौशिक पैदल चलकर मां महामंगला महाकाली और श्री सिद्धि सागर हनुमान मंदिर पहुंचकर आशिर्वाद लिया। कौशिक महाराज ने मिडिया के माध्यम से कहा कि हम लोग कर्म पर विश्वास करने वाले लोग हैं



ऐसा काम करिए जिसको करने में बहुत आनंद मिले। ऐसा कोई भी काम नहीं हैं जो युवा नहीं कर सकता,युवा नशे से दूर रहे नशा व्यक्ति की जिंदगी बर्वाद कर देता हैं। खुरई धार्मिक, सामाजिक, पारिवारिक नगरी हैं। यहाँ पर में दो कथाए कर चुका हूँ, खुरई के विकास को लेकर उन्होंने कहाँ पहले की अपेक्षा खुरई बहुत बदल गया। अब पचानने में नहीं आता की यह वहीं खुरई हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही खुरई में कथा का आयोजन होगा।

### पड़ोसी की बाईक लेकर निकले युवक को बायपास पर ट्रक ने मारी टक्कर, मौके पर दर्दनाक मौत

**खुरई (सागर)।** सिटी थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बायपास स्थित सतनाई चौराहे पर एक ट्रक ने बाईक सवार को जोड़दार टक्कर मार दी। जिसमें चालक के मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस और पुलिस घटना स्थल पर पहुंचे। मिली जानकारी अनुसार योगेश पिता मूलचंद अहिरवार उम्र 19 साल निवासी पॉलीटेक्निक कॉलेज के पास श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड अपने पड़ोसी की पल्सर बाईक क्रमांक एमपी 15 जेडडी 5311 लेकर घर से निकला था। तभी दोपहर करीब 2 बजे बायपास स्थित सतनाई चौराहे पर बीना की ओर से आ रहे एक ट्रक ने जोड़दार टक्कर मार दी। हादसे में युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, बाईक कुछ दूरी तक घिसटती चली गई। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। हादसे की जानकारी मिलते ही 108 एम्बुलेंस और पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गए। जिसके बाद युवक के परिजनो को सूचना दी। सिविल अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनो के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया।

# जब जब धरा पर दुराचार, पापाचार बढ़ता है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है

**बीना (सागर)।** ग्राम हिरनछिपा मे श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ समारोह का आयोजन किया जा रहा है।कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कृष्ण जन्म के प्रसंग शुरू होते ही पांडाल में मौजूद श्रद्धालु नंद के आनंद भयो जय कन्हैयालाल की भजनों के साथ झूम उठे।कथावाचक संगीतमय श्रीमद्भागवत बालविदुषि सुश्री साक्षी देवी ने कहा की जब जब धरा पर अत्याचार, दुराचार, पापाचार बढ़ता है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है। प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। मनुष्य इस सांसारिक मोह में फस कर अपने जीवन को व्यर्थ गंवा देता है। मनुष्य अपने मन के कुविचारों को निकाल कर परमेश्वर का ध्यान लगाता है तो वह मोक्ष की प्राप्ति करता है। कथा के दौरान फूलों की होली खेली गई और



भगवान श्री कृष्ण के जयकारों के साथ भगवान श्री कृष्ण का जन्म उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान कथा पंडाल को भव्य तरीके से सजाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा सुनने के लिए पहुंचे शाम को आरती कर प्रसादी वितरित की गई।

**अभियान** | बीना सिंचाई परियोजना में छूटे 50 से अधिक .....

# गांवों में शुरू हुए जन सम्पर्क अभियान बड़े आंदोलन की आहट

सत्ता सुधार ■ बीना (सागर)

बीना सिचांई परियोजना मे 50 से अधिक गांवो को सिंचाई परियोजना से बाहर करने के बाद गांवो को जोड़ने पिछले वर्षो किसान यूनियन और ग्रामीणों द्वारा आन्दोलन किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव के समय सभी गांवो ने नहर नही तो वोट नही का नारा दिया था जिससे प्रदेश सरकार सकते मे आ गई थी।सभा करने बीना आये मुख्यमंत्री मोहन यादव किसान यूनियन के सदस्यों से मिले और चुनाव के बाद सभी गांवो को नहर से जोड़ने का आश्वासन दिया था जिसे किसानो ने मान लिया था और चुनाव बहिष्कार को वापस ले लिया था।




अब चुनाव भी हो गये सरकार भी बन गई लेकिन नहर से सभी गांवो को जोड़ने के लिए कोई कदम नही उठाये गये। जिससे ग्रामीणों ने एक बड़े आंदोलन के लिए ग्रामो मे जन सम्पर्क अभियान शुरू कर दिया है। 11 जून को हड़कल जैन और रुसल्ला मे ग्रामीणों ने जन सम्पर्क किया।जन सम्पर्क को युवा बुजुर्गो का सहयोग मिल रहा है।

हड़कल जैन के ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव मे तो पीने के लिए पानी नही मिलता यदि कुछ साल और ऐसा ही रहा तो यह पूरा क्षेत्र सूखाग्रस्त हो जाएगा और हम सभी पलायन को मजबूर हो जायेगे। रुसल्ला के ग्रामीणों ने बताया हम यदि आज एकठ्ठे नही हुये तो हमारी नयी पीढ़ी यहाँ से पलायन को मजबूर हो जायेगी।

# विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन



**बीना (सागर)।** ब्लड स्टोरेज यूनिट, वी. के. बी. आर. हॉस्पिटल, बीना द्वारा 14 जून विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन दोपहर 12:00 बजे से शाम 7:30 बजे तक किया जाएगा, स्थान विवेकानंद केन्द्र बीना रिफायनरी हॉस्पिटल, बीना इस मौके पर राहुल उदेनिया ने बताया कि सभी गर्भवती महिलाओं, गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों तथा हीमोग्लोबिनोपैथी से प्रभावित मरीजों हेतु जरूरत तथा उपलब्धता के अनुसार निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि रक्तदान किसी भी 18 से 60 वर्ष के व्यक्ति द्वारा किया जा सकता हैं। यह एक कष्ट रहित साधारण प्रक्रिया है, जिसमें केवल 5 मिनिट का समय लगता है। रक्तदान करने में शरीर में रक्त बनने की प्रक्रिया में तेजी आती है।यदि आज में रक्तदान करता हूं तो अन्य लोग मुझे भी रक्तदान कर सकते हैं।

## ब्रीफ न्यूज

### रऊफ ने कनाडा के खिलाफ हासिल की अहम उपलब्धि

**न्यूयॉर्क।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ ने यहां कनाडा के खिलाफ टी20 विकेट में विकेट लेने के साथ ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम कर ली है। अब रऊफ सबसे तेजी से 100 टी20 विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बन गये हैं। रऊफ को 100 विकेट तक पहुंचने में 71 मैच लगे हैं। हारिस ने पहले मैच में अमेरिका के खिलाफ 37 रन देकर 1 विकेट जबकि भारतीय टीम के खिलाफ 21 रन देकर 3 विकेट लिए थे। अब कनाडा के खिलाफ उन्होंने तीसरे मैच में 26 रन देकर 2 विकेट लिए। सबसे तेजी से 100 टी20 विकेट लेने वाले अन्य तेज गेंदबाज हैं आयरलैंड के मार्क अडायर। अडायर ने अपने 100 टी20 विकेट 72 मैचों में जबकि ओमान के बिलाल खान ने भी इतने ही मैचों में हासिल किये थे। वहीं श्रीलंका के लसिल मलिंगा ने 76 मैचों में ये विकेट लिए थे। अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान केवल 53 मैचों में ही 100 विकेट पूरे कर लिए थे जबकि श्रीलंकाई स्पिन वानिंदु हसरंगा ने 63 मैचों में अपने विकेट का शतक लगाया था इस प्रकार सबसे तेजी से सौ विकेट हासिल करने वाले गेंदबाजों में रऊफ का स्थान तीसरा है।

### एमएमए में उतरेंगे संग्राम

**मुंबई।** महिला पहलवान पूजा तोमर के बाद अब भारत के पुरुष पहलवान संग्राम सिंह भी मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (एमएमए) में किस्मत आजमाएंगे। संग्राम सिंह एमएमए में उतरने वाले पहले भारतीय पुरुष पहलवान होंगे। वह राष्ट्रमंडल खेलों के विजेता रहे हैं। संग्राम ने कहा, 'कुश्ती ने मुझे बहुत कुछ दिया है जिसमें मेरे देश के लोगों का प्यार भी शामिल है और मुझे पूरा भरोसा है कि आगे भी मुझे उनका समर्थन मिलता रहेगा। उन्होंने कहा, 'एमएमए खेल का भविष्य है और पिछले कुछ वर्षों में इसकी बढ़ती लोकप्रियता से यह बात फिर साबित हुई है। भारत में इसको देखने वाले लोगों की संख्या तेजी से बढ़ रही है और मुझे उम्मीद है कि इस खेल के प्रशंसक मेरा समर्थन करेंगे। संग्राम के अनुसार उनका लक्ष्य एमएमए में बेहतर प्रदर्शन कर देश का मान बढ़ाना रहेगा।

### किसी भी हालात में गेंदबाजी के लिए तैयार हूं: आमिर

**न्यूयॉर्क।** कनाडा के खिलाफ टी20 विश्व कप मुकाबले में शानदार गेंदबाजी करने वाले पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने कहा है कि वह किसी भी प्रकार के हालातों में गेंदबाजी के लिए तैयार हैं। इस मैच में आमिर ने 4 ओवर में 13 रन देकर 2 विकेट लिए और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार भी मिला। आमिर के अलावा इस मैच में पाकिस्तान की ओर से सलामी बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने अर्धशतक लगाया। पाक को इस मैच में जीत के लिए 107 रनों का लक्ष्य मिला था जो उसने तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया। इससे पहले पाक गेंदबाजों ने कनाडा को 106 रनों पर ही समेट दिया था। संन्यास से वापसी करने वाले आमिर ने कहा कि एक गेंदबाज के तौर पर आपको किसी भी हालात के अनुरूप ढलना होता है। मैं बस सही क्षेत्रों पर प्रहार करने की कोशिश कर रहा था, परिस्थितियां मांग कर रही थीं।



रोम में पोलैंड की जस्टीयाना स्वीटी महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर रेस में फिनिश लाइन पार करती हुईं।

# रिजवान टी20 विश्व कप में सबसे धीमा अर्धशतक बनाने वाले बल्लेबाज बने

एजेंसी ■ न्यूयॉर्क

पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान के नाम कनाडा के खिलाफ टी20 विश्वकप मुकाबले में एक ऐसा अनचाहा रिकार्ड जुड़ गया है जिससे वह भूलना चाहेंगे। रिजवान ने इस मैच में सबसे धीमा अर्धशतक लगाया। रिजवान ने इस मैच में अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

रिजवान ने कनाडा के खिलाफ 53 गेंदों पर 2 चौकों और एक छक्के की मदद से 53 रन बनाए और इसके बाद अर्धशतक के लिए 52 गेंदें खेली । यह टी20 विश्वकप का अब तक का सबसे धीमा अर्धशतक है। इससे पहले टी20 विश्व कप में सबसे धीमे अर्धशतक




का रिकॉर्ड डेविड मिलर के नाम था। वार्नर ने भी इसी मैदान पर नीदरलैंड के खिलाफ 50 गेंदों में अर्धशतक लगाया था।

इसके अलावा डेवोन स्मिथ ने बांग्लादेश के खिलाफ साल 2007 में 49 गेंदों जबकि डेविड हसी ने इंग्लैंड के खिलाफ 49 में शतक लगाया था।

इस मैच में जीत से पाक के सुपर आठ में पहुंचने की संभावनाएं बनी हुई हैं। कनाडा के खिलाफ 107 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाक टीम ने 18वें ओवर में मुकाबला जीता। मैच में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने टॉस जीतकर कनाडा को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। एरोन जोनसन के 52 और कलीम साना के 13 रनों की सहायता से कनाडा ने 7 विकेट खोकर 106 रन बनाए। इसके बाद पाक ने रिजवान के अर्धशतक से मुकाबला जीत लिया।

# टी20 विश्व कप में अबतक हावी रहे हैं गेंदबाज, जीत भी तय कर रहे ...

## अभी तक केवल ऑस्ट्रेलियाई टीम ही यहां 200 के आंकड़े तक पहुंच पायी है

एजेंसी ■ न्यूयार्क

अमेरिका में पहली बार खेले जा रहे आईसीसी टी20 विश्वकप क्रिकेट टूर्नामेंट में अब तक गेंदबाज हावी रहे हैं। यहां तक कि टीम की जीत भी गेंदबाज ही तय कर रहे हैं। अभी तक केवल ऑस्ट्रलियाई टीम ही यहां 200 के आंकड़े तक पहुंच पायी है। वहीं अधिकतर टीम 150 रनों के अंदर ही सिमटी हैं। अभी तक खेले गये 21 लीग मुकाबलों में गेंदबाज इस तरह हावी रहे कि कोई भी बल्लेबाज शतक नहीं लगा पाया है। फिर चाहे सामने कमजोर टीम हो या बराबरी के स्तर वाली।










सबसे अधिक विकेट लेने के मामले में अफगानिस्तान के गेंदबाज फजलहक फारुकी दो मैचों में नौ विकेट लेकर सबसे आगे चल रहे है। वहीं दक्षिण अफ्रीका के एनरिक नॉर्खिया तीन मैचों में नौ रन प्रति ओवर की औसत के साथ आठ विकेट लेकर दूसरे स्थान पर है। वेस्टइंडीज के अकील हुसैन दो मैचों में सात की औसत से छह विकेट के साथ तीसरे, चौथे स्थान पर अफगानिस्तान के राशिद खान दो मैचों में आठ रन की औसत के साथ छह विकेट लिये है। ओमान के मेहरान खान तीन मैच आठ रन प्रति ओवर की औसत से छह विकेट पांचवें स्थान पर है।

वहीं भारत के जसप्रीत बुमराह दो मैच में 8.40 की औसत से छह विकेट लेकर छठें स्थान पर है। दक्षिण अफ्रीका के ओट्टनील बाटमैंन तीन मैच 14.40 के साथ पांच विकेट के साथ सातवें स्थान पर है। श्रीलंका के नुवान तुषारा और नीदरलैंड के लोगन वैन वीक दो मैच में 8.40 की औसत से पांच-पांच विकेट के साथ संयुक्त रुप से आठवें और नौवें स्थान पर है। युगांडा के ब्रायन मसाबा तीन मैच 14.40 की औसत के साथ पांच विकेट लेकर दसवें स्थान पर है।

टी-20 विश्वकप इतिहास में कुल सात गेंदबाज ने अब तक सबसे अधिक विकेट लेने की उपलब्धि हासिल है, जिसमें चार गेंदबाज एशिया से हैं। वर्ष 2007 और 2009 में पाकिस्तान के उमर गुल, साल 2021 और 2022 में श्रीलंका के वनिंदु हसरंगा दो ऐसे गेंदबाज हैं जिन्होंने इस प्रतियोगिता में दो बार सबसे अधिक विकेट हासिल करने की उपब्लब्धि हासिल थी।

### सहायक कोच अजहर ने बाबर और शाहीन में मतभेद से इंकार किया

पाकिस्तान के सहायक कोच अजहर महमूद ने कप्तान बाबर आजम और मुख्य तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी के बीच मतभेद की खबरों को गलत बताया है। अजहर के अनुसार ये दोनो ही टीम के प्रमुख स्तंभ हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि खिलाड़ियों का क्रिकेट के अलावा भी जीवन है और उनसे ये उम्मीद करना कि वे केवल खेल तक ही सीमित रहेंगे हाल ही में पूर्व कप्तान वसीम अकरम ने कहा था कि बाबर और शाहीन के बीच बातचीत नहीं हो रही है। जिससे पता चलता है कि उनके बीच सब कुछ ठीक नहीं है। पिछले कुछ समय से यह अनुमान लगाया जाता रहा है कि पाक टीम में दो गुट हैं।

# पिच कठिन होने के कारण कनाडा के खिलाफ हासिल नहीं कर पाये नेट रन रेट : बाबर



एजेंसी ■ न्यूयॉर्क

पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम ने आईसीसी टी20 विश्व कप में कनाडा के खिलाफ सात विकेट से मिली जीत पर राहत व्यक्त करते हुए कहा कि कठिन पिच के कारण उनकी टीम के लिए इस मुकाबले में लक्ष्य हासिल करना कठिन रहा। पाक ने आईसीसी टी20 विश्व कप ग्रुप ए मैच में कनाडा को सात विकेट से हराकर अपनी सुपर आठ की संभावनाएं बनाये रखीं हैं। इस मैच में पाक टीम को बेहतर नेट रन रेट से जीत की जरुरत थी। उसी को लेकर बाबर ने कहा कि नेट रन रेट की बात उनके दिमाग में थी पर कठिन पिच के कारण इसे हासिल नहीं कर पाये। बाबर ने कहा कि हमें इस जीत की सख्त जरूरत थी। हमने अच्छी गेंदबाजी की थी। पाकिस्तान को अपना नेट रन रेट सकारात्मक बनाने के लिए इस लक्ष्य को 19.1 ओवर में हासिल करना था। उसे 0.626 से ज्यादा नेट रन रेट वाले अमेरिका को पीछे छोड़ने के लिए कनाडा के खिलाफ 13.5 ओवर में ही जीत हासिल करनी थी पर पाक ने कनाडा पर ये 15 गेंद रहते जीत हासिल की जिससे अब उसका नेट रन रेट -0.150 से 0.191 हो गया है। इस प्रकार वह अब भी अमेरिका से पीछे है और अगले दौर में जगह बनाने के लिए उसे आयरलैंड के खिलाफ 16 जून को होने वाले मैच में जीत दर्ज करने के साथ ही उम्मीद करनी होगी कि अमेरिका अपने बचे हुए दोनों ही मैच हार जाए। बाबर ने कहा कि हमारे दिमाग में नेट रन रेट की बात थी पर पिच के कारण उसे हासिल करना कठिन रहा। पाक टीम पर कनाडा के खिलाफ जीत के बाद भी विश्व कप से बाहर होने का खतरा बना हुआ है।

# अल्कारेज ने एफिल टॉवर का टैटू बनवाया

## फ्रैंच ओपन खिताब जीतने से उत्साहित हैं कार्लोस अल्कारेज

एजेंसी ■ पेरिस

फ्रैंच ओपन खिताब जीतने से उत्साहित स्पेन के कार्लोस अल्कारेज का लक्ष्य अब एक जुलाई से विम्बलडन टेनिस टूर्नामेंट के लिए अभ्यास करना रहेगा हालांकि अभी वह ग्रैंड स्लैम खिताबों का जश्न मनाने में लगे हैं। इसी के तहत ही उन्होंने अपनी पहली फ्रेंच ओपन चैंपियनशिप जीतने की तारीख और एफिल टॉवर का टैटू बनाया है। रोला गैरा की जीत को याद रखने के लिए अल्कारेज ने ये टैटू बाएं टखने के पास बनवाया है। उनके टखने पर पहले से ही 2023 विंबलडन जीत की तारीख और एक स्ट्रॉबेरी की छवि बनी है। उनके बाएं हाथ पर उनकी पहली ग्रैंडस्लैम ट्रॉफी की तारीख है जो 2022 अमेरिकी ओपन में आई थी। अल्कारेज जिस गति से आगे बढ़ रहे हैं उससे ऐसा



लगा है कि आने वाले समय में उनके पास टूटू के लिए जगह कम पड़ जाएगी।

उन्होंने हालांकि कहा है वह अपने करियर के बाकी समय में हर ग्रैंडस्लैम जीत की तारीख अपने शरीर पर नहीं लिखेंगे। इसकी जगह वह सबसे अहम टूर्नामेंट में से प्रत्येक के पहले खिताब की तारीखों तक ही सीमित रहेंगे। इसका मतलब है कि वह अब केवल ऑस्ट्रेलिया ओपन की तारीख अंकित करवाएंगे। 21 साल के अल्कारेज क्ले, ग्रास और हार्ड कोर्ट पर ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाले सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी हैं। इसके अलावा वह 19 साल की उम्र में एटीपी रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी बने थे।उन्होंने कहा, ''मेरा खेल हर सतह के अनुकूल है क्योंकि मैं उसका अभ्यास करता रहता हूं।'' उन्होंने सबसे पहले क्ले कोर्ट पर खेल सीखा।

### पोंटिंग ने रोहित की कप्तानी को सराहा

**न्यूयॉर्क।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा की जमकर प्रशंसा की है। पोंटिंग ने कहा कि टी20 विश्व कप में जिस प्रकार से रोहित ने कप्तानी की है। उससे पता चलता है कि वह इसमें कितने कुशल हैं। रोहित ने इस मैच में छोटे स्कोर का बचाव करते हुए दबाव में आये बिना अपने गेंदबाजों पर भरोसा करते हुए उनका समर्थन किया। पोंटिंग ने एक वीडियो में कहा कि रोहित बहुत अनुभवी कप्तान हैं। मैंने उन्हें जब देखा तो कहा कि आपकी कप्तानी शानदार रही थी। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि वह इससे ज्यादा कुछ कर सकता था। आप उनकी टीम में मौजूद कई गेंदबाजों के बारे में सोचिए। उनके पास वास्तव में आईपीएल में भी ऐसे गेंदबाज हैं, सिर्फ भारत के लिए नहीं। पोंटिंग ने कहा कि इसलिए वह उन्हें समझते हैं और जानते हैं कि उन्हें कब इस्तेमाल करना है। साथ ही कहा कि कप्तान के लिए योजना बनाना एक बात है, गेंदबाजों के लिए उसे अमल में लाना अलग बात है।



हांगकांग में महिला वॉलीबाल नेशंस लीग में खेलते हुए चीन और बुल्गारिया की टीमें।

**फुटबॉल** भारतीय फुटबॉल टीम फीफा विश्व कप खेलने का सपना टूट गया ...

# कतर ने भारत को 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर में हराया



एजेंसी ■ दोहा

भारतीय फुटबॉल टीम को कतर के खिलाफ 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर में हार का सामना करना पड़ा है, इससे उसका विश्वकप खेलने का सपना भी टूट गया। भारतीय टीम को इस अंतिम ग्रुप ए मैच में कतर के हाथों 1-2 से हार का सामना करना पड़ा है। इस मैच में भारत की ओर से लालियानजुआला चांग्ते ने पहला गोल किया। इसके बाद यूसुफ अयमेन के एक विवादास्पद गोल और अहमद अल-रावी के एक गोल से कतर ने मुकाबला जीता लिया। इस विवादास्पद गोल को लेकर खिलाड़ी और प्रशंसक नाराज दिखे। कतर की जीत के साथ ही अफगानिस्तान को वाली कुवैत इस ग्रुप से अगले दौर में पहुंचने वाली दूसरी टीम बन गई है। इस गोल के दौरान गेंद गोल पोस्ट के बाहर दिख रही थी पर मैदानी रेफरी ने कतर के पक्ष में गोल दे दिया। वीआरएस न होने के कारण टीम इंडिया रिव्यू भी नहीं ले पाई। वीडियो देखने से पता चलता है कि भारतीय टीम के कप्तान और गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू ने फ्री किक को रोक लिया था। गेंद उनकी दोनों टांगों के बीच से निकलकर मैदान से बाहर हो गई थी लेकिन जैसे ही गोलकीपर नीचे आए, फुटबॉल उनके दाएं पैर से टकराने के बाद मैदान पर वापस आ गई। गेंद को सामने देखकर कतर के खिलाड़ी ने इसे गोल पोस्ट में डाल दिया। भारतीय गोलकीपर इस बात से निराश थे कि मैदानी रेफरी ने गेंद को बाहर जाने के बावजूद आऊट नहीं दिया।

# भारत की अंडर 18 पुरुष बास्केट बॉल टीम के कोच होगें कुलदीप

एजेंसी ■ नई दिल्ली

कुलदीप सिंह बरार को भारत की अंडर 18 पुरुष बास्केट बॉल टीम का मुख्य कोच बनाया गया है। अभी वह संभावित खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने में लगे हैं। उनके मार्गदर्शन में ये टीम श्रीलंका में होने जा रही दक्षिण एशियाई बास्केटबॉल चैंपियनशिप में भाग लेगी। श्रीलंका में आयोजित होने वाली दक्षिण एशिया कप अंडर 18 के लिए भारतीय पुरुष बास्केटबॉल की टीम अभी अभ्यास में लगी है। इसमें संभावित 24 खिलाड़ी अभ्यास कर रहे हैं। इनमें से मध्य प्रदेश के तीन खिलाड़ी भी शामिल हैं। इन सभी खिलाड़ियों को तीन सत्र में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जहां कोच बरार सभी खिलाड़ियों का ध्यान रख रहे हैं। श्रीलंका में अगले माह होने जा रहे दक्षिण एशिया कप में भारत सहित मेजबान श्रीलंका, पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, नेपाल और भूटान सहित अन्य दक्षिण एशिया देश भाग लेंगे। इसके लिए अभ्यास कर रहे 24 संभावितों में से बेहतर प्रदर्शन के आधार पर 12 सदस्यों को राष्ट्रीय टीम में शामिल किया जाएगा।

सत्ता सुधार

बसपा सुप्रीमो मायावती ने राजनीतिक दलों को नसीहत देते हुए कहा कि जम्मू में हुए आतंकी हमले की आड़ में राजनीति न करें। उन्होंने सख्त कार्रवाई करने के लिए सुरक्षाकर्मियों व सरकार की सराहना की है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमलों पर सरकार व सुरक्षा बलों द्वारा की जा रही कार्रवाई की सहराहना की है साथ ही विपक्ष को नसीहत दी है।



# अयोध्या की सुरक्षा में तैनात होंगे ब्लैक कैट कमांडो



एनएसजी यूनिट की होगी स्थापना

एजेंसी ■ अयोध्या

अयोध्या की सुरक्षा में एनएसजी कमांडो तैनात किए जाएंगे। इसके लिए यहीं पर यूनिट की स्थापना की जाएगी। भूमि खोजी जा रही है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के बाद जिले की सुरक्षा व्यवस्था को अब और चुस्त किया जा रहा है। केंद्र सरकार अब यहां एनएसजी कमांडो यूनिट बनाने की तैयारी में है जिसके लिए भूमि खोजी जा रही है। केंद्र सरकार की ओर से निर्णय पर मुहर लगने के बाद एनएसजी के ब्लैक कैट कमांडो यहां तैनात होंगे। जिले में अब तक केंद्रीय सुरक्षा की दो व राज्य सरकार की चार सुरक्षा एजेंसियां तैनात हैं। किसी भी वीवीआईपी दौरे पर एनएसजी कमांडो दिल्ली से बुलाए जाते हैं। राम मंदिर निर्माण के बाद जिले में अक्सर वीवीआईपी दौरा होता रहता है साथ ही हर समय श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहती है। समय-समय पर अयोध्या आतंकियों के निशाने पर भी रही है, जिसे देखते हुए अब यहां की सुरक्षा को और चुस्त किया जा रहा है। इसके लिए भविष्य में एनएसजी कमांडो की यूनिट यहां स्थापित करने की तैयारी है। सूत्रों के अनुसार एनएसजी की टीम ने जिला प्रशासन से संपर्क करके भूमि चिन्हित करके उपलब्ध कराने के लिए कहा है। जिस पर तेजी से काम हो रहा है। वहीं, पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार ने बताया कि अयोध्या में एनएसजी यूनिट खुलने की सूचना तो है, लेकिन पूरी जानकारी उन्हें नहीं है।

# खुशखबरी: पूर्वांचल के सात जिलों के 27 लाख घरों में लगाए जाएंगे स्मार्ट मीटर

## मोबाइल की तरह करना होगा रिचार्ज

एजेंसी ■ वाराणसी

पूर्वांचल में वाराणसी समेत सात जिलों में 27.3 लाख घरों में निशुल्क स्मार्ट मीटर लगाने की योजना है। स्मार्ट मीटर लगने से उपभोक्ताओं को काफी फायदा होगा। स्मार्ट मीटर लगाने के लिए घर- घर जाकर सर्वे किया गया है। स्मार्ट मीटरिंग प्रोजेक्ट के वाराणसी क्लस्टर के सात जिलों के 27.3 लाख घरों में निशुल्क स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। यह जानकारी



कमिश्नरी में मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा की अध्यक्षता में स्मार्ट मीटरिंग प्रोजेक्ट की समीक्षा में सर्विस प्रोवाइडर ने दी। सर्विस प्रोवाइडर मेसर्स जीएमआर काशी स्मार्ट मीटर्स लिमिटेड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी देवतोष चतुर्वेदी ने बताया कि इसके लिए 5,15,122 उपभोक्ताओं का सर्वे पूरा हो गया है। स्मार्ट मीटर लगाने के लिए इस क्लस्टर में वाराणसी जिले के अलावा गाजीपुर, चंदौली, जौनपुर, आजमगढ़, बलिया एवं मऊ में कुल 27.3 लाख लोगों को फायदा होगा। इस प्रोजेक्ट के तहत 29366 वितरण ट्रांसफार्मर, 1477 फीडरों पर स्मार्ट मीटर का सर्वे हो गया है।

## ब्रीफ न्यूज

### मां ने चार वर्ष के बेटे को फावड़े से काटकर जिंदा जलाया

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर में मंगलवार को दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। यहां एक मां ने अपने इकलौते पुत्र को फावड़े से काटकर जिंदा जला डाला। पुलिस ने आरोपी मां को हिरासत में ले लिया है। उत्तर प्रदेश के बिजनौर में एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र की गांव जलालपुर हसना में एक कलयुगी क मां ने अपने इकलौते चार वर्षीय पुत्र को फावड़े से काटकर जिंदा जला दिया। जंगल से घर पहुंचे पिता ने जिंदा जल रहे पुत्र को आग से निकाला और इलाज के लिए डॉक्टर के पास ले गया। जहां डॉक्टरों ने मासूम को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी मां को हिरासत में ले लिया। उससे पूछताछ की जा रही है। थाना क्षेत्र के गांव जलालपुर हसना में बुधवार की सुबह एक कलयुगी मां आदेश पत्नी कपिल कुमार ने अपने चार वर्ष के मासूम इकलौते पुत्र हर्ष उर्फ कल्लू को फावड़े से काटकर जिंदा ही आग के हवाले कर दिया। खेत से लौट कर आए मासूम के पिता कपिल ने ये खौफनाक दृश्य देखा तो उसका कलेजा मुंह को आ गया। उसने अपने पुत्र को आग से निकाला और उसे डॉक्टर के पास ले गया लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। डॉक्टर ने मासूम को मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। मौके पर पहुंची पुलिस तथा क्षेत्राधिकार चांदपुर भारत सोनकर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस ने आरोपी मां को हिरासत में ले लिया है। वहीं पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

### ई-रिक्शा चार्ज करते समय लगी आग दो मासूम जिंदा जले

**गोरखपुर।** शहर में गोरखनाथ इलाके के रामपुर नया गांव में मंगलवार रात करीब नौ बजे ई-रिक्शा चार्ज करते समय शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग में झुलसकर दो मासूम जिंदा जल गए। सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। सभी एक ही परिवार के सदस्य हैं। गोरखनाथ क्षेत्र के रामपुर नया गांव निवासी रामजी जायसवाल के घर ई-रिक्शा को चार्ज करते समय शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। बगल में खड़ी मोपेड आग की चपेट में आ गई, जिससे उसकी टंकी में धमाका हो गया। सभी घायलों को एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां आठ साल की अंशिका जायसवाल और तीन साल की अनवी की मौत हो गई। आग की चपेट में आकर रितु, शिपू, साक्षी, मीना, रूपम, शिब्बू और रामजी जायसवाल झुलस गए हैं।

## सीएम योगी आदित्यनाथ का प्रदेश के कर्मचारियों को तोहफा

# अब रिटायर होने के बाद भी मिलेगा वेतनवृद्धि का लाभ, प्रस्ताव मंजूर

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

योगी सरकार ने प्रदेश के कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है। अब रिटायर होने के बाद भी उन्हें वेतनवृद्धि का लाभ मिल सकेगा। कैबिनेट में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। चुनाव के बाद राज्य सरकार ने अपने कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है। अब रिटायर होने के अगले दिन होने वाली वेतनवृद्धि नियत होने पर ऐसे कर्मियों के पेंशन की गणना एक नोशनल वेतन वृद्धि को जोड़कर की जाएगी। कैबिनेट बैठक में वित्त मंत्रालय के इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। कैबिनेट बैठक के बाद वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि छठवें वेतन आयोग की संस्तुतियों द्वारा कर्मचारियों की सालाना वेतनवृद्धि हर साल एक जुलाई को की गई। सातवें वेतन आयोग की संस्तुतियों द्वारा सालाना वेतन वृद्धि एक जनवरी 2016 से लागू की गई।





इसके बाद कर्मचारियों को वेतनवृद्धि की तारीख एक जुलाई और एक जनवरी को चुनने का विकल्प दिया गया है। मद्रास उच्च न्यायालय, कर्नाटक उच्च न्यायालय और इलाहाबाद उच्च न्यायालय में इस संबंध में दायर विभिन्न याचिकाओं में 30 जून को रिटायर कर्मचारियों को आगामी वेतनवृद्धि दिए जाने के आदेश दिए जा चुके हैं। ऐसे ही मामलों में सुप्रीम कोर्ट द्वारा कई बार एसएलपी खारिज की जा चुकी है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में आदेश भी दिया था, जिसके तहत न्यायिक अधिकारियों को रिटायरमेंट के बाद पहली जनवरी या पहली जुलाई को होने वाले वेतनवृद्धि का लाभ देने का आदेश दिया गया था। 30 जून और 31 दिसंबर को रिटायर होने वाले राज्य सरकार के कर्मचारियों की वेतनवृद्धि अगर एक जुलाई और 31 दिसंबर को होती थी, तो उसका लाभ पेंशन और ग्रेच्युटी के रूप में उन्हें नहीं मिल पाता था। इसके बाद इसे राज्य कर्मचारियों पर भी लागू करने का फैसला लिया गया। अब सेवानिवृत्ति के ठीक अगले दिन एक जुलाई और एक जनवरी को वेतनवृद्धि नियत होने पर ऐसे कार्मिकों की पेंशन गणना एक वेतनवृद्धि जोड़कर की जाएगी।

### नोशनल वेतनवृद्धि

यदि किसी जूनियर का वेतन निर्धारण सीनियर से ज्यादा हो गया हो तो उसे समायोजित करने की प्रक्रिया नोशनल वेतनवृद्धि है। लेकिन, कई बार जूनियर प्रमोशन पाकर अपने सीनियर से आगे निकल जाता है। ऐसी स्थिति में सीनियर की पदोन्नति की जाती है, जिसे नोशनल प्रमोशन कहते हैं। नोशनल प्रमोशन के बाद बैकडेट से मिलने वाली वेतनवृद्धि को नोशनल वेतनवृद्धि कहा जाता है। ये पदोन्नति और वेतनवृद्धि काल्पनिक न हो कर वास्तविक हैं। यानी कर्मचारियों की वेतनवृद्धि केवल कागज पर ही नहीं होगी बल्कि उन्हें रिटायरमेंट के ठीक बाद होने वाली वेतनवृद्धि का वास्तविक वित्तीय लाभ मिलेगा।

# पांच दिवसीय दौरे पर आज गोरखपुर आएंगे संघ प्रमुख मोहन भागवत

## विकास वर्ग में 300 लोग होंगे शामिल



एजेंसी ■ गोरखपुर

सरस्वती विद्या मंदिर, चिउंटहा में ही मोहन भागवत 16 जून तक प्रवास करेंगे और कार्यकर्ता विकास कार्यक्रम के अलावा, गोरखपुर के किसी अन्य कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लेंगे। 17 जून की सुबह को वह गोरखपुर से रवाना हो जाएंगे। गुरुवार को उनका विकास वर्ग में स्वयंसेवकों के बीच संबोधन होगा। आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत आज गोरखपुर पहुंच जाएंगे। पांच दिनों के गोरखपुर प्रवास पर वो गोरखपुर आ रहे हैं। सीएम योगी भी इनके साथ ही गोरखपुर आ सकते हैं। माना जा रहा कि सरस्वती विद्या मंदिर, चिउंटहां में आयोजित एक कार्यक्रम के समापन के साथ स्वयंसेवकों संग सीधा संवाद करेंगे। प्रशिक्षण शिविर में भी भाग लेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जिला प्रशासन की तरफ से 4 जून को भी मोहन भागवत का गोरखपुर आने का कार्यक्रम तय था। लेकिन, वो नहीं सके। लेकिन, अब कार्यकर्ता विकास वर्ग कार्यक्रम में भाग लेने आ रहे हैं।पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र में कानपुर, गोरक्ष, अवध व काशी प्रांत शामिल है। इस विकास वर्ग में करीब 300 लोग प्रतिभाग कर रहे हैं। ऐसे में इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने चारों प्रांत से प्रभिागी आ रहे हैं। संघ के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस दौरान ये सभी प्रतिभागी स्कूल में ही प्रवास करेंगे। बाहरी संपर्क से पूरी तरह खुद को किनारे रखेंगे। इनके भोजन, नाश्ते का भी पूरा इंतजाम विद्यालय परिसर में ही किया गया है। संघ के सूत्रों ने बताया कि पांच दिनों के प्रवास के दौरान बाहरी या स्कूली विद्यार्थियों का भी स्कूल प्रवेश वर्जित रहेगा। प्रवास के दौरान संघ प्रमुख, संघ के पदाधिकारियों को संगठन की आगामी कार्ययोजना के बारे में जानकारी देने के साथ उसके संचालन की रणनीति के गुण भी बताएंगे। संघ के विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि पांच दिनों के प्रवास पर बाहर किसी कार्यक्रम में वो भाग नहीं लेंगे। सरस्वती विद्या मंदिर, चिउंटहा में ही वह 16 जून तक प्रवास करेंगे और कार्यकर्ता विकास कार्यक्रम के अलावा, गोरखपुर के किसी अन्य कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लेंगे।

# सपा विधायक मनोज पांडे के नाम पर चिपकाई काली पट्टी, सपा के मुख्य सचेतक थे

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा में सपा के मुख्य सचेतक रहे मनोज पांडेय के नाम पर काली पट्टी चिपका दी गई है। वह लोकसभा चुनाव से पहले सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा में शामिल होने वाले सपा विधायक मनोज पांडेय के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई है। विधानसभा में उनके नाम के ऊपर काली पट्टी चिपका दी गई है। वह सपा के मुख्य सचेतक थे। मनोज पांडेय ने राज्यसभा चुनाव के दौरान सपा से बगावत कर दी थी और भाजपा उम्मीदवार का समर्थन किया था। इसके बाद से ही उनका भाजपा मे जाना तय हो गया था। बीते दिनों उन्होंने गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में रायबरेली में भाजपा में शामिल हो गए थे। अब उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई है।

# सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने करहल विधानसभा सीट से दिया इस्तीफा

## अयोध्या के सांसद ने भी विधानसभा सीट छोड़ी

सत्ता सुधार ■ लखनऊ



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने करहल विधानसभा सीट से इस्तीफा दे दिया है। वह अब केंद्र की राजनीति करेंगे। वह कन्नौज से सांसद चुने गए हैं। अभी तक वह करहल से विधायक और यूपी विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के पद पर थे। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव अब केंद्र की राजनीति करेंगे। उन्होंने करहल विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। वह कन्नौज लोकसभा सीट से सांसद चुने गए हैं। इसके बाद उन्हें एक सीट से इस्तीफा देना था तो उन्होंने करहल सीट छोड़ दी। विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे के अनुसार यह इस्तीफा प्राप्त हो गया है। शीघ्र ही स्वीकार करने की प्रक्रिया पूरी कर दी जाएगी। इससे पहले सपा के विधायक लालजी वर्मा भी इस्तीफा दे चुके हैं। लालजी वर्मा भी लोकसभा सदस्य चुने गए हैं। इसके अलावा, फैजाबाद लोकसभा सीट से सांसद चुने गए अवधेश प्रसाद ने भी विधानसभा से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि विधायक पद से आज इस्तीफ़ा दे दिया हैं। मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता को मेरा प्रणाम, आपने मुझे लम्बे समय तक सेवा करने का अवसर प्रदान किया, इसके लिए मैं आप सभी का आभारी हूं।

# सरकार ने ही हरवाई देवरिया, महाराजगंज व अमरोहा की सीटें

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा-कांग्रेस उत्तरप्रदेश में तीन और सीटों पर जीत रही थी

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस यूपी में तीन और सीटों पर जीत रही थी लेकिन सरकारी दखल से हरवा दिया गया। हालांकि, वह प्रदेश में इंडिया गठबंधन के प्रदर्शन से काफी खुश नजर आए। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि पूरे देश में यूपी के चुनाव परिणाम की चर्चा हो रही है।

इंडिया गठबंधन ने जबरदस्त परिणाम दिया है। यूपी ने मोदी जी के अबकी बार 400 पार के नारे की हवा निकाल दी है। 80 में 80 सीटें जीतने के दावे की हवा निकाल दी है। काशी में 10 लाख वोटों से जीतने के दावों की हवा निकाल दी है। दावा किया कि देवरिया, महाराजगंज और अमरोहा की सीट सरकार की मदद से हरवाई गई है। इन सीटों पर कांग्रेस जीत रही थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रदेश भर में आभार यात्राएं निकालेगी और प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों तक जाएंगे। इसकी शुरुआत मंगलवार को रायबरेली से राहुल गांधी ने शुरू कर दी है। ये यात्रा 15 दिनों तक चलेगी। उन्होंने नीट की परीक्षा में हुई धांधली पर कहा कि देश भर में छात्र परेशान हैं। पहले यूपी में ही पेपर लीक होते थे। प्रदेश में अब तक 19 बार पेपर लीक हो चुका है। प्रदेश अध्यक्ष ने महंगाई को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दाल के दाम बढ़ गए हैं। आटा है नहीं, बाहर से मंगाएंगे। कांग्रेस महंगाई के मुद्दे को उठाएगी। सरकार उद्योगपतियों को नहीं आम जनता को लाभ दे। उन्होंने कहा कि जम्मू में आतंकी हमला हुआ है और उप राज्यपाल वाराणसी और गाजीपुर में प्रचार कर रहे थे। हम इसकी निंदा करते हैं। मृतकों में यूपी के कई लोग थे। सरकार ऐसी व्यवस्था करे कि इस तरह के हमलों की पुनरावृत्ति न हो। भाजपा ने दावा किया था कि आतंकवाद खत्म हो गया है पर ऐसा कुछ नहीं हो पाया है।



**बदलाव** पहले शहरी क्षेत्रों में 56,460 रुपए और ग्रामीण क्षेत्रों में 46,080 रुपए सालाना मिलती थी राशि

# एक लाख आय पर मिलेगा शादी अनुदान योजना का लाभ

### गरीब परिवारों को पुत्रियों की शादी के लिए सरकारी सहायता मिलेगी

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

शादी अनुदान योजना के तहत अभी तक शहरों में 56460 और ग्रामीण क्षेत्रों में 46080 हजार रुपए आय सीमा है। वहीं, पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री ने लापरवाही बरतने वालों से जवाब-तलब के निर्देश दिए हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने पिछड़ा वर्ग कल्याण की शादी अनुदान योजना के तहत आवेदकों की आय सीमा में बड़ा बदलाव किया है। अब शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आवेदकों की वार्षिक आय सीमा एक लाख रुपये तक बढ़ा दी गई है। पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने बताया कि इस बदलाव से पिछड़े वर्ग के अधिक परिवारों को अपनी पुत्रियों की शादी के लिए सरकारी सहायता प्राप्त करने में मदद मिलेगी। पहले शहरी क्षेत्रों में आवेदकों की आय सीमा 56,460 रुपये और ग्रामीण क्षेत्रों में 46,080 रुपये सालाना थी। अब इसे एक समान एक लाख रुपये कर दिया गया है। योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने में लापरवाही बरतने वालों को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की वित्त वर्ष 2024-25 के लिए छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के तहत प्राप्त आवेदनों और भुगतान की जिलेवार स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने जगतगुरू रामभद्राचार्य राज्य दिव्यांग विश्वविद्यालय, चित्रकूट के संकायों में दिव्यांग और सामान्य छात्रों के प्रवेश और संकाय संचालन के लिए रिक्तियों और नियुक्तियों की स्थिति की जानकारी ली। कहा कि छात्रों की संख्या में वृद्धि की जाए।



### पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग में 154 रिक्त पद भरने के निर्देश

नरेंद्र कश्यप ने विभागीय समीक्षा में निर्देश दिए कि विभाग के रिक्त 154 पदों को भरे जाने की आवश्यक कार्यवाही तत्काल की जाए। जिन रिक्तियों की तैनाती अन्य विभागों के माध्यम से होनी है, वहां पर पत्राचार कर तैनाती सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता नहीं बरती जानी चाहिए।

# ईएमआई पर रिश्वत: 50 हजार की घूस लेते विजिलेंस टीम ने दरोगा को दबोचा

### दरोगा ने पांच लाख रुपए रिश्वत मांगी थी

एजेंसी ■ बरेली

बरेली के किला थाना में दर्ज एक मुकदमे में दो लोगों का नाम निकालने के लिए प्रेमनगर थाने के दरोगा रामौतार ने पांच लाख रुपए रिश्वत मांगी थी। पहली किस्त के तौर पर 50 हजार रुपए लेते हुए दरोगा को कैंट थाना क्षेत्र के नकटिया में विजिलेंस ने गिरफ्तार कर लिया। बरेली में रिश्वतखोरी का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। एक दरोगा ने मुकदमे से नाम निकालने के एवज में दो लोगों से पांच लाख रुपए की रिश्वत



मांगी। जब उक्त लोगों ने इतनी बड़ी रकम देने में असमर्थता जताई तो दरोगा की ऐसी दरियादिली दिखाई कि ईएमआई की तरह किस्तों में रिश्वत तय कर ली। उक्त लोगों ने इसकी शिकायत विजिलेंस में कर दी। विजिलेंस की टीम ने रिश्वत की पहली किस्त लेते दरोगा को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक किला थाने में दर्ज एक मुकदमे में आरोपी महिला और व्यक्ति निकालने को लेकर प्रेमनगर थाने के दरोगा रामौतार ने पांच लाख रुपये रिश्वत मांगी थी। इस पर व्यक्ति ने इतनी बड़ी रकम एक साथ देने में असमर्थता जताई। उसने दरोगा से किस्तों में रकम लेने का अनुरोध किया। दरोगा ने दरियादिली दिखाते हुए उससे किस्तों में पांच लाख रुपये की रिश्वत तय कर ली। उस व्यक्ति ने एसपी विजिलेंस से लिखित शिकायत की। जांच में आरोप की पुष्टि होने पर विजिलेंस की टीम ने रिश्वत की पहली किस्त के तौर पर 50 हजार रुपये लेते दरोगा को कैंट थाना क्षेत्र के नकटिया में गिरफ्तार कर लिया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक गोपाल श्रीवास्तव के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, बाराघाटा इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 12ए झांसी रोड़ ग्वालियर से मुद्रित एवं गहोई बाटिका सीता सागर ताल के सामने मां पीताम्बरा रोड, दतिया से प्रकाशित। संपादक - गोपाल श्रीवास्तव। मोबाईल न. 9893126900, 7869966100, फोन- 0751-4922849, भोपाल ऑफिस-0755-4002626, 4939910, आरएनआई नं. एमपीएचआईएन/2005/16546 विधिक सलाहकार श्री राजेंद्र जैन, एडवोकेट, शिकायत एवं सुझाव हेतु संपर्क करें-6261052058, ई मेल- sattasudhar@gmail.com * समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।